ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

वैशाख कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 04 मई 2024, वर्ष-25, अंक-91, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित





संसेक्स 73,878.15 ▼-732.96
डॉलर 83.422 ▲+0.027

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 67,850
चांदी (1 किलो) 87,000


**आज के मैच**

GUJARAT TITANS VS ROYAL CHALLENGERS BANGALORE

समय : 04 मई, 7:30 बजे से
स्थान : अहमदाबाद

### पीएम के मेगा रोड शो ने नई राजनीतिक ऊर्जा से लोगों को किया लबरेज

# मोदीमय रांची, लोग झलक पाने को बेताब



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोकसभा चुनाव के बीच शुक्रवार देर शाम राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धमाकेदार एंट्री हुई। बिना थके लगातार काम करने के लिए प्रसिद्ध प्रधानमंत्री मोदी ने रांची में भी इसका प्रदर्शन किया। बंगाल में चुनावी सभा करने के बाद चाईबासा में जनसभा को संबोधित किया फिर बिना विश्राम किए निकल पड़े राजधानी में मेगा रोड शो करने। हरमू के भारत माता चौक से ढाई किलोमीटर के रोड शो के दौरान लोग मोदी की एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में नारा लगाते, झंडा, कट आउट लिए खड़े दिखे। जैसे ही मोदी का काफिला दिखता लोग बेकाबू हो जाते गगनभेदी 'मोदी-मोदी' के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## तुष्टीकरण के कारण झारखंड का मूल चरित्र बदलना चाहती है कांग्रेस-झामुमो

**संथाल में घुसपैठ के कारण आदिवासियों की जनसंख्या घट रही जनजातीयों की जमीन पर हो रहा कब्जा**

**वोट बैंक के लिए घुसपैठियों की संख्या बढ़ा आदिवासियों का हक भी उन्हें देने को तैयार हैं झामुमो व कांग्रेस**



**चाईबासा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर चाईबासा पहुंचे। उन्होंने चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए झामुमो, कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर मुस्लिम तुष्टीकरण के कारण झारखंड के मूल चरित्र को बदलने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों के कारण आदिवासियों का हक छीना जा रहा है। झामुमो-कांग्रेस के लोग झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। ये घुसपैठिए आदिवासी भाई-बहनों की ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस-जेएमएम में लूट की रेस चल रही

मोदी ने कहा कि झारखंड में बालू समेत प्राकृतिक संसाधनों को लूटा जा रहा है। छुटभैये नेता भी इसे लूटने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद झामुमो और कांग्रेस हमारी देश के सेना की जमीन पर भी आंखें गड़ा कर रखीं हैं। वे लगातार झारखंड में घोटाला कर रहे हैं। कांग्रेस और जेएमएम में लूट की रेस चल रही है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपये नकदी बरामद हुए। बैंकों से नोट गिनने वाली मशीन लगानी पड़ी।

### एक नजर

**राज्य में पांचवें चरण के नामांकन के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को राज्य में कुल 41 नॉमिनेशन हुए जबकि गांडेय उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को प्रेस को संबोधित हुए बताया कि झारखंड में पांचवें चरण के नॉमिनेशन के अंतिम दिन 26 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। रवि कुमार ने बताया कि अब तक पांचवें चरण में कुल 172 नामांकन फॉर्म जमा हुए, जिसमें 68 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें चतरा से 31, हजारीबाग से 19 और कोडरमा से 18 प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पांचवें चरण के स्क्रूटनी की तिथि चार मई है और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। छह मई के बाद ही पांचवें चरण में कितने प्रत्याशी हैं, वो साफ हो पाएगा। छठे चरण के लिए शुक्रवार को झारखंड से 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किए। गिरिडीह से तीन, धनबाद से चार, रांची से चार और जमशेदपुर से चार प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किए।

### आजकल




## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली से किया नामांकन



**एजेंसी। रायबरेली**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली से अपना नामांकन किया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, अशोक गहलोत और राबर्ट वाड्रा समेत तमाम नेता मौजूद रहे। राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर नामांकन करने के लिए जिले के पार्टी कार्यालय से गए। उनके साथ कई और दिग्गज नेता मौजूद थे। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर जबरदस्त भीड़ उमड़ी। राहुल गांधी को कार्यालय से अपनी गाड़ी तक आने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे रायबरेली से राहुल गांधी के नामांकन दाखिल करने से पहले कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे। राहुल गांधी समेत अन्य ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### राहुल गांधी सात मई को झारखंड में

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सात मई को झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। राहुल गुमला जिला के बसिया में जनसभा करेंगे। सात चरणों में होने वाले आम चुनाव के पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, पलामू और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग होगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि पहले राहुल गांधी का कार्यक्रम छह मई को तय हुआ था लेकिन इसे एक दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। इस जनसभा में लोहरदगा और खूंटी क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। पार्टी इसकी तैयारी में जुट गई है।

## कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में डेफर्ड लाइव सर्जरी का आयोजन

### अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक अधिवेशन का हुआ उद्घाटन

**एजुकेशनल व साइंटिफिक गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से झारखंड लगातार दूसरी बार सम्मानित**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड ओफ्थेल्मोलोजीकल सोसाइटी के तत्वधान में नेत्र रोग विशेषज्ञों के 21 वें वार्षिक सम्मेलन के पहले दिन शुक्रवार को डेफर्ड लाईव सर्जरी सत्र का आयोजन कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में किया गया। इसे सभागार में मौजूद सभी नेत्र चिकित्सकों ने देखा और सर्जनों से सवाल-जवाब भी किया। डॉ. बिभूति कश्यप और डॉ. निधि गड़कर कश्यप इस डेफर्ड लाइव सर्जरी के संयोजक थे।

इस सत्र के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. समर बसाक थे। इस अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के 82वें वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सम्मारोह में एजुकेशनल एवं साइंटिफिक गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से लगातार दूसरी बार झारखंड को सम्मानित किया गया है। इस अवार्ड को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**क्या-क्या प्रदर्शित किया गया**

- पके हुए सफेद मोतियाबिंद में कैप्सूल के फटने का खतरा सर्जरी के दौरान बहुत ज्यादा होता है, कैप्सूल को सुरक्षात्मक तरीके से काटने की स्विंग नीडल माइक्रो कैप्सुलोटॉमी पद्धति का प्रदर्शन किया गया।
- बहुत ज्यादा कड़े हो चुके मोतियाबिंद की नवीनतम कटिंग तकनीक टर्मिनेटर चौपर एवं मोहन राजन चौपर के द्वारा सुरक्षित तरीके से मोतियाबिंद को तोड़ने की तकनीक का प्रदर्शन किया गया।
- नेत्र सर्जनो के द्वारा नए ट्राई फोकल इंट्राओक्युलर लेंस विविनेक्स जेमेट्रिक प्लस एवं नय मोनो फोकल प्लस इंट्राओक्युलर लेंस, विविनेक्स इम्प्रेस के प्रत्यारोपण का भी प्रदर्शन किया गया। अपेक्षाकृत सस्ते ट्राइ फोकल इंट्राओक्युलर लेंस ट्राइफोबिक के प्रत्यारोपण को भी प्रदर्शित किया गया।

### हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से झटका

## ईडी की कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका पर हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। 66 दिन बाद कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। इस याचिका पर बहस के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा था। उन्होंने कहा कि यह शेड्यूल ऑफेंस का केस नहीं है। हेमंत सोरेन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता। जिस साढ़े आठ एकड़ की विवादित जमीन को लेकर हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उसके किसी भी दस्तावेज में उनका नाम है ही नहीं। कुछ लोगों ने कह दिया कि ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### हेमंत को छह मई को चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल होने की मिली अनुमति

झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जमीन घोटाले से जुड़े मामले में होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके चाचा के श्राद्ध कर्म में छह मई को पुलिस कस्टडी में शामिल होने की अनुमति दे दी। साथ ही हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने उनकी प्रोविजनल बेल की याचिका को खारिज कर दिया। पुलिस कस्टडी के दौरान कोर्ट ने मीडिया और गवाह से बात नहीं करने या कोई राजनीतिक बयान नहीं देने की बात भी कही है। हेमंत सोरेन के चाचा राजा राम सोरेन का शनिवार की सुबह निधन हो गया था। हेमंत ने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट से छह मई के लिए प्रोविजनल बेल मांगी थी। गत शनिवार को ईडी की विशेष ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### इंडिया

## बढ़ती आबादी से व्यवसाय बनता पेयजल कहीं संकट न बन जाए


सुनील बादल

***कभी*** एक समय था जब नदी नालों का बहता पानी कोई भी पी सकता था पर जैसे जैसे जनसंख्या बढ़ती गई उसकी गंदगी और प्रदूषण से पेयजल एक समस्या बन गई और पानी एक बड़ा व्यापार। भारत में सदियों से प्रायः सभी धार्मिक अनुष्ठानों से लेकर प्राचीन साहित्य में मीठे जल या जलाशय की चर्चा अवश्य होती है। दुनिया में ऐसी नदियां, झीलें हैं जिनका पानी मीठा होता है। भारत के हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ नदियां-झीलें अभी भी बची हैं जिनका जल सीधे पिया जा सकता है अन्यथा शुद्ध पेयजल आज के दिन अरबों का व्यवसाय बन चुका है। घरों में आनेवाले नल के पानी को पीने वाले लोग अब गिनती के बचे हैं। घर घर आरओ और क्या क्या लोग लगवा रहे हैं या जार का पानी पी रहे हैं। पीने के पानी का डर ऐसा बैठ गया है कि लोग प्यासे रह जाएं पर पानी न पीएं। हमने अपने जल स्त्रोतों को स्वयं ही बर्बाद किया है। ऐसे ही दुनिया में एक ऐसी झील चर्चा में है जिसका पानी सबसे मीठा माना जाता है। इस झील का नाम 'बैकाल झील' है। दुनिया में सबसे मीठे पानी वाली ये बैकाल झील रूस में मौजूद है। बैकाल झील पूरी दुनिया में सिर्फ मीठे पानी वाली झील ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे पुरानी और गहरी झील की पहचान से भी जानी जाती है। बैकाल लेक रुस के दक्षिणी साइबेरिया में स्थित है, जिसमें दुनिया का लगभग 20% मीठा पानी है। पानी की कमी की बात करते ही एक बात हमेशा सामने आती है कि दुनिया में कहीं भी पानी की कमी नहीं है। दुनिया के दो तिहाई हिस्से में तो पानी ही पानी भरा है तो भला कमी कैसे होगी। यहां ये जानना जरूरी है कि मानवीय जीवन जिस पानी से चलता है उसकी मात्रा पूरी दुनिया में पांच से दस फीसदी से ज्यादा नहीं है। नदियां सूख रही हैं। ग्लेशियर सिकुड़ रहे हैं। झीलें और तालाब लुप्त हो चुके हैं। कुएं, कुंड और बावडियों का रखरखाव नहीं होता। भूगर्भीय जल का स्तर तेजी से कम होता जा रहा है। हालत सचमुच चिंताजनक है-आखिर किस ओर बढ़ रहे हैं हम। पूरी दुनिया को आंकने वाले नासा के सेटेलाइट के आंकड़ें बताते हैं कि अब भी चेतो और पानी को बचा लो। झरने, दलदल, झीलें और गहरे पानी के जलभृत सभी ताजे पानी के स्त्रोत हैं जिनकी हमें जीवित रहने के लिए आवश्यकता है। ताजे पानी पर हम भरोसा करते हैं, वह जानवरों और पौधों की एक अद्भुत श्रृंखला के लिए भी आवश्यक है। कछुए, मछली, ड्रैगनफलीज, मेंढक, क्रेफि श, ऑर्किड, ऊदबिलाव और अनगिनत अन्य - खाद्य जल के ऊपर से नीचे तक। भूजल निकाला जाता है और उसका उपयोग अनियमित रूप से किया जाता है तो आर्द्रभूमि नष्ट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




## एक नजर

### रिम्स में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला पकड़ा गया

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में आए दिन चोरी की घटना होते रहती है। शुक्रवार को रिम्स परिसर में चोरी की कई घटनाओं में संलिप्त एक चोर को पकड़ लिया गया है। उसके पास से चार फोन मिले हैं। रिम्स उपाधीक्षक कर्नल (डॉ) शैलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में सुरक्षा बलों द्वारा चोर को पकड़ कर परिसर स्थित पुलिस पिकेट के हवाले कर दिया गया है। चोर जोड़ा तलाब निवासी नाहिद अंसारी है, जिस पर बरियातू थाने में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बता दें कि रिम्स परिसर से सबसे अधिक वाहनों की चोरी के साथ हेलमेट, मोबाइल फोन, पर्स आदि की चोरी का मामला अधिक होता रहा है।

### मांडर प्रखंड अंजुमन इस्लामिया की बैठक आज मुड़मा बगीचा में

**मांडर।** प्रखंड अंजुमन इस्लामिया की एक अहम बैठक सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी की अध्यक्षता मे मदरसा इस्लामिया महमूदिया मुड़मा के बागीचा में शनिवार को रखी गई है। यह बैठक सामाजिक मुद्दों को लेकर रखी गई है। इस बैठक में मांडर प्रखंड के सभी अंजुमनों के सदर, सेक्रेटरी, खजाँची एवं 10 प्रबुद्ध लोग शामिल होंगे। यह जानकारी सदर नुरूल्लाह हबीब नदवी के द्वारा दी गई है.

### पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व स्वच्छ संपन्न कराने के निमित प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा शुक्रवार को 60-खूंटी एवं 59-तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों के लिए बिरसा कॉलेज, खूंटी औरं लोयला इंटर कॉलेज परिसर में अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीठासीन पदाधिकारियों को डिस्पैच सेंटर से लेकर कलेक्शन सेंटर तक निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। शुक्रेवार से सुविधा केंद्रों पर पोस्टल वोटिंग का शुभारंभ हुआ। पोस्टल वोटिंग के लिए आवेदन करने वाले पीठासीन पदाधिकारियों ने संबंधित प्रशिक्षण केंद्र में स्थापित सुविधा केंद्र पर पोस्टल बैलेट द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### भाकपा के राष्ट्रीय सचिव अतुल अनजान के निधन पर पार्टी ने झुकाया झंडा

**रांची।** भाकपा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अनजान के निधन पर तीन दिनों के लिए पार्टी का झंडा झुका दिया गया है। राज्य सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा कि अनजान भाकपा के बौद्धिक संपदा थे। वह प्रखर वक्ता और कई भाषाओं के जानकर हर दिल अजीज थे। राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि वह निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करने वाले नेता थे। संघर्ष की राह उन्हें विरासत में मिली थी। उनके पिता डॉक्टर एपी सिंह विख्यात स्वतंत्रता सेनानी थे। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कई आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कई वर्षो तक जेल में रहे।

## पिठोरिया के ओयना गांव में जमीन पर बाउंड्री कराने आए व्यक्ति को भू-माफिया ने पीटा

**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया**
पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओयना गांव में भू-माफिया ने शुक्रवार को जमशेदपुर निवासी रामप्रवेश चौधरी को रॉड, केबल तार और पिस्टल के बट से बेरहमी से पीटा। उनके चेहरे, आंख और पीठ पर चोट लगी है। पीड़ित रामप्रवेश चौधरी ने जमीन कारोबारी मुकेश शर्मा, रविशंकर विद्यार्थी और जतरू उरांव सहित सात-आठ अज्ञात लोगों पर पिठोरिया थाने में एफआरआई दर्ज कराई है। इस संबंध में पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि इस मामले पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने बताया है कि साल 2008 में निबंधन कार्यालय रांची से अपनी सास लाली देवी के नाम से जमीन मालिक मो नसीम (पिता : मरहूम अब्दुल हमीद) से छह डिसमिल जमीन खरीदी थी। इसका खाता नं- 37 प्लॉट नं- 552, रकबा छह डिसमील मौजा ओयना थाना नं-46 है। बुक नं. 1 वॉल्यूम नं 447 पेज नं. 341 से 362 डीड नं. 13774/12149 वर्ष 2008 है।
खरीदारी के बाद जमीन पर शांतिपूर्वक दखल और काबिज रहते हुऐ कांके अंचल कार्यालय कांके से दाखिल-खारिज करा लिया है तथा मेरी सास लाली देवी के नाम से रसीद निर्गत करा लिया। हर साल मालगुजारी लगान देता आ रहा हूं। अपनी जमीन के कुछ बाकी हिस्सों पर बाउंड्री कराने के लिए ईंट-बालू गिराने के लिए आया था। उसी समय जमीन कारोबारी रविशंकर विद्यार्थी, जतरू उरांव, और मुकेश शर्मा एवं सात-आठ अज्ञात व्यक्ति आए और घेरकर मारपीट शुरू कर दी। हमलोग घबरा कर भागने लगे तो इन लोगों ने अपनी गाड़ी को आगे की तरफ लगा दिया और गाड़ी से उतार कर मुझे तथा मेरे दो दोस्तों को पिस्टल दिखा कर रोक कर केबल के तार, पिस्टल के बट और रॉड से बेरहमी से पीटा। हमलोग को गंभीर चोटें आई हैं।

## बीएयू में बेसिक कंप्यूटर साक्षरता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विश्वविद्यालय कर्मियों में कौशल विकास के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग द्वारा बेसिक कंप्यूटर साक्षरता एवं जागरूकता विषय पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को समापन सत्र में पशु चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में और भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन सचिव डॉ नंदनी कुमारी ने बताया कि बीएयू के प्रशासन निदेशालय, अनुसंधान निदेशालय, नियंत्रक कार्यालय एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय के कुल 21 कर्मियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। एजीबी विभाग के शिक्षकों डॉ बसंत कुमार, डॉ नंदनी कुमारी, डॉ थानेश उरांव, डॉ अबसार अहमद, डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को कंप्यूटर संचालन और उसपर विभिन्न प्रकार के कामकाज करने की तकनीकी जानकारी दी। अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापक डॉ सुरभि सिन्हा ने बेसिक फंक्शनल इंग्लिश की जानकारी दी। इस अवसर पर एसोसिएट डीन डॉ आलोक कुमार पांडेय तथा प्रशाखा पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सीसीएल की दो खदानों की हुई औचक जांच



**रांची।** सीसीएल के सीवीओ पंकज कुमार के मार्गदर्शन में टीम सीसीएल विजिलेंस ने कंपनी की दो खदानों का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार, सीसीएल की इन खदानों की औचक जांच सीएमपीडीआईएल और सीसीएल के कमांड क्षेत्रों के 12-12 अधिकारियों वाली दो बहु-विषयक टीमों ने की। टीमों ने आम्रपाली ओसीपी और रजरप्पा परियोजना का दौरा किया। स्टॉक की माप अभी भी जारी है।

### कल से मौसम में बदलाव के मिल रहे संकेत

**रांची।** झारखंड के लोगों को शुक्रवार को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, गोड्डा, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका के कई इलाकों में हीट वेव देखने को मिला। वहीं, शनिवार (4 मई) को भी सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम के कई स्थानों पर हीट वेव का अंदेशा जताया गया है। बीते 24 घंटों में राज्य के 8 शहरों का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा, जबकि रांची के तापमान में गिरावट देखने को मिली। झारखंड के मौसम विभाग ने कहा है कि 5 मई से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। 5 मई को संथाल परगना इलाके में हल्की बारिश हो सकती है। जबकि, 6 मई को राज्य के गोड्डा, दुमका, देवघर, जामताड़ा, पाकुड़, धनबाद, बोकारो आदि इलाके में हल्की बारिश हो सकती है। 7 मई को 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 8 और 9 मई को पूरे झारखंड में बारिश होगी। इससे तापमान में काफी गिरावट आएगी।

### डॉ परमेश्वर भगत ने किया कई गांवों का भ्रमण



**ईटकी/मांडर।** बीते दिन पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने ईटकी के कुंदी व टुरगुरु और मांडर प्रखंड के करकरा गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। डॉ परमेश्वर भगत को ग्रामीणों ने मुख्य रूप कच्ची सड़क, पेयजल, ट्रांफरमर एवं सरना स्थल साथ ही कब्रिस्तान का घेराबंदी के लिए अपील किया। डॉ. परमेश्वर भगत ने ग्राम वासियों को आश्वस्त किया कि उपरोक्त सभी समस्याओं को लेकर संबधित वरीय पदाधिकारी से मिलकर कर जल्द ठोस कार्रवाई हेतु अनुरोध किया जाएगा।

## बीडीओ व स्वास्थ्य विभाग ने तंबाकू नियंत्रण को लेकर दुकानों की जांच की

# 5 दुकानों के चालान काटे



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली स्वास्थ्य विभाग के तम्बाकू नियंत्रण सेल ने बुधवार को सिल्ली बाजार, बस स्टैंड व सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम में शामिल बीडीओ रेणु बाला, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ सिल्ली बजार में पान ठेले एवं परचुन दुकानों की जांच की। प्रखंड विकाश पदाधिकारी रेणुबाला ने दुकानदारों व लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर बीड़ी, सिगरेट व तंबाकू का सेवन न करने और न बेचने के लिए कहा। वही चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। दुकान चला रहे दुकानदारों को बीड़ी, सिगरेट, गुटखा की बिक्री न करने की चेतावनी दी।इस दौरान टीम ने कोटपा? एक्ट के तहत 5 दुकानदारों के चालान काटे और 1000 रुपये जुर्माना वसूल किया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शशि भूषण चौबे लिपिक संजीव कुमार महतो आदि शामिल थे।

## सऊदी अरब से हज उमरा कर अपने वतन लौटे जायरीन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मूरी** जन्नत हज उमरा प्राइवेट लिमिटेड झारखंड के तत्वावधान से मूरी बोकारो चंद्रपुरा बरैली के 35 जायरीन को हज उमरा के लिए ले जाया गया जिसकी अगवाई जन्नत हज उमरा पराईवेट लिमिटेड के मैनेजर महबूब आलम ने की। सभी को मक्का शरीफ में अपने साथ जियारत कराई और मक्का शरीफ की तवाफ कराई और मोहम्मद सल्लालहो आलैही वा सलाम की रोजा मुबारक की जियारत करवाई` फिर मक्का से सभी हाजियों को लेकर 480 किलोमीटर दूर मदीना शरीफ की जियारत कराई जहां पे सभी हाजियों ने अपने मुल्क हिंदुस्तान और अपने परिवार के खुशहाली के लिए दुवा मागी गई और सभी को साथ में लेकर 03 मई को अपने वतन हिंदुस्तान को लौटे जहा पर दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जन्नत हज उमरा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर मोहम्मद आलम ने सारे हाजियों का फूल माला पहना कर जोर दार स्वागत किया गया`हज में जाने वाले लोग उमरा हज कर के बहुत खुशी महसूस कर रहे थे` शेख आलमगीर, शेख अशरफ अली, परवेज खान, आजीमुद्दीन अंसारी, जियाउद्दीन कुरैशी इत्यादि ने उमरा हज कियो

### खूंटी उपायुक्त ने कहा लोकतंत्र के महापर्व में उत्सव का माहौल बनाएं

**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अतिरिक्त शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पर्ची वितरण की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि माइक्रो प्लान तैयार कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त नें दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन संबंधित दायित्वों का निर्वाह सजगता के साथ पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर जिले में निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सके।

### मीडिया कोषांग के पदाधिकारी व कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक

## सभी तरह के पेड न्यूज पर निगाह चौकस रखें : उर्वशी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कमरा संख्या-119 में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग उर्वशी पाण्डेय ने मीडिया कोषांग के पदाधिकारी/कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए सभी सम्बंधित पदाधिकारी/कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मीडिया कोषांग का कार्य बेहद महत्पूर्ण हैं। सभी चीजों पर सतत निगरानी बहुत जरुरी है। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय द्वारा मीडिया कोषांग में कार्यरत सोशल मीडिया निगरानी कर्मियों को सोशल मीडिया में पेड न्यूज, फेक न्यूज से सम्बंधित बिंदुओं से अवगत कराया। फेक खबरों की पहचान करना तथा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश पेड न्यूज के अलावे विभिन्न फेक न्यूज यथा ईवीएम, बूथ मैनेजमेंट, पानी, बिजली, शौचालय, रैंप मतदाता सूची, विधि व्यवस्था, इलेक्शन प्लान आदि से संबंधित फेक खबरों का पहचान करना तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए सत्यापन कर खंडन भी उसी साइट सहित सभी मीडिया में करना है। इसकी जानकारी देते हुए त्वरित संज्ञान में लाने का निर्देश दिया।

## यशस्विनी सहाय ने कार्यकर्ताओं से की औपचारिक मुलाकात

# 6 मई को अपने नामांकन में अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए रांची लोकसभा के लोकप्रिय कांग्रेस के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सिल्ली प्रखंड के तीन पंचायत दोवाडू, बढ़ा चांगडू, पतराहातु स्थान - पतराहातु बाजार टाड़ में कांग्रेस एवं सहयोगी दलों के कार्यकर्ता से औपचारिक मुलाकात की। साथ ही 6 मई 2024 को नामांकन दाखिल कार्यक्रम में सिल्ली से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। इसके बाद दुर्गा मन्दिर बंता में कार्यकर्ता ओं द्वारा यशस्विनी सहाय जी का स्वागत किया गया। अंत में सिल्ली धर्मशाला में लक्ष्मी नारायण मन्दिर में रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय जी ने पूजा अर्चना की एवं प्रेस वार्ता की। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सिल्ली के पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, सिल्ली विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश प्रसाद साहु, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन, अल्पसंख्यक सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष शहबुद्दीन अंसारी, सिल्ली एसटी अध्यक्ष श्रीप्रसाद बड़ाईक, युवा कांग्रेस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष रोहित मुंडा, पिनाकी बनर्जी, दीपक कर, मो. कलाम, चैतन मुंडा, घासीराम पातर, बिंदेश्वर महतो, सुरेश गोन्झु, रामेश्वर महतो, भागीरथ महतो, सदानंद सोनार, इत्यादि साथ ही सिल्ली झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया,बानेश्वर महतो, इत्यादि इंडिया गठबंधन के साथी गण उपस्थित थे।

### पति के पक्ष में प्रचार करने उतरीं निशा जायसवाल

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में उनकी पत्नी निशा जायसवाल प्रचार कर रही हैं। शुक्रवार को भी निशा जायसवाल अपनी ननंद और देवरानी ट्विंकल जायसवाल के साथ मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण किया। उनलोगों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं को भाजपा के प्रति जागरुक करते हुए कमल फूल के निशान पर ही मतदान करने की अपील की। निशा जायसवाल के साथ बड़ी संख्या में चल रही महिलाएं अनोखे तरीके से मतदाताओं को जागरूक भी कर रही हैं, ताकि मतदान का प्रतिशत भी बढ़ाया जा सके। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों संग निशा जायसवाल ने विष्णुगढ़ स्थित अखाड़ा चौक, कशेरा मुहल्ला, बनासो चौक, कुसुम्भा और भूताही मुरगाओ में नुक्कड़ नाटक कराया और आसपास के मतादाताओं से संपर्क साधा ।

झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उष्म लहर (Heat Wave) से बचाव हेतु परामर्श

कृषि :–
क्या करें –
- खड़ी फसलों में हल्की एवं बार–बार सिंचाई करें।
- नर्सरी अवस्था वाली सब्जियों को पुआल से ढकें।
- फसलों के नाजुक स्थिति में आवश्यकतानुसार सिंचाई की आवृत्ति को बढ़ाएँ।
- मिट्टी की नमी को बनाए रखने के लिए फसलों के अवशेष जैसे–पुआल तथा पॉलिथिन आदि से ढ़कें, जिससे मिट्टी में नमी बरकरार रहे।
- खड़ी फसलों में सिंचाई सुबह एवं शाम के समय ही करें।
- सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर एवं टपक सिंचाई (Drip Irrigation) का प्रयोग करें।
- आम, नींबु, पपीता आदि के बागों में शाम के समय सिंचाई की जाय, ताकि बागों में पर्याप्त नमी बनी रहे।
- यदि आपके क्षेत्र में लू का प्रकोप हो तो हवादार एवं छायादार स्थानों में आश्रय लें।

पशुपालन :–
क्या करें :–
- **पर्याप्त आश्रय प्रदान करना** :– जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों (झाला) का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की रौशनी से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
- **पानी के कटोरे और बर्तन रखना** :– जलसंचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुँजी है। पानी के कटोरे में साफ, ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं/हैंडपंप आदि के पास चौड़े खुले वाले बड़े मिट्टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए, जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
- **गर्मी से तनाव के लक्षणों की निगरानी करें** :– गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो **ओ0आर0एस0** का उपयोग करें एवं तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
- **जागरूकता** :– अपने समुदाय के भीतर जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

पशु क्रुरता की रोकथाम के अधिनियम **1965** के नियम **06** के उप–नियम **03** में कहा गया है कि जहाँ तापमान **37** डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहाँ दोपहर **12:00** बजे से **3:00** बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढ़ोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेंगे।

सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतीकूल प्रभावों से बचाने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकटों से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें, ताकि अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण जनवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हो। किसी भी आकस्मिक स्थिति में निकटम पशु चिकित्सालय में संपर्क करें।

क्या न करें :–
- दोपहर के समय मवेशियों/पशुओं को चराने या चारा देने से बचें।

PR No. 324396 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 2024-25

# राजधानी में पीएम का भव्य स्वागत, अबकी बार 400 पार के लगे नारे



रांची में शुक्रवार की शाम रोड शो करते प्रधानमंत्री मोदी, इस दौरान मोदी को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर उमड़ा जन सैलाब।

## हवाईअड्डे से निकलते ही मोदी ने भगवान बिरसा को किया नमन

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार शाम चाईबासा में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजधानी रांची पहुंचे। यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकलने के बाद उन्होंने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही प्रतिमा की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उनका काफिला आगे बढ़ गया। इस दौरान लोगों ने अबकी बार 400 पार के नारे लगाए। वहीं, खुली जिप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों को नमस्कार करते नजर आये और हाथ में कमल का निशान लिए थे, जो लोगों को दिखाते हुए और मुस्कुराते हुए मतदान की अपील कर रहे थे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रोड शो शुरू होने के निर्धारित स्थल के बीच भाजपा कार्यालय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में भाजपा कार्यालय को आकर्षक तरीके से फूलों से सजाया गया था। बड़े-बड़े हॉर्डिंग और पोस्टर लगाए गए थे। भारत माता चौक से रातू रोड तक छह से सात जगहों पर स्वागत मंच बनाए गए थे। इस दौरान प्रधानमंत्री का स्वागत भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने किया।



रांची पहुंचने के पहले प्रधानमंत्री ने चाईबासा में भी किया जनसभा को संबोधित, आज पलामू और सिसई में करेंगे चुनावी जनसभा



प्रधानमंत्री के स्वागत में भाजपा कार्यालय को आकर्षक तरीके से फूलों से सजाया गया

## रातू रोड चौराहे पर हुआ पारंपरिक ढंग से स्वागत

मोदी के आगमन पर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में खासा उत्साह रहा। बिरसा चौक से लेकर रातू रोड तक सड़क किनारे लोग प्रधानमंत्री मोदी के आने का इंतजार करते रहे। जगह-जगह मोदी के स्वागत की तैयारी की गई थी। भाजपा के साथ आजसू के नेता और कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री के स्वागत में जुटे थे। रातू रोड चौराहे के पास स्वागत कार्यक्रम रखा गया था, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत ढोल नगाड़े और लोकल डांस के साथ किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री का काफिला राजभवन की ओर बढ़ गया। बता दें कि रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार रोड शो किया। पहली बार साल 2019 में उन्होंने रोड शो किया था। दूसरी बार साल 2023 में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर आए थे, तब उन्होंने रोड शो किया था।

### सुरक्षा को लेकर रोकी गई गाड़ियों की आवाजाही

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अभी से ही हरमू बायपास रोड में गाड़ियों की आवाजाही को रोक दिया गया था। रोड शो के निर्धारित रूट में आने वाले तमाम कट को बैरिकैडिंग कर बंद कर दिया गया था। सड़क के दोनों ओर डबल लेयर में सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। रूट के दोनों ओर जितने भी ऊंचे भवन हैं, वहां भी सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। ये पूरे रोड शो के दौरान नजर रखे हुए थे। प्रमुख रोड शो के रूट के प्रमुख चौराहों में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी।



## शोध, सेमिनार और पेटेंट पर हमारा फोकस : डॉ सिन्हा

### रांची विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में एसएसआर रिपोर्ट किया गया अपलोड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय ने कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के निर्देशन में शुक्रवार को सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एसएसआर) अपलोड किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के सभी प्रमुख वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

नैक मूल्यांकन के लिए स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट (एसएसआर) को तैयार करना और उसे अपलोड करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य होता है, जिसे रांची विवि ने सफलतापूर्वक समय पर संपन्न कर लिया है। इसके पूर्व एसएसआर रिपोर्ट को तैयार कर विगत 1 मई को अकादमिक काउंसिल में रखा गया था, जिसे सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने पहले ही स्वीकृति दे दी थी। शुक्रवार (3 मई) को एसएसआर रिपोर्ट को पहले सिंडिकेट में स्वीकृति के लिए रखा गया। सिंडिकेट से स्वीकृति के बाद रिपोर्ट को कुलपति की अध्यक्षता में अपलोड कर दिया गया।

#### आइक्यूएसी की टीम ने अथक प्रयास से एसएसआर रिपोर्ट किया है तैयार

रांची विश्वविद्यालय में आइक्यूएसी (इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस) टीम के सारे सदस्य कई दिनों से अथक परिश्रम कर इस रिपोर्ट को तैयार कर रहे थे। एसएसआर रिपोर्ट पांच शैक्षणिक वर्षों का मूल्यांकन कर बनाया जाता है। आइक्यूएसी की टीम ने मिशन मोड में वर्ष 18-19 से लेकर वर्ष 22-23 तक के पांच शैक्षणिक वर्षों की यह एसएसआर रिपोर्ट तैयार की है। नैक मूल्यांकन के लिये पहले विश्वविद्यालयों को आईआईक्यूए (इंस्टीच्यूशनल इंफॉरमेशन फॉर क्वालिटी एसेसमेंट) नैक के समक्ष प्रस्तुत करना होता है। आईआईक्यूए में विश्वविद्यालय की संपूर्ण जानकारियां देनी होती हैं। इसे जमा करने के बाद विश्वविद्यालय को इसका अनुमोदन प्राप्त होता है। अनुमोदन के बाद ही 45 दिनों के अंदर एसएसआर रिपोर्ट अपलोड कर सकते हैं। रांची विश्वविद्यालय ने 8 फरवरी 2024 को आईआईक्यूए जमा किया था और 21 मार्च को नैक ने इसे अप्रूव (अनुमोदित ) कर दिया गया था और 3 मई 2024 को स्वमूल्यांकन (एसएसआर) रिपोर्ट को नैक के लिए सफलतापूर्व अपलोड कर दिया गया। है। एसएसआर रिपोर्ट नैक के सात मानदंडों के अनुसार बनाना आवश्यक होता है। ये सातों मानदंड पाठ्यचर्या, शिक्षण सीखना मूल्यांकन, शोध अनुसंधान, बुनियादी ढांचा, सीखने के संसाधन, छात्र की प्रगति, प्रशासन प्रबंधन और संस्थागत मूल्य विषयों पर आधारित होते हैं। इस रिपोर्ट में कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा के निर्देशन में क्वालिटी एजुकेशन, शोध, स्टार्टअप, छात्राओं के लिए सुविधा जैसे विषयों पर जोर दिया गया है। साथ ही सेमिनार, शिक्षकों के विकास, युवा गतिविधियों को प्रोत्साहन, पेटेंट, ऑनलाइन अध्यापन, वर्कशॉप जैसे विषयों को विशेष कर शामिल किया गया है।



ज्ञात हो कि एसएसआर रिपोर्ट अपलोड करने के लिए नैक द्वारा 45 दिनों का समय दिया गया था। रांची विश्वविद्यालय द्वारा समय पर यह महत्वपूर्ण रिपोर्ट संपूर्णता से तैयार कर अपलोड कर दिया गया है।

## स्टेज पर हों, तो लोगों को जोड़े रखने के लिए उनसे संवाद करें : किशोर मंत्री

**रांची।** जेसीआई यूथ ने शुक्रवार से तीन दिवसीय स्पीचक्राफ्ट कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में लोगों को माइक पर बोलने, स्टेज पर खड़े होकर संवाद करने की कला, विषय पर पकड़, आत्मविश्वास जैसी चीजों को सिखाया जाएगा। लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए कोलकाता, नागपुर, लखीमपुर से विशेषज्ञों की टीम भी बुलाई गई है। ये जानकारी जेसीआई यूथ के अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि एक बार में 30-35 लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने जेसीआई यूथ के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे वैसे व्यक्ति जो स्टेज फीयर के कारण लोगों के सामने बोलने में हिचकिचाते हैं, उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## मुक्त विवि और शिक्षा 4.0 में क्षमता व कौशल का विशेष महत्व : कुल सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुक्त विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों को अपने शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करते समय शिक्षा 4.0 की मान्यता प्राप्त क्षमताओं और कौशल को अपने शिक्षण और सीखने की प्रक्रियाओं, उनके वितरण तरीकों, उनकी सामग्री और पाठ्यक्रम और उनके व्यावहारिक अभिविन्यास में शामिल करना आना चाहिए। ये क्षमताएं और कौशल लंबे समय तक चलते हैं। झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से प्रदान किए गए संज्ञानात्मक कौशल रचनात्मकता, महत्वपूर्ण सोच, डिजिटल कौशल प्रोग्रामिंग, समस्या समाधान और सिस्टम विश्लेषण के पहलुओं को जन्म दे सकते हैं। शिक्षा के माध्यम से प्रदान किए गए सामाजिक कौशल सहयोग, संचार, बातचीत, सामाजिक-भावनात्मक जागरूकता के पहलुओं को जन्म दे सकते हैं, और शारीरिक कौशल संतुलन, समन्वय, स्थिति संबंधी जागरूकता और ताकत को जन्म दे सकते हैं। दृष्टिकोण और मूल्यों को बड़े पैमाने पर स्व-नियामक और सामाजिक कौशल के रूप में परिभाषित किया गया है। दूसरे शब्दों में, इन्हें अंतर-वैयक्तिक और अतिरिक्त-वैयक्तिक कौशल कहा जाता है। जबकि, अंतर-व्यक्तिगत स्व-नियामक कौशल अनुकूलनशीलता, चेतना, जिज्ञासा, धैर्य, विकास मानसिकता और पहल करने की ओर ले जाते हैं। अतिरिक्त-व्यक्तिगत सामाजिक कौशल, नागरिक जिम्मेदारी, पर्यावरणीय प्रबंधन, सहानुभूति, दयालुता और वैश्विक नागरिकता की ओर ले जाते हैं। प्रभावी शिक्षण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जिसमें उचित पाठ्यक्रम, आकर्षक शिक्षा शास्त्र, निरंतर रचनात्मक मूल्यांकन और पर्याप्त छात्र समर्थन शामिल होता है। पाठ्यक्रम दिलचस्प और प्रासंगिक होना चाहिए, और नवीनतम ज्ञान आवश्यकताओं के साथ संरेखित करने और निर्दिष्ट शिक्षण परिणामों को पूरा करने के लिए नियमित रूप से अद्यतन किया जाना चाहिए। छात्रों को पाठ्यचर्या सामग्री को सफलतापूर्वक प्रदान करने के लिए उच्चगुणवत्ता वाली शिक्षा शास्त्र आवश्यक है। शैक्षणिक अभ्यास छात्रों को प्रदान किए जाने वाले सीखने के अनुभवों को निर्धारित करते हैं, इस प्रकार सीधे सीखने के परिणामों को प्रभावित करते हैं। मूल्यांकन के तरीके वैज्ञानिक होने चाहिए, जो सीखने में लगातार सुधार लाने और ज्ञान के अनुप्रयोग का परीक्षण करने के लिए डिजाइन किए गए हों।

*शैक्षणिक अभ्यास छात्रों को प्रदान किए जाने वाले सीखने के अनुभवों को निर्धारित करते हैं।*

# झारखंड की सभी सीटों पर इंडी गठबंधन की होगी जीत : सीएम

## जमशेदपुर से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने दो सेटों में शुक्रवार को नामांकन किया। नामांकन से पूर्व मोहंती ने आवास पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनका पूरा परिवार उनके साथ रहा। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन और सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद थे। समीर मोहंती के नामांकन से बाद साकची स्थित बोधि मैदान में आयोजित सभा में चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इंडी गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव में लड़ रहे हैं। देश में किसी की लहर नहीं चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के चाईबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है, कोई कहीं आ-जा सकता है। हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। इस बार महागठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटों पर कब्जा जमा रही है।

### बंगाली हूं, किसी से डरने वाला नहीं : सुप्रियो भट्टाचार्य

झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने समीर मोहंती के जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश जुमलों की सरकार से त्रस्त हो चुका है। प्रधानमंत्री के पास आज कोई मुद्दा नहीं है, जिसे वे जनता के बीच रख सकें। अब वे चुनावी सभाओं में पाकिस्तान का जिक्र कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े बलात्कारी के साथ मंच साझा कर रहे हैं। भाजपा महिलाओं की सुरक्षा के मामले में पूरी तरह से विफल साबित रही है। भट्टचार्य ने कहा कि जमशेदपुर की जनता इस बार मन बना चुकी है। समीर मोहंती को जीत से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि समीर के नामांकन में लाखों की संख्या में जुटे गांव से लेकर शहर तक की जनता इस बात का गवाह है कि जमशेदपुर में बदलाव होने जा रहा है। ईडी के रडार पर आने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाली हूं, किसी से डरने वाला नहीं हूं। मैं हर तरह की जांच के लिए तैयार हूं।

### चाईबासा की जनता ने प्रधानमंत्री को नकारा : राजेश ठाकुर

**रांची।** प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि चाईबासा की जनता ने प्रधानमंत्री को नकारने का काम किया। रैली की भीड़ यह साबित कर दिया कि अब झारखंड की जनता प्रधानमंत्री का झूठ नहीं सुनना चाहती है। ठाकुर ने कहा कि फिर से 2014 और 2019 वाला झूठ प्रधानमंत्री ने आज चाईबासा में बोला। आदिवासियों के प्रति झूठा प्रेम जताया लेकिन मणिपुर के आदिवासी भाइयों एवं बहनों की चीत्कार पर प्रधानमंत्री क्यूं खामोश रहे, यह नहीं बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री के आरक्षण पर दिये गये बयानों पर कहा कि प्रधानमंत्री यदि आरक्षण पर इतना गंभीर हैं तो यह बतायें क्या आप दलित, आदिवासी और ओबीसी के लिए आरक्षण के 50 प्रतिशत सीमा को हटाएंगे, हमने ऐसा करने की गारंटी दे दी है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदिवासी भाईयों एवं बहनों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने की सलाह तो दी लेकिन उनकी अस्मिता से जुड़े सरना धर्म कोड की बात प्रधानमंत्री ने नहीं की। क्योंकि, उन्हें झूठ बोलकर नकली प्रेम प्रदर्शित करना था। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचारियों एवं बलात्कारियों के साथ मंच साझा करते हैं और यह कहते हैं कि इनको जीताने से हम मजबूत होंगे।

# निशाने पर तीर मारने को कल्पना ने कसी कमर



**रांची।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन अपने पहले चुनावी संघर्ष में जीत प्रप्त करने के लिए कमर कस चुकी है। वैस तो संघर्ष भीषण नहीं जान पड़ रहा है लेकिन किसी भी संघर्ष को हल्के में नहीं लिया जा सकता। शिक्षा और सामाजिक कार्यों से जुड़ी भद्र महिला अब मैदान में है तो उसने आक्रमक रुख अपना लिया है। घर-घर, गांव-गांव जा लोगों से संपर्क साध रही है। वहीं एक परिपक्व राजनेता की तरह महिलाओं-बच्चों -युवाओं से मिल प्रेम की डोर में भी लोगों को बांध रही है। गुरुवार देर रात तक वह गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात करती रहीं। इस दौरान उन्होंने पंडरी,ललभितिया ताराटांड़, कुडलवादः, बदगुण्डा, कोरबंधा, झितरी, बाकिकला, सालेय, पर्वतपुर, शंकरपुर, देवपुर, भासपूर, लच्छूडीह सहित दर्जनों गांवों का जनसंपर्क किया तथा उन्होंने ग्रामीणों से झारखंड के विकास के लिए मतदान करने की अपील की। कहा कि तानाशाही सरकार के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। झारखंड के अस्मिता की लड़ाई और हर एक आदिवासी,गरीब, पीड़ित वंचित, शोषित, के हक अधिकार की आवाज कभी कमजोर नही होने देंगे।

### शिबू की बेटी को ओडिशा विस के लिए मिला झामुमो का टिकट

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें सरसकना विधानसभा क्षेत्र से अंजनी सोरेन, रायरंगपुर विधानसभा क्षेत्र से सुनाराम टूडू, बंगरीपोशी विधानसभा क्षेत्र से विष्णु सिंह, मोरदा विधानसभा क्षेत्र से कृष्णा चंद्र दास और उदला विधानसभा क्षेत्र से चक्रधर सिंह शामिल हैं। झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व झामुमो ने 30 अप्रैल की रात लोकसभा चुनाव को लेकर मयुरभंज से अंजनी सोरेन को उम्मीदवार बनाया था। इसके वाबजूद उन्हें विधानसभा सीट से भी टिकट दिया गया है। अंजनी सोरेन शिबू सोरेन की बेटी हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### धर्मेंद्र तिवारी आज करेंगे नामांकन



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह भाजमो के रांची लोकसभा उम्मीदवार धर्मेन्द्र तिवारी आज पूर्वाहन 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय समेत रांची जिला के सैकड़ों भाजमो कार्यकर्ता, स्थानीय बुद्धिजीवी नागरिकगण, रांची के विभिन्न धार्मिक संगठनों के वरीय पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। तिवारी सुबह 10 बजे मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर में पूजन कर, 10.15 बजे फिरायालाल चौक पर अमर शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तथा 10.30 बजे रांची विश्वविद्यालय के गेट के समीप अपने समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में रांची समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय जायेंगे तथा 11 बजे अपना पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल के पश्चात तिवारी बिरसा चौक जा कर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### मोहम्मद नौशाद नहीं लडेंगे लोकसभा का चुनाव



**रांची।** रांची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार वरिष्ठ समाज सेवी मोहम्मद नौशाद ने व्यक्तिगत कारणों से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है, जिसपर सभी साथियों और सहयोगियों को अपना फैसला कल तक भेज देंगे और सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है । जिन्होंने अपना सहयोग और पूरा समर्थन दिया। रांची लोकसभा से टिकट दे कर उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्होंने केंद्रीय अध्यक्ष सूर्य सिंह बेसरा के प्रति आभार जताते हुए उनका शुक्रिया किया है। आने वाले समय में सब के सहयोग के साथ विधान सभा की हमलोग तैयारी करेंगे।

### बागी आजसू नेता अर्जुन बैठा ने गांडेय से निर्दलीय नामांकन पर्चा भरा

**गिरिडीह ।** गांडेय विस सीट के उपचुनाव के लिए आजसू नेता अर्जुन बैठा ने बागी तेवर दिखाते हुए नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। गांडेय में 20 मई को उप चुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। अर्जुन बैठा के नामांकन से एनडीए गठबंधन को झटका लगा है। पर्चा दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में अर्जुन बैठा ने कहा कि वे आजसू से इस्तीफा दे चुके हैं। अर्जुन बैठा ने भाजपा पर खुद की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि आजसू प्रमुख सुदेश महतो के साथ उनकी अंतिम बैठक में आजसू प्रमुख ने 2024 के चुनाव का हवाला देते हुए भरोसा दिलाया था, लेकिन भाजपा की लगातार उपेक्षा के कारण वे घुटन महसूस कर रहे थे। अब एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को हराकर जीत दर्ज कराना ही उनकी प्राथमिकता है। इधर, आजसू के गिरिडीह जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है कि अर्जुन बैठा ने पार्टी से इस्तीफा क्यों और कब दिया है लेकिन यदि इस्तीफा देकर वे चुनाव लड़ रहे हैं तो पार्टी उनके साथ नहीं है।

### ओडिशा में रघुवर दास का जन्मदिन मनाया गया



**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का जन्मदिन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में केक काटकर मनाया गया। पहाड़ी बाबा मंदिर में शुक्रवार को उनकी लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य की कामना के साथ पूजा-अर्चना कराई गई। पुजारी माखन पंडित ने पूजा-अर्चना की। पहाड़ी मंदिर प्रांगण में छोटे-छोटे बच्चों और जरूरतमंदों के बीच फल एवं मिठाइयां का भी वितरण किया गया। इस मौके पर शुभम कुमार जायसवाल, तरुण कुमार जायसवाल, अविनाश राय, संजीव पाठक, शिवानंद करण, सुमन यादव, अंकित गुप्ता, प्रकाश कुमार, दिनेश कुमार, अभिनव यादव, प्रिंस कुमार, विवेक कुमार सहित युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### फरार छात्र नेता जयराम महतो को नोटिस 7 मई को 11 बजे हाजिर होने का फरमान



**बोकारो।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार जयराम महतो को बोकारो जिला प्रशासन ने अब नोटिस भेजा है। नोटिस निर्वाचन शाखा ने जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि आपके नाम निर्देशन पत्र में प्रस्तावकों में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद लग रहा है, जिसका सत्यापन निर्वाचन पदाधिकारी को करना आवश्यक है। नोटिस में कहा है कि इस संबंध में आपको अवगत कराने के लिए बोकारो निर्वाचन शाखा ने आपको दो मई को दो बार फोन किया गया, लेकिन आपने फोन नहीं रिसीव किया। आपको इस बात की सूचना देने के लिए आपके घर नोटिस भेजा गया है। साथ ही चार दैनिक अखबारों में नोटिस प्रकाशित की गयी है। आप सात मई को पूर्वाह्व 11 बजे बोकारो निर्वाचन पदाधिकारी के पास उपस्थित हों।

### हाथ को साफ करना है और कमल को चुनना है : कोचे मुंडा

**खूंटी।** खूंटी के विधायक और खूंटी लोकसभा क्षेत्र के संयोजक कोचे मुंडा ने कहा कि इस बार हाथ को साफ करना है और कमल को ही चुनना है ताकि हम तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार को ला सकें। विधायक शुक्रवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के रनिया में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से विपक्षी घबड़ा गए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। महिलाओं के सम्मान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि। इन योजनाओं से जुड़कर लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

### स्नातक सेमेस्टर-4 के परीक्षाफल से असंतुष्ट विद्यार्थी यशस्विनी से मिले

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय से उनके आवास पर मिले और अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं। उन्होंने बताया कि सेमेस्टर फोर की परीक्षा में विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण 75% से अधिक छात्र छात्राएं हर कॉलेज में फेल कर दिए गए हैं। जबकि उन्होंने पेपर अच्छा दिया है। उन्होंने मांग किया कि रिजल्ट का रिवाइज किया जाए। यशस्विनी सहाय ने उनकी बातें ध्यान से सुनीं। वहीं मौके पर उपस्थित सुबोध कांत सहाय ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से फोन बातें की और छात्र-छात्राओं की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कुलपति ने सहाय को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर इन छात्रों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

## पार्टी का उम्मीदवार एक होता है, लेकिन चुनाव हर कार्यकर्ता लड़ता है : मीर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के गुमला,सिमडेगा और खूंटी जिले के कार्यकताओं की चुनावी समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय में शुक्रवार को हुई। मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव संगठन का हर कार्यकर्ता अपने-अपने मोहल्ले,वार्ड,प्रखंड में लड़ता है, ताकि पार्टी की जीत हो सके। दस वर्षों के कुशासन से निकलने का यह सुनहरा अवसर है और हमें इसे किसी भी हाल में जाया नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले पांच वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं। अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। पांच वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन के जरिये बूथ स्तर कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी और बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है।

### रांची संसदीय क्षेत्र से अब तक 10 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के पांचवें दिन शुक्रवार को अब तक कुल 10 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। शुक्रवार को चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों के जरिये नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन करनेवाले उम्मीदवारों में आदिवासी किसान मजदूर पार्टी से अंजनी पांडे, गांधी, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से धनंजय भगत, निर्दलीय से मनोरंजन भट्टाचार्य और निर्दलीय से मनोज कुमार शामिल है। मालूम हो कि रांची लोकसभा सीट से नामांन की अंतिम तिथि छह मई है। अब तक प्रमुख दलों की बात करें तो भाजपा के प्रत्याशी संजय सेठ अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। वहीं कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय नामांकन के अंतिम दिन छह मई को पर्चा दाखिल करेंगी।

# कांग्रेस-झामुमो की संयुक्त बैठक में जीत के लिए बनाई गई रणनीति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधित बैठक हुई, जिसमें रांची महानगर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के तमाम प्रखंड एवं वार्ड स्तरीय कार्यकर्तागण उपस्थित हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी से इंडी गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के पक्ष में एकजुट होकर पूरे दमखम से जनसंपर्क कर मतदान करवाने की अपील की। महानगर के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि जिस तरह से नरेंद्र मोदी की सरकार निरंतर किए गए वादों को पूरा करने में असमर्थ रही है ,चाहे वो दो प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार हो या हर गरीब को पक्का मकान देने वाला जुमला हो, न जाने कितने ऐसे प्रासंगिक मुद्दे है देश में जिनपर बात न करके मोदी सरकार सिर्फ धर्म की राजनीति कर लोगो को बरगलाने और लगातार हर वर्ग के लोगों को ठगने और छलने का काम किया है । उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता का भोग भोगना है। चाहे जनता कितनी भी बेरोजगारी,महंगाई से त्रस्त हो जाए ,आज देश में 45 वर्षों से सबसे ज्यादा बेरोजगारी है । परंतु इसपर ये निक्कमी सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जनता त्रस्त है और मोदी सरकार मस्त है। अतः अब जनता जाग चुकी है और इस तानाशाह सरकार को इस लोकसभा चुनाव गठबंधन के सभी साथी पूरे जोश खारोश के साथ मोदी सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने के लिया अस्वस्त है । उन्होंने ये भी कहा कि जिस प्रकार से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पांच न्याय और पच्चीस गारंटी को घोषणा की है, उससे जनता का पुरजोर समर्थन प्राप्त हो रहा है और कार्यकर्ता वार्ड एव बूथ स्तर तक लड़ाई लड़ने को तैयार है और इस जुमलों वाली रेलगाड़ी सरकार को पटरी से हटाने का मन बना लिया है । 6 मई को होने वाले नामांकन प्रक्रिया में सभी दलों की पुरजोर भागीदारी हो इस पर चर्चा हुई । मौके पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय , झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम , दीपू सिन्हा और सभी प्रकोष्ठ के नेतागण उपस्थित थे ।

# पदाधिकारी केवल डाटा पर नहीं, मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें : रवि कुमार

*मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा की*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हर मतदाता तक पहुंचते हुए वोटरगाइड एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित कराएं। विगत के मतदान में किन कारणों से मतदान कम हुए थे, उसका निराकरण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, बल्कि मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें। रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें और छठे चरण के मतदान से संबंधित जिले खूंटी, सरायकेला-खरसावां, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, पलामू, सिमडेगा और लोहरदगा में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टारगेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। पदाधिकारी मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ें। रवि कुमार ने कहा कि पदाधिकारी कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करें और संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित कराएं। साथ ही बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे। इसके अलावा इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को इस तरह तैयार करें कि लगे वह मतदाताओं को मतदान के लिए पुकार रहा हो। रवि कुमार ने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में प्रत्येक घरों तक पहुंच बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप दें। उन्होंने रांची के बुंडू में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही खूंटी जिले के कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। रवि कुमार ने सरायकेला-खरसावां के जिला स्वीप पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 147 एवं 148 का भौतिक निरीक्षण कर संबंधित कारणों का निराकरण करने तथा लोहरदगा के प्रवासी मजदूरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि पदाधिकारी मतदाताओं से पारस्परिक संपर्क कर कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के लिए इनोवेटिव आईडिया के साथ सभी मतदाताओं तक पहुंचें। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिमेवारी सौंपें। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक जनसम्पर्क आनंद सहित संबंधित जिलों के स्वीप से संबंधित पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित थे।

### यशस्विनी सहाय के पक्ष में बिहार क्लब में हुई बैठक

**रांची।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी के नेतागण चुनावी तैयारियों में जोर-शोर से जुट गए हैं। इस क्रम में शुक्रवार को कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित कराने की रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मौके पर सहाय ने पार्टी नेताओं से चुनावी तैयारी को लेकर चर्चा की। साथ ही उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन में अधिक से अधिक संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं को शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक लाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत होगी। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकताओं ने कमर कस लिया है।

## एक नजर

### कानी बाजार स्थित एक कुएं में शव मिलने से सनसनी

**हजारीबाग।** शुक्रवार सुबह लगभग 8.30 बजे कानी बाजार निवासी संजय कुमार सिन्हा का शव पड़ोसी इनकम टैक्स लॉयर के घर के कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने तत्काल थाने को इसकी सूचना दी। कुएं की गहराई ज्यादा होने से अग्निशमन वालों को लाश निकालने बातचीत में मृतक के भाई ने मामला पारिवारिक विवाद और झगड़े का बताया उन्होंने कहा कि सुबह अचानक कुएं से तेज आवाज आई जिस पर सब लोग दौड़े और उन्होंने देखा कि मृतक कुएं में कूद चुका है और आत्महत्या कर ली है। मृतक का नाम संजय सिन्हा है, जो अन्नदा चौक के पास बुक स्टॉल चलाते थे। उनके एक बेटा और एक बेटी है। फिलहाल उनकी पत्नी और बेटी पटना में है। मौत के कारणों का पता अभी तक नहीं चल पाया है। फिलहाल शव को पुलिस प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### वेस्ट बोकारो के बड़गांव में अपराधियों ने लूट की घटना को दिया अंजाम

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो ओपी अंतगत बड़गांव में अपराधियों दने गुरूवार की रात महिला को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया । घटना के उपरांत अपराधी भाग निकले। जबकि मामले की सूचना के बाद पुलिस छानबीन कर रही है। घटना के सम्बन्ध में लीला देवी ने बताया की वह घर पर अकेली थीं। उनके पति सीसीएलकर्मी थे। जिनका देहांत हो चुका है। दो बच्चे हैं जो बाहर में पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया की गुरूवार की रात 10-12 की संख्या में आए अपराधियों ने घर का मेन गेट तोड़ दिया। इसके बाद लीला देवी को बंधक बना लिया। इसके बाद अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया और लाखों के जेवरात और नकद लेकर भाग निकले। अपराधी घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी साथ ले गए। घटना के बाद आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिली।

## स्वीप ने चलाया विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान

# मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह के नेतृत्व में जेएसएलपीएस दीदियों द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता पुस्तक व बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में 'वोट करेगा रामगढ़, 20 मई' 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिले में 20 मई को मतदान करने के लिए मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

### बीएलओ ने ग्रामीणों से वोट डालने की अपील की

इस दौरान बीएलओ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाने वाले बाजार हाटों में घूम घूम कर सभी मतदाताओं को आगामी 20 मई 2024 को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने की अपील की गयी। वहीं, इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोभ लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग करने के लिए अपील की।

### स्वीप के तहत आज पत्रकार इलेवन व प्रशासन एकादश के बीच होगा फैंसी क्रिकेट मैच

**बरही ।** भारतीय निर्वाचन आयोग के स्वीप योजना के तहत प्रखंड प्रशासन ने आज क्रिकेट फैंसी मैच का आयोजन किया है. मैच प्रखंड मैदान में संध्या 4 बजे से आयोजित किया जायेगा. जो प्रखंड सह अंचल कर्मी एकादश और पत्रकार एकादश के बीच खेला जाएगा. मैच को लेकर सारी तैयारियां की जा चुकी है. बीडीओ सी आर इंदीवार ने बताया कि मैच का मुख्य उद्देश्य 20 मई के मतदान में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है. प्रखंड के ज्यादा से ज्यादा मतदाता देश के नवनिर्माण के लिए अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करे. उन्होंने बताया कि इस बार सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान होंगे. मतदान को लेकर सभी तैयारियां जारी है. मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो इसके लिए सभी बिंदुओं पर मनन किया जा रहा है. सभी मतदाता बिना किसी लोभ, लालच या भय के अपने बूथ पर पहुंचे और निर्भीकता व निष्पक्षता से अपने मत का प्रयोग करे. यह देश का महापर्व है।

## न्यूज बॉक्स

### सीपीआई नेता अतुल कुमार अंजान के निधन पर जताया शोक

**हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्य अतुल कुमार का निधन लंबे बीमारी के बाद लखनऊ में हो गया। हजारीबाग भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में 2 मिनट मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सहित पार्टी के अन्य सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि स्व. अंजन प्रारंभ से ही राजनीति के क्षेत्र में जिज्ञासा रखते थे और बिहार के बांका जिले से निकलकर लखनऊ में राजनीति की एक मिसाल कायम किया। छात्र जीवन में ही लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यक्ष चुने गए और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से एआईएसएफ के लिए अध्यक्ष चुने गए। अपनी पूरी जिंदगी किसानों पर न्यौछावर कर दी। दिल्ली में किसान आंदोलन जब चल रहा था तो पूरे देश का नेतृत्व किसान आंदोलन के लिए अतुल कुमार अंजन ने किया और पूरे देश को आईना दिखाने का काम किया। उनके निधन से हिंदी भाषी क्षेत्र नेता विहीन हो चुका है जिसकी भरपाई करना असंभव है।

### भारतीय सर्वजन विकास पार्टी के प्रत्याशी सुरेश ठाकुर ने लोकसभा के लिए किया नामांकन



**हजारीबाग।** 14 वा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के लिए शुक्रवार को सुरेश ठाकुर ने उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग के समक्ष नॉमिनेशन दाखिल किया। कहा कि उनका चुनाव लडने का मुख्य उद्देश्य यह है कि आजादी के इतने साल हो जाने के बाद भी जनता के हक और अधिकार के लिए बने संविधान को अभी तक पूरी तरह से लागू नहीं किया गया है। केंद्र सरकार ने अभी तक भारतीय संविधान को लॉकअप में बंद रखा है। हमारी पार्टी इसे जनता के हक और अधिकार को पूर्ण रूप से लागू करने के साथ हीं पार्टी भारतीय संविधान को पाठ्यक्रम में शामिल कराने का काम करेगी जिसे आम आदमी को जीवन जीने की कला मालूम हो सके। हमारे चुनावी घोषणा पत्र में जातीय जनगणना भी कराएगी। हर एक परिवार को रोजगार की गारंटी दिलवाने का काम करेगी। आधुनिक शिक्षा,सड़क, बिजली,पानी,और स्वास्थ्य सेवा की समुचित व्यवस्था होगी। हमारी पार्टी राष्ट्रीय स्तर का एक अभियान चला रखा है जिसका नाम नए भारत का निर्माण करना है।

### गर्मी को देखते हुए मिशन होस्पिटल ने आम लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की



**हजारीबाग।** मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दिन शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए मरीज एवं आम आवाम के लिए मिट्टी से बने गढा एवं ठंडे पानी का व्यवस्था किया गया। इस दौरान प्रचंड गर्मी का प्रकोप से बचने के लिए अस्पताल परिवार द्वारा जन जागरूकता फैलाया गया। लू से बचने का उपाय एवं लक्षण लोगों के बीच साझा किया गया। मिट्टी के गढे ठंडे पानी से मरीज एवं आम आवाम को काफी राहत मिलेगा। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि आम आवाम व मरीजों के लिए गढे का ठंडे पानी से गर्मी से काफी राहत मिलेगा। हजारीबाग बढती गर्मी से लू लगने का खतरा बढते जा रहा है। लू से बचने का उपाय व लक्षण पम्पलेट के माध्यम से आम आवाम में जन जागरूकता के उद्देश्य से फैलाया गया है। उन्होंने कहा कि हर संस्थान को सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। छोटी सी छोटी कोशिश समाज में बडा बदलाव होता है। उन्होंने हजारीबाग जिला वासियों को गर्मी से बचने एवं स्वास्थ्य का देखभाल करने का अपील किया।

### अंतरर्राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर पासवान समाज ने बैजू गहलोत को दी बधाई



**बरही ।** अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पासवान समाज के वरिष्ठ बैजू गहलोत ने सभी मीडिया कर्मियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है. प्रेस बयान जारी कर उन्होंने बताया कि लोकतंत्र की मजबूत स्तंभ मीडिया को आज सुरक्षा की आवश्यकता है. स्वतंत्र और निर्भीक पत्रकारिता करने वालो को दबाने का प्रयास किया जाता है. उनके ऊपर कातिलाना हमला और शोषण करने के कई कुत्सित प्रयास देखने को मिले हैं. मीडिया साथियों को भीं गोदी मीडिया जैसे शब्दों से बचने की आवश्यकता है. लेखनी की धार को हमेशा ही लोकतंत्र की सुरक्षा और समाज के उत्थान तथा समस्याओं के समाधान के लिए चलती रहे. लेख का हर एक शब्द समाज को नई दिशा और दशा देने में सक्षम हो, ऐसा प्रयास होनी चाहिए.

### गर्म हुआ हजारीबाग संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक तापमान, घमासान के आसार

**बरही ।** 18वीं लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के चुनावी तिथि नजदीक आते ही राजनीति गर्मियां बढ़ने लगी है. चौक चौराहों पर चुनावी चचाएं प्रारंभ हो चुकी है. लोक सभा चुनाव के लिए मुख्य रूप से एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल, इंडी उम्मीदवार जेपी भाई पटेल, केबीएसएस समर्थित उम्मीदवार संजय मेहता सहित कुछ निर्दलियों ने अपना नामांकन पत्र समर्पित कर चुका है. 6 मई के बाद राजनीतिक पारा तीव्रता के साथ चढ़ने के आसार दिख रहे हैं. लोगो की माने तो नामांकन के दौरान उमड़ी भीड़ के आधार पर एनडीए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच जेबीकेएसएस समर्थित उम्मीदवार की लोकप्रियता भी सर चढ़कर देखने को मिली. जो झारखंड में बदलाव की ओर इशारा कर रहा है. यूं तो पिछले कई दशक से हजारीबाग बीजेपी का गढ़ माना जाता रहा है. परंतु जब भी विपक्षी ताकतें एक हुई है बीजेपी को परास्त होना पड़ा है. इसी का परिणाम रहा कि 2004 के चुनाव में भाजपा के मजबूत सांसद यशवंत सिन्हा को भी सीपीआई के उम्मीदवार भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने पटखनी देते हुए संसद जाने से रोका था. इस बार की भी राजनीति परिदृश्य कुछ बदली सी नजर आ रही है. अभिमन्यु रूपी एनडीए उम्मीदवार को शिकस्त देने के लिए विपक्षियों ने चक्रव्यूह रच दिया है. इसमें पहली कामयाबी बीजेपी के ही विधायक को अपने पक्ष में करके साझा उम्मीदवार तैयार करने के रूप में मिल चुकी है. झामुमो, कांग्रेस, राजद, वामदल, तृणमूल, आप आदि सेनारूपी पार्टियां एक जुट होकर एनडीए के विजय रथ को रोकने के लिए अपने तरकश में कई अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़ी जाति जैसे मतदाताओं के वाण सजा चुके है. इसके अलावा द्रोणाचार्य रूपी आचार्य पूर्व विदेश सह वित्त मंत्री व देश के कद्दावर राजनीतिज्ञ यशवंत सिन्हा के मिलते सहयोग से जहां इंडी गठबंधन विश्वास व एनडीए उम्मीदवार की परेशानियां बढ़ी है. इसके साथ ही इंडी गठबंधन को सीएम सहित बरही, बड़कागांव और मांडू विधायक सहित कई पूर्व विधायक, सांसद और नेताओ का प्रत्यक्ष रूप से सहयोग मिल रहा है. इसके अलावा एनडीए के कई कार्यकर्ता परदे के पीछे से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार के समर्थन में कार्य कर रहे है, जो एनडीए उम्मीदवार के लिए घातक हो सकता है.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कन्या, किशोर व तरुण भारती के निर्वाचन के लिए हुआ मतदान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में कन्या भारती, किशोर भारती एवं तरुण भारती के पदाधिकारी के निर्वाचन के लिए भैया-बहनों ने शुक्रवार को मतदान किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से कन्या भारती, किशोर भारती एवं तरुण भारती के प्रमुख पदाधिकारियों का निर्वाचन पद्धति से मतदान की प्रक्रिया द्वारा चयन किया जा रहा है। उन्होंने भैया-बहनों को मत एवं मतदान के बारे में विस्तार से बताया। लोकतंत्र में मत का क्या महत्व है उन्होंने भैया-बहनों को इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन अध्यक्ष, सेनापति सहित विभिन्न विभागों के दायित्व निर्वहन के लिए प्रत्याशी के रूप में अपना नाम दर्ज कराया एवं विद्यालय में पढ़ने वाले भैया-बहनों ने अपने-अपने मत प्रत्याशियों के लिए डाल कर मतदान किया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन, पूनम सिंह दीदी, आचार्य बंधु-भगिनी एवं भैया -बहन उपस्थित थे।

## इंडी गठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल का केरेडारी दौरा कल

# विस्थापितों के अधिकार के लिए इंडी को जीताना जरूरी : अंबा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आगामी 5 मई को लोकसभा महागठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का केरेडारी एवं पिपरवार दौरा व जनसंपर्क कार्यक्रम तय हुआ है। जनसंपर्क अभियान को लेकर केरेडारी में महागठबंधन के नेता एवं कार्यकताओं के साथ बैठक हुई। उक्त बैठक में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद मौजूद रही। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता एवं संचालन मो दिलदार अंसारी ने किया। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने एवं आगामी रविवार को होने वाले जनसंपर्क अभियान को लेकर तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि रविवार को प्रखंड के सभी 16 पंचायत एवं पिपरवार क्षेत्र के तीन पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा जिसका रूट चार्ट भी बनाया गया है। विधायक अंबा प्रसाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विस्थापितों के हक अधिकार को बचाना है तो महागठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाना होगा। पूरे लोकसभा क्षेत्र में जयप्रकाश भाई पटेल को सभी जाति, समुदाय का भरपूर सहयोग मिल रहा है, आने वाले 20 मई को एकजुटता का परिचय देते हुए हाथ छाप का बटन दबाकर लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को विजयी बनाना है। महागठबंधन के सहयोगी माले नेता पेरु प्रताप ने अनुशासन में रहकर जनसंपर्क अभियान चलाने की बात कही। वहीं झामुमो नेता विनेश पासवान ने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसका निर्वहन ईमानदारी से करूंगा।

### गिद्दी ए परियोजना एक्सावेशन वर्कशॉप में समारोह का आयोजन

**गिद्दी।** गिद्दी ए परियोजना एक्सावेशन वर्कशॉप में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अरगड्डा क्षेत्र को बेस्ट एरिया के लिए दो और क्षेत्र के गिद्दी ए परियोजना को माइंस ग्रेड बी ग्रुप में दो पुरस्कार दिए जाने पर हर्ष जताया गया। सीसीएल मुख्यालय रांची में मई दिवस पर आयोजित समारोह में यह पुरस्कार दिया गया है। अरगड्डा क्षेत्र के जीएम एसके झा ने इसकी जानकारी दी है। जीएम एसके झा ने बताया पिछले वर्ष की तुलना में अरगड्डा क्षेत्र को कोयला उत्पादन में साकारात्मक विकास के साथ उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने की उपल्ब्धि के लिए और कोयला के प्रेषण में साकारात्मक विकास के साथ सापेक्ष उपलब्धि के लिए सर्वोत्तम क्षेत्र का पुरस्कार दिया गया है। कोयला उत्पादन में 112.01 प्रतिशत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए द्वितीय पुरस्कार और सर्वश्रेष्ट ओसीपी खदान ग्रेड बी विभागीय क्षमता उपयोग में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। साथ ही व्यक्तिगत रूप से सर्वश्रेष्ट शॉवेल उत्पादकता में मुबारक को द्वितीय और भगवान यादव को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

## आईसेक्ट विवि में फैशन शो का आयोजन

# अनेकता में एकता भारत की खूबसूरती : डॉ मुनीष गोविंद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शो के दौरान विभिन्न संस्कृति और पोशाक की झलक देखने को मिली। विश्वविद्यालय के फैशन शो में अलग-अलग परिधानों को पहनकर जब प्रतिभागियों ने रैंप पर वॉक किया तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस शो में विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परिवेश के विविध रंग देखने को मिले। शो के दौरान जज के रूप में डॉ रोजीकांत, डॉ विनिता कुमारी व डॉ अरविंद कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहां के अलग-अलग भाषा, वेशभूषा और संस्कृति भारत को खास बनाती है, वहीं अनेकता में एकता के देश भारत की विभिन्न संस्कृतियां, इसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि फैशन शो प्रतियोगिता से जहां विद्यार्थी विभिन्न संस्कृतियों से रूबरू होते हैं, वहीं विभिन्न क्षेत्रों या राज्यों के वेशभूषा को भी समझने का मौका मिलता है।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर

# रक्तदान से किसी की जान बचाना सबसे बड़ा धर्म है : निर्मल जैन



### रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया व अपना बहुमूल्य मत देने के लिए भी प्रेरित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने मजदूर दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया। शिविर का शुभारंभ महेंद्र प्रजापति, सोनू कुमार और राजेश गिरी ने रक्तदान करके किया। तत्पश्चात कैलाश यादव, दिलीप कुमार केसरी, आकाश गुहा, अर्जुन यादव, फिरोज अंसारी, योगेश जैन, पुनीत बग्गा, प्रदीप कुमार महतो, लालचंद महतो, मोहम्मद दानिश, मुदस्सिर अब्दुल्ला, आनंद कुमार, विकास पांडे, विवेक मिश्रा, दामोदर पांडे, अविनाश पंडित, दिनेश पंडित, बबलू कुमार, दीपक कुमार, रितेश कुमार, पिंटू कुमार और दीपक राज समेत अनेक रक्तदाताओं ने इस भीषण गर्मी में भी रक्तदान कर मानवता का परिचय रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्ज्वल भविष्य की। कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी की जान बच जाती है तो वह सबसे बड़ा धर्म है। इस मौके पर साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा रक्तदाताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देने के लिए भी प्रेरित किया गया। शिविर को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र प्रजापति, सोनू कुमार, योगेश जैन, पुनीत बग्गा, मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुकीम अख्तर, अखैरी, मुरली प्रजापति, शमशाद हुसैन, शीलाकुमारी, मधु कुमारी एवं निहाल राज का विशेष सहयोग रहा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन

# प्रदर्शनी की रचनात्मकता और सृजनात्मकता ही गुणवत्ता को दर्शाता है : एसडीओ



**◆बच्चे गिले मिट्टी की गोलियां है. इसे जिस ढांचे में रखेंगे. वैसा ही आकार निखरेगा**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
गुरुवार की संध्या डीएवी स्कूल बरही में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, पेंटिंग्स व भाषा पर आधारित छठा मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. जिसमें प्राकृतिक आपदा प्रदूषण, भूकंप, भू क्षरण, गणित के पाईथागोरस सिद्धांत आदि पर आधारित कई मॉडल प्रस्तुत किए गए. जिसका शुभारंभ एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार, डीएवी झारखंड जोन के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी निशिकांत कर आदि गणमान्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर के सिंह प्राचार्य डीएवी कोडरमा, ए के प्रखर प्राचार्य डीएवी तोरपा, एमपी चटर्जी प्राचार्य डीएवी गिद्दी, एलएमसी सदस्य इंद्रदेव यादव, राज सिंह चौहान सहित कई अभिभावक व विद्यालय के कई बच्चे उपस्थित थे. सभी आगंतुकों का प्राचार्य अशोक कुमार सिंह से बुके देकर स्वागत किया. अपने उद्बोधन में एसडीओ ने कहा कि प्रदर्शनी की रचनात्मकता और सृजनात्मकता ही उसके गुणवता को दर्शाता है. डीएवी के विद्यार्थियों का यह प्रयास यह बताने के लिए काफी है कि विद्यालय के विद्यार्थियों व आध्यपकों ने अध्ययन अध्यापन में कोई कसर नहीं छोड़ी है. जिसका परिणाम ही इस प्रदर्शनी का आकर्षक और ज्ञानकारी मॉडल है. एसडीपीओ ने कहा कि बच्चे गिले मिट्टी की गोलियां है. इसे जिस ढांचे में रखेंगे. वैसा ही आकार निखरेगा. इसे निखारने के लिए अध्यापक और अभिभावकों की सहभागिता आवश्यक है. उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चे आगे बढ़े. विज्ञान, गणित या भाषाई क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर बरही की पहचान बनाए. असिस्टेंट जोनल पदाधिकारी ने कहा कि डीएवी ने शिला की गुणवता के साथ कभी भी समझौता नहीं किया है. विभिन्न समयांतराल में प्रदर्शनी, स्पोर्ट्स, डिबेट इत्यादि कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाता है. इसके लिए शिक्षको को भी उच्च प्रशिक्षित करने का काम जाता रहा है.

## चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा, किया पुलिस के हवाले



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम पिपराही में बीते रात चोरी का मामला प्रकाश में आया है। घर के मालिक सुभाष हंसदा,पिता स्व. शम्भू मांझी को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने अगल-बगल के लोगों को फोन के माध्यम से बुलाया जिसके बाद चोर पकड़ा गया। ज्ञात हो कि इस रात ही सुभाष हंसदा का शादी के लिए तिलक करने कुछ लोग ज्वारपहाड़पुर, गोरहर से आए थे। उसी में चोरी करने वाला व्यक्ति भी शामिल था। चोर ने रात्रि में सोती हुई घर की महिलाओं के पैर से चांदी का प्याला निकाला, घर में रखे पैसे चुराकर भाग रहा था जिसे ग्रामीणों के सहयोग से उसे रंगे हाथ पकड़ लिया गया। यह चोर ईश्वर महतो (50 वर्ष) ग्राम खैरा थाना टाटी झरिया का बताया जा रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि इसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। घटना की सूचना मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात ग्रामीणों में चोर को पुलिस के हवाले कर दिया।

## एक नजर

### धरनाटूपू गांव का जिला परिषद सदस्य ने जाना हाल-चाल

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के आरानी पंचायत के अंतर्गत धरणाटुपु टोली आजादी के बाद से लेकर आज तक गांव में मूलभूत सुविधाओं घोर कमी है । मामले की जानकारी मिलने पर शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य शांतिबाला केरकेटा , एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सरताज खान महा सचिव अशोक राम , के द्वारा धरणाटुपू गांव का पैदल भ्रमण किया गया। इस दौरान मनरेगा के तहत बन रहे पुल का भी निरीक्षण किया ,साथ ही निर्माण कार्य में काम कर रहे श्रमिकों से बात चीत कर उनका हाल जाना। धरणाटुपु पहुंचने पर जाना कि आजादी के इतने सालो बाद भी इस गांव में मूल सुविधाएं जो अभी तक मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पाई है ।गाँव मे बिजली, रोड़,पीने का पानी इत्यादि की समस्या है। सड़क ऐसी है की विपत्ति समय पर एंबुलेंस का आना भी असंभव है। गांव में एक नाला है जहां पर लकड़ी की पुलिया बनाई गई है जिससे ग्रामीणों का आना-जाना होता है और गांव के लोग उसी के सहारे से अपनी जीवन यापन कर रहे हैं बताया गया कि गांव की दूरी एनएच 143 रोड़ से मात्र 2 किलो मीटर है। समस्याओं को जानने के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जिले के उपायुक्त को मामले की जानकारी देकर गांव की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

### कोयला लदा 407 वैन जब्त, दो गिरफ्तार, दो तस्कर का खुलासा

**बरही ।** जीटी रोड स्थित रसोईया धना टोल प्लाजा से कोयला लद्दाख 407 वैन जब्त किया गया. उक्त कार्रवाई एसडीपीओ सुरजीत कुमार के निर्देश पर इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में की गई. जानकारी के अनुसार वन में 40 बोरी कच्चा कोयला लदा हुआ था. इंस्पेक्टर ने बताया कि गाड़ी मालिक के बिनोद गुप्ता के कहने पर कोयला नगवा निवासी अनिल महतो ने गया ले जाने के लिए लोड करवाया था. जप्त किए गए वाहन से चालक संजीत कुमार (22) पिता प्रकाश यादव और उप से चालक परमेश्वर (२५) कुमार पिता दुखी यादव को गिरफ्तार किया गया. दोनों दरिऔरा करमौनी थाना डोभी जिला गया (बिहार) के रहने वाले थे. गिरफ्तार किए गए चालक ने पुलिस को दो अन्य कोयल तस्करो का नाम का भी खुलासा किया है. इन सबों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिक की दर्ज कर पुलिस उचित कार्यवाही में लग गई है.

### समाज से बहिष्कार पर एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के मुरकमनाई में एक परिवार को सामाजिक बहिष्कार किये जाने के मामले को लेकर पीड़ित मुरकमनाई निवासी नारायण ठाकुर ने एसपी को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। दिए आवेदन मे बताया है कि वे बिल्कुल ही गरीब व्यक्ति है। किसी तरह से मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का जीविकापार्जन करता है। उसके गांव के ही कुछ दबंग जिनमें गोपाल ठाकुर, सुधीर ठाकुर,छोटु ठाकुर, दिलीप ठाकुर, सुखदेव शर्मा, रितलाल ठाकुर के शामिल है। उक्त सभी मिलकर एकमत होकर उसे उसका जमीन बिक्री करने के लिए घर पर आकर मजबूर करने लगे।

#### कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर व प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे सिमडेगा, कहा

# कालीचरण मुंडा खूंटी सीट से दो लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीतेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शुक्रवार को सिमडेगा पहुंचे। मौके पर प्रदेश प्रभारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्यासी को जीताने के लिए कई टिप्स दिए। इधर जिले के कार्यकर्ताओं ने भी प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि इस बार कालीचरण मुंडा खूंटी सीट से दो लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीतेंगे। जिले की जनता भाजपा शाषण से तंग आ चुकी है और इस बार कालीचरण मुंडा को ही बेहतर विकल्प के रुप में देख रही है। मौके पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जो लोग 2014 मे आए थे, 2024 मे जाएंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का एक-एक फैसला संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने का है। आप सभी आम जनता इस लोकसभा चुनाव में चूके तो आपके वोट का अधिकार भी खत्म कर देंगे।

#### भाजपा भगाओ, लोकतंत्र और संविधान बचाओ : राजेश ठाकुर

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचारियों की पार्टी है। आज पूरे देश की जनता की एक ही पुकार है। भाजपा भगाओ लोकतंत्र बचाओ, भाजपा भगाओ देश बचाओ , भाजपा भगाओ संविधान बचाओ। भाजपा ने इस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ जो व्यवहार किया वह जनता भली-भांति जानती है। इस चुनाव में आप सभी जनता को सबक सिखाना है। इसलिए तमाम जनता से अनुरोध है कि अपने कीमती वोट का सही इस्तेमाल करें।

#### कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से मिलेगी जीत : विधायक

विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि खूंटी लोस से इस बार कांग्रेस प्रत्यासी कालीचरण मुंडा को भारी मतों से जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में संविधान रहे, यह जरूरी है। पर भाजपा के लोग संविधान बदलना चाहते हैं। विधायक ने कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं। दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने से हम खत्म नहीं होंगे। कांग्रेस पार्टी वीरों की पार्टी है। अंग्रेजों की गोली से जब नहीं डरे तो इन चापलूसों से क्या डरेंगे। मोदी झूठ बोल कर वोट लेते हैं और फिर लोगों को तंग और तबाह करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें तानाशाही सरकार को हटाना ही होगा।

### एसएसटी टीम ने पांच करोड़ के जेवर पकड़े, आईटी की टीम कर रही जांच

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस की एसएसटी टीम काफी सक्रियता से कम कर रही है। रामगढ़ और हजारीबाग की सीमा पर मांडू थाना के समीप बने चेकनाके पर पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। इस मामले में रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम इस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने तक जेवर और वाहन को पुलिस कस्टडी में ही रखा गया है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसका प्रयोग चुनाव के दौरान होना था या नहीं। उसमें किसी प्रकार की इनकम टैक्स की चोरी तो नहीं की गई है। बताया जाता है कि रांची एयरपोर्ट से सात पेटियों में लगभग पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर लेकर गार्ड आलोक सिंह, ड्राइवर सुमन और स्कॉटर वीरेंद्र हजारीबाग जा रहे थे। उन जेवरों को हजारीबाग के विभिन्न जेवर दुकानों में डिलीवरी देने की बात बताई जा रही है।

### राधा गोविंद स्कूल में व्यायाम के दौरान पांचवीं कक्षा के छात्र की मौत

**रामगढ़ ।** रामगढ़ शहर के राधा गोविंद स्कूल में शुक्रवार की सुबह व्यायाम के दौरान एक छात्र की मौत हो गई। सूचना के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ पुलिस राधा गोविंद विद्यालय पहुंची है और पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक छात्र आर्यन कुमार पांचवी कक्षा में पढ़ता था। वह बच्चा विद्यालय के हॉस्टल में रहकर ही अपनी पढ़ाई पूरी कर रहा था। इस हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। भीषण गर्मी में स्कूल बंद होने पर भी कैसे चल रहा था विद्यालयऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि भीषण गर्मी की वजह से उस छात्र की तबीयत बिगड़ी और अंततः उसकी जान चली गई। गर्मी की वजह से राज्य सरकार ने कक्षा आठ तक के सभी बच्चों की छुट्टी कर दी है। उसके बावजूद विद्यालय का संचालन कैसे किया जा रहा था। इस मामले पर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की ओर से भी जांच शुरू हो गई है। समाचार लिखे जाने तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

#### भारतीय महिला हॉकी टीम की नई कप्तान सलीमा टेटे का गांव सुविधा विहीन

# पीने के पानी के लिए तय करनी पड़ती है लंबी दूरी



**विकास साहू। सिमडेगा**

सिमडेगा जिला जिसे हॉकी के नर्सरी के रूप में जाना जाता है यहां के कई खिलाड़ी देश-विदेश में जाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक में खेल कर सिमडेगा जिले का नाम रोशन किया है और लगातार आगे भी कई खिलाड़ी अभी भी खेल रहे हैं। बुधवार को हॉकी इंडिया द्वारा एफआईएच प्री लीग हॉकी के लिए भारतीय महिला टीम की गठन करते हुए सिमडेगा की बेटी सलीमा टेटे को भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बनाया गया है। सलीमा मूल रूप से सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत पिथरा पंचायत के बड़की छापर गांव की है। कप्तान बनने पर पिता सुलक्षण टेटे ने खुशी जताते हुए बेटी को भी बधाई दिया है। जानकारी देते हुए उसने बताया कि गरीबी और तंगहाली के बीच उसे बहुत ही मेहनत से पढ़कर इस मुकाम तक उन्होंने पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि वह अपने खुद के मेहनत और काबिलियत के बल पर लगातार प्रयास करते हुए आज यहां पर पहुंची है। वह स्कूली शिक्षा के दौरान खुद से खाना बनाकर पढ़ाई के साथ-साथ गरीबों के बीच पढ़ाई की है उन्होंने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा चौथी तक गांव में पढ़ाई की जिसके बाद तुमडेगी स्कूल की पढ़ाई की और उसके बाद सिमडेगा जाकर पढ़ाई की।

#### नेशनल टीम से इंटरनेशनल तक ऐसा रहा सलीमा का सफर

गांव में अपने खेल के साथ गुमनामी की अंधेरे में जी रही सलीमा पहली बार लट्ठाखमन गांव में खस्सी टूनामेंट खेलने गई थी, जिसे हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज प्रसाद की नजर पड़ी और उन्होंने उसे पहली बार तराश कर शहर के बढ़िया टर्फ में खेलने का मौका दिया और कहीं ना कहीं उनके योगदान से आज सलीमा भारतीय हॉकी टीम की कप्तान तक का सफर तय की है ।सलीमा टेटे ने साल 2013 में का चयन सिमडेगा में संचालित आवासीय हॉकी सेंटर में हुआ था।हालांकि इसके बाद उन्हें स्टेट टीम में खेलने का मौका मिला उसके बाद सलीमा ने अपनी काबिलियत के बदौलत नेशनल टीम में जगह बना ली

#### महिला हॉकी कप्तान के गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी

पिता ने बताया की बेटी कप्तान होने के बावजूद आज भी गांव में कई प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से गांव जूझ रहा है गांव में पीने की पानी के लिए काफी समस्या है। गांव के लोग नदी में जाकर नहाने पर मजबूर है इसके अलावा पीने की पानी गांव से महज कुछ दूर दूसरे गांव के सीमा पर जाकर पानी लाना पड़ता है। इधर बेटी की कामयाबी पर खुशी जताते हुए मां ने बेटी को शुभकामनाएं दी और उन्होंने बताया कि उसकी बेटी ने उसे कॉल किया था और उसने कप्तान बनने की जानकारी दी।

## धूमधाम के साथ संपन्न हुआ श्याम मित्र मंडल का 45वां श्याम महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा के आनंद भवन धर्मशाला में गुरुवार को श्याम मित्र मंडल के सौजन्य से 43वां श्याम महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इससे पूर्व पूरे विधि विधान के साथ श्रीश्याम प्रभु खाटू वाले की ज्योत जलाई गई। पूजन अनुष्ठान आचार्य विधाबंधु शास्त्री ने यजमान राजेश केशरी एवं शरत बामरिया की उपस्थिति में संपन्न कराया। इसके पश्चात श्याम मित्र मंडल सिमडेगा के स्थानीय कलाकारों द्वारा गणेश वंदना गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कोलकाता से आए कलाकार हर्षिता एवं जयंत ने महोत्सव के दौरान एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत की भजनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए एवं रात भर झूमते रहे। समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। 43 वां वार्षिक महोत्सव के आयोजन में मित्र मंडल के ओम प्रकाश अग्रवाल, श्याम लाल शर्मा, विजय अग्रवाल, अशोक जैन, पवन जैन मोहित,संजय शर्मा, प्रदीप शर्मा, पवन जैन राज, संटी वामलिया, रजनीश अग्रवाल,रवि गोयल, सचिन शर्मा, राहुल अग्रवाल, नमन वोंदिया, कानहू अग्रवाल मित्र मंडल के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## दिलीप तिर्की ने किया अस्पताल का निरीक्षण, पाई गई सुविधाओं की कमी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की ने कई शिकायतों के बाद शुक्रवार को सिमडेगा सदर अस्पताल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान देखा कि हजारों मरीजों का केंद्र बिंदु बना यह अस्पताल जिसमें कई असुविधाजनक चीजों से मरीज गुजर रहे हैं। जिसमे आज गर्मी के दिनों में पानी सुचारू रूप से होना चाहिए लेकिन अस्पताल में इसी की कमी है। हाथ धोने के लिए पानी के कई नल लगे हैं किंतु एक से भी पानी नही आता। सिर्फ एक छोटा वाटर फिल्टर से लोग पानी पी रहे। जबकि महिला जेनेरल वार्ड के पास लगे फिल्टर ही खराब हैं। इसी हॉस्पिटल को 3 महीने पहले डिजिटल एक्स-रे मशीन टाटा कंपनी ने दिया है। वहां के कर्मियों को पूछने पर पता चला कि इसे चलाने के लिए लाइसेंस नही है। दिलीप ने ऐसी बदहाली देखते हुए कहा कि कौन सी ऐसी लाइसेंस की प्रक्रिया है, जो 3 महीनों में अभी तक पूरी नहीं हो पा रही और मशीन अबतक ठप है। साथ ही पानी गर्मी में कितनी जरूरी है, फिर भी अबतक ये नल आखिर बंद क्यों है ये समझ से परे है। कही ऐसा तो नही की जिले में जिस तरह डॉक्टर की कमी है उसी प्रकार फण्ड की भी सदर अस्पताल में कमी है? शायद इसलिए ऐसी असुविधा लोग झेल रहे। इन सब चीजों के लिए सरकार करोडों की फंड दे रही लेकिन यहाँ सिर्फ सर्दी बुखार खांसी या कभी कभी टूटे पैर हाथ का एक्स-रे और प्लास्टर जैसे इलाज ही होते हैं। बाकी सब चीजों के लिए रेफर ही बेस्ट इलाज है। जबकि यहाँ पीआईसीयू जैसे वार्ड में अत्याधुनिक उपकरण पड़े-पड़े धूल खा रहे। जिसका कोई उपयोग नही। ऐसे बिदुओं पर डॉ. सिविल सर्जन को विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि लोगों का भला हो सके। दिलीप ने यह भी कहा कि लिखित आवेदन के साथ जिला उपायुक्त से भी वो मिलेंगे। ताकि जिले के मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

#### अस्मित लकड़ा अपने इलाज को लेकर दरबदर की खा रहे हैं ठोकर

# विधायक के आश्वासन के बाद भी अब तक नहीं मिला लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा प्रखंड के बेहरीनबासा गिरिजा टोली निवासी अस्मित लकड़ा उम्र करीब 24 वर्ष गंभीर रोग से पीड़ित है जिसका कहीं इलाज नहीं हो रहा है। अपनी बीमारी का इलाज कराने को लेकर दरबदर की ठोकरे खाने को मजबूर है। जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा के आयुष डॉक्टर देवतोष भूटिया ने बताया कि अपने मां फुलेरिया लकड़ा के साथ बोलबा स्वास्थ्य केंद्र आई थी। अस्मित लकड़ा को पोलाइड नामक बीमारी हुई है। यह बीमारी लाखों आदमी में एक होती है। यह बीमारी अप्रत्याशित रूप से शरीर में वृद्धि करती है। यह शुरूआत में शरीर में मसा के रूप में निकलती है जिसके बाद यह शरीर के ऊपर अत्यधिक मांस को एकत्रित कर विकराल रूप को धारण करती है। जिसके कारण ही अस्मित लकड़ा के सिना एवं बाये पैर में बृहद रूप से मांस जमा हो गई है। अस्मित



लकड़ा की मां फूलेरिया लकड़ा ने बताया कि करीब 1 साल होने जा रहा है। बोलबा प्रखंड मुख्यालय के पत्रकारों ने मेरे बेटे की समस्या को प्रमुखता से अपने-अपने अखबार में प्रकाशित किया था जिसके बाद 2 अगस्त 2023 को पूर्व सीएस सिमडेगा नवल किशोर एवं पूरे मेडिकल के टीम के साथ बेहरीनबासा गिरजाटोली जाकर पीड़ित व्यक्ति को बेहतर इलाज सरकारी खर्चे में करने को लेकर आश्वासन दिया था। इसे दुर्भाग्य ही समझे की इस घटनाक्रम के दूसरे दिन ही सिमडेगा सीएस नवल किशोर का तबादला हो जाता है। फूलेरिया लकड़ा ने बताया कि कई बार हमारे विधायक नमन विक्सल कोंनगाड़ी को इस समस्या को लेकर अवगत कराई है पर सिर्फ आश्वासन के सिवा किसी प्रकार का ठोस पहल नहीं कराया गया । उन्होंने कहा कि करीब 8 महीने पूर्व अपने खर्चे से रांची स्थित रिम्स अस्पताल में जाकर करीब डेढ़ महीने रहकर मेरे बेटे का सीने में जमा हुआ मांस को हटाने को लेकर तीन बार ऑपरेशन किया गया ।जिसके बाद मैंने कहा कि पैर में भी इसी तरह की समस्या है इसे भी ऑपरेशन कर हटाया जाए पर वहां के डॉक्टर के द्वारा कहा गया कि यहां संभव नहीं है हम इन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स के लिए रेफर करते हैं।

#### पत्रकारों के सहयोग से रिम्स में इलाज तो हुआ पर एम्स जाने में असमर्थ

एक तो गांव के लोग किसी तरह बोलबा प्रखंड के पत्रकारों के सहयोग से रांची स्थित रिम्स में जाकर इलाज तो कर दिया गया पर एम्स जाने को लेकर परिवार के लोग पूरी तरह से मजबूर दिखे। फूलेरिया लकड़ा ने कहा कि मेरे तीन बच्चे हैं दो लड़का और एक लड़की है। यह पीड़ित लड़का ही मेरे घर में सबसे बड़ा लड़का है। इसके इस तरह से बीमार होने से हम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।एक तरफ तो गरीबों की मार झेल रहे हैं, इस तरह हम लोग मेरे लड़के का इलाज किस तरह हो जिसको लेकर हम पूरे परिवार के लोग सदमे में रहते हैं ।पीड़ित परिवार के लोगों ने जिला के आला अधिकारियों एवं तमाम जनप्रतिनिधियों से अपने बच्चों की बेहतर इलाज करने को लेकर गुहार लगाई है।

## प्रधान जिला जज ने सभी पीएलवी सदस्यों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में प्रधान जिला जज सह राजीव कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में शुक्रवार को सिमडेगा जिले के सभी पारा लीगल वॉलेंटियरों का प्रशिक्षण सह-मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक पारा लिगल वोलेंटियर निस्वार्थ भाव से कार्य करें। झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा समय-समय पर दिये गये कार्यों यथा विधिक जागरूकता शिविर, डोर टू डोर कार्यकम, सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओ के बारे में भी आम लोगों को भी अवगत कराये एवं अन्य कार्यकम का आयोजन कर उसका प्रतिवेदन समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा को समर्पित करें। मौके पर पीएलवी से उनके समस्याओं के बारे में भी अवगत हुए।इसके अतिरिक्त उपरोक्त एलएडीसीएस के अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें बताया गया कि वे अधिक से अधिक लोगों को न्याय दिलाने को कार्य करें। कार्यकम में डालसा सचिव मरियम हेमरोम, डिप्टी एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट सुकोमल एवं जिला के सभी क्षेत्रों से आये पीएलवी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बानो में चिह्नित मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से कराया गया मतदान



**बानो।** प्रखण्ड के चार चिन्हित मतदाताओं का शुक्रवार को होम मतदान कराया गया। प्रखण्ड के विभिन्न बूथों के चार दिव्यांग मतदाताओं का होम वोटिंग पोस्टल बैलेट के द्वारा किया गया। प्रखण्ड के राज्यकीय उ म वि समडेगा बूथ में सावना भुइँया व जेठू अहीर ,रा मध्य विद्यालय बानो बूथ में बिसवासी पहान व कनारोवां बूथ से बेला वगरैला का वोटिंग पोस्टर बैलेट के माध्यम से किया गया मौके पर सम्बंधित बूथ के बीएलओ ,राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि आदि लोग उपस्थित थे।

### ठेठईटांगर में खुला झारखंड पार्टी का चुनावी कार्यालय



**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय में झारखंड पार्टी के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन। पार्टी के के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने फीता काटकर कार्यालय का किया उद्घाटन। मौके पर उन्होंने कांग्रेस और भाजपा लोगों को धर्म के नाम पर ठगने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी कांग्रेस और भाजपा दोनों को जवाब देगी। एनोस एक्का ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद झारखंड पार्टी महागठबंधन के साथ मिलकर आदिवासी, मुलवासी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, सामान्य सभी के उत्थान के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी झारखंड पार्टी के खिलाफ दुष्प्रचार कर लोगो को बरगलाने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ आदिवासी समाज और अल्पसंख्यक समाज को ठग कर केवल वोट लेने का काम करती है। मौके पर संदेश एक्का, ओम प्रकाश अग्रवाल, मतियस बागे, ललित समद, सुरसेन तिर्की, प्रियंका केरकेट्टा, अबनेजर, अजर कुल्लू, पावेल मुंडू, बाबूराम लकड़ा, मो अशरफ, मो सोनू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बानो में लू लगने से शिक्षक की हुई मौत




**बानो।** जिले में लगातार भीषण गर्मी पड़ रही है जिससे जनजीवन पूरी तरफ से प्रभावित हो गई है गर्मी की वजह से लोग अपने घरों में हैं। वही दूसरी ओर लू की चपेट में आने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इधर बानो प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमतई के सहायक अध्यापक सुदर्शन जोजो का शुक्रवार की सुबह राउरकेला में निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को विद्यालय से आने के क्रम में लू लग गई थी।लू लगने पर शाम को इलाज के लिये राउरकेला ले गया ।जिनका आज तड़के निधन हो गया। वही इधर शिक्षक की मौत पर शिक्षक संघ ने भी शोक व्यक्त किया है।

### सिमडेगा पुलिस ने नशीली दवा बेचने वाले युवक को किया गिरफ्तार, गया जेल



सिमडेगा। सिमडेगा पुलिस ने साप्ताहिक बाजार सिमडेगा में नशीली कैप्सूल बेचने वाले युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। युवक की पहचान सिमडेगा खैरनटोली नूर मोहल्ला निवासी मोहम्मद दानिश के रूप में हुई ।शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में कपड़े का दुकान खोलकर नशीली कैप्सूल बेचने का काम करता था जिसकी गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी और उसी के आधार पर छापेमारी करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया और उसके पास से भारी मात्रा में नशीली कैप्सूल बरामद किया गया वहीं एसडीपीओ ने बताया कि यह उड़ीसा से लाकर यहां पर इसका कारोबार करता था ।इस मामले में उड़ीसा के कारोबारी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चल रही है जल्द उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### स्कूली बच्चों ने मतदान को लेकर निकाली जागरूकता साइकिल रैली, 330 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग




**सिमडेगा।** स्वीप कोषांग के तहत शुक्रवार को मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकाली गई जिसमें जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा बालक एवं बालिका सिमडेगा के 330 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। साइकिल रैली एसएस स्कूल से प्रारंभ होकर कचहरी से होते हुए महावीर चौक तथा भट्टी टोली से पुनः मेन रोड में वापस होकर प्रिंस चौक से होते हुए गांधी मैदान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई। छात्र-छात्राएं मतदाता जागरूकता को लेकर नारा लगा रहे थे जैसे पहले मतदान फिर जलपान, 13 मई मतदान दिवस, अबकी बार 80 पार आदि नारे लगाए । शिक्षक सत्यजीत कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब का दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा लोग 13 मई को अपने-अपने घरों से निकालकर बूथ पर पहुंचे और एक जागरूक मतदाता होने का परिचय दें ,अपना मताधिकार का प्रयोग करें। इस दायित्व को हम सभी को निभाना है और सिमडेगा के वोटिंग परसेंटेज को बढ़ाना है। अंत में सत्यजीत कुमार के द्वारा मतदाता शपथ दिलवाया गया।

## एक नजर

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के राजलाबांध पंचायत अंतर्गत जागधा गांव में देर रात्रि पुलिस ने छापामारी की. पुलिस ने इस दौरान अवैध विदेशी शराब के साथ राजा मंडल नामक युवक को गिरफ्तार किया. उसे शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने देर रात राजा मंडल के घर से 72 बोतल विभिन्न कंपनी के विदेशी शराब जब्त किये. पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल करने के पश्चात कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया. उधर इस छापेमारी के दौरान अवैध शराब बेचने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

### उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन में टीटीई को मिले दो बच्चे

**चक्रधरपुर।** ऋषिकेश-पुरी योगनगरी ऋषिकेश से पुरी जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन में गुरुवार रात ट्रेन के टीटीई को दो बच्चें मिले. जब ट्रेन में टीटीई ने बच्चों से उनके अभिभावकों के बारे में पूछताछ की तो बच्चों ने अभिभावकों के साथ नहीं होने की बात कहीं. ट्रेन के टीटीई को संदेह होने पर दोनों बच्चों को चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर उतारकर आरपीएफ के हवाले कर दिया गया. इस संबंध में टीटीई संतोष कुमार ने बताया कि ट्रेन में चेकिंग के दौरान राउरकेला स्टेशन जब ट्रेन पहुंची तो दोनों बच्चों को बैग लटकाये हुये ट्रेन में भटकते हुये पाया.वहीं बच्चों से जब उसके मां-पिता के बारे में व गंतव्य स्थान के बारे में पूछा जाने लगा तो दोनों बच्चें सही तरीके से जवाब नहीं दे रहे थे.इसे देखते हुये चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों बच्चों को उतारकर आरपीएफ के हवाले कर देने का निर्णय लिया गया.वहीं चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों बच्चों में एक ने अपना नाम सूर्या कैवटी व दूसरे ने छोटू कैवटी बताया. दोनों बच्चों की उम्र लगभग दस से बारह साल के बीच है. दोनों खूद को भाई बता रहे हैं. चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों बच्चों ने बताया कि उन्हें इलाहाबाद जाना है।

### कचरा गोदाम में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**धनबाद।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के नेहरू रोड सुभाष नगर स्थित अमन सिंह के कचरा गोदाम में शुक्रवार की शाम अचानक आग लग गई. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि इलाके में अपरातफरी का माहौल बन गया. फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. अगलगी की इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई है. हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. आग लगने के कारणों का पता अभी तक नहीं चल पाया है. सूचना पाकर एसडीपीओ रजत मानिक बाखला व चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन की. एसडीपीओ ने कहा कि गोदाम के आसपास घनी आबादी है. भगवान का शुक्र है कि फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता दिखाते हुए आग पर जल्द काबू पा लिया. वर्ना बड़ी घट सकती थी।

### मैथन में बिना अनुमति रोजाना 30 ट्रैक्टर अवैध बालू का हो रहा उठाव

**धनबाद।** एगारकुंड प्रखंड के कालीपहाड़ी पूरब पंचायत क्षेत्र के घाटों से प्रशासन से अनुमति लिये बिना माफिया बालू का उठाव करा रहे हैं. पोड़ाडीहा बालू घाट से रोजाना सुबह व रात में दर्जनों ट्रैक्टर बालू का उठाव किया जा रहा है. पंचायत के मुखिया अजय मुर्मू ने कहा कि बालू माफियों को मैथन पुलिस का संरक्षण प्राप्त है. पोड़ाडीहा घाट से बालू लेकर ट्रैक्टर दिन के उजाले में बेरोक-टोक आना-जाना करते हैं. पुलिस देखकर भी आंखें बंद कर लेती है. इससे सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि इस संबंध में एग्यारकुंड सीओ से शिकायत की जाएगी.इधर, मैथन ओपी प्रभारी ने मुखिया के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि पुलिस अवैध बालू के धंधे के खिलाफ लागातार अभियान चला रही है।

# एसपी के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में चला मतदाता जागरूकता अभियान

## एसपी दीपक कुमार की उपस्थिति में कर्मियों ने मतदान के लिए ली शपथ





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर अलग अलग स्थानों पर इस तरह का कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया। यहां सीसीएल कर्मियों को मतदान के प्रेरित किया गया। एसपी ने उपस्थित कर्मियों को कहा कि खुद ही मतदान करना है और आस पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। यहां एसपी ने उपस्थित कर्मियों से मतदान के लिए शपथ भी दिलवाया। इस क्रम में सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी ने भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी, सीसीएल गिरिडीह के परियोजना पदाधिकारी एसके सिंह, सार्जेन्ट मेजर राजेश रंजन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर प्रसाद, सीसीएल के पदाधिकारी अनिल पासवान, एनके सिंह, शम्मी कपूर, आरपी यादव, श्रवण कुमार, राज्यवर्धन समेत कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## गावां के विभिन्न पंचायतों में शोभा की वस्तु बनी है पानी टंकी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां प्रखंड के सुदूर ग्रामीण व पर्वतीय क्षेत्रों में जल एवं स्वच्छता मिशन के द्वारा टावर खड़ा कर के पानी टँकी लगाया गया। लेकिन वहां बोरिंग नही किये जाने व मोटर नही लगाने के कारण पानी की टँकी शोभा की वस्तु बनी हुई है। प्रखंड के रेहा, हरदिया, कुरहा, राजोखार, गोबरदहा एवं गाढ़ीसांख समेत पंचायतो में यही स्थिति है। सुदूर क्षेत्रो में पेयजल के लिए लोग दर दर भटक रहे है। इन क्षेत्रों में पेयजल की भारी किल्लत के कारण लोग नदी गड्ढे खोदकर या पहाड़ी जलस्रोत आदि से अपने प्यास बुझा रहे है। क्षेत्र के नदी तालाब सुख चुके है। इन क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत को देखते हुए विभागीय स्तर पर मिनी जलमीनार की स्वीकृति दी गई है। लेकिन संवेदक की मनमानी एवं लापरवाही के कारण इस योजना का लाभ लोगो को नही मिल पा रहा है। मामले में जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी ने कहा कि वरीय अधिकारियों को इस बाबत जानकारी दी गई है। यदि शीघ्र सभी जलमिनारो को चालू नही किया गया तो क्षेत्र की जनता उग्र प्रदर्शन करेंगे। मामले में जेई जितेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि वे मामले का जांच करेंगे जहां भी बोरिंग व मोटर नही लगाया गया है। वहां चिन्हित कर के शीघ्र पेयजल की सुविधा बहाल की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले संवेदको पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## मोदी सरकार को देश के गरीबों की चिंता नहीं, जनता सिखाएगी सबक : माले

### भाकपा माले ने बेंगाबाद प्रखंड में चलाया विनोद सिंह के लिए जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बेंगाबाद प्रखंड के बसमत्ता तथा मुंडराडीह में भाकपा माले ने जन संपर्क अभियान चलाकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने की अपील की।अभियान की अगुवाई कर रहे माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, भाजपा सरकार देश के गरीबों के लिए अभिशाप बन चुकी है। मोदी सरकार आम जनता के लिए तबाही और कंपनियों के लिए खुशहाली लाने के लिए याद की जाएगी।

इस सरकार ने देश के युवाओं को रोजगार के नाम ठगा है। जनता मोदी सरकार को माफ नहीं करेगी।श्री यादव ने लोगों से घर घर से सहयोग करते हुए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को वोट देने की अपील की।मौके पर अन्य के अलावा शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, दिनेश यादव, पियारी यादव, दशरथ पासवान, अशोक पासवान, सुरेंद्र पासवान, महेश यादव, टिंकू यादव, संदीप पासवान, सुरेश त्रिवेदी, जनाब अंसारी, आजाद अंसारी, मकसूद अंसारी, समशुल अंसारी, एतवारी अंसारी, जब्बार अंसारी, संजीत यादव, डेगन यादव, सूरज दास सहित अन्य मौजूद थे।

## सरकारी आदेश की अवहेलना, केजी से 8वीं तक की कक्षा का हो रहा संचालन

### संत एथोंनी और ब्रिलिएंट पब्लिक हाई स्कूल गोलगो में पठन-पाठन जारी





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**तिसरी।** झारखण्ड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्रचण्ड गर्मी और लू से छात्रों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए केजी से 8वीं तक की कक्षाएं अगले आदेश तक बंद करने का आदेश जारी किया गया है। लेकिन सरकार के इस आदेश की अवहेलना कर कुछ निजी व सहायता प्राप्त विद्यालय मनमानी करने से भी परहेज नहीं कर रहें हैं। जी हाँ मामला तिसरी प्रखंड के मनसाडीह पंचायत के संत एथोंनी मध्य विद्यालय तिलकीमारन और बेलवाना पंचायत के ब्रिलियंट पब्लिक हाई स्कूल गोलगो का है।

इन दोनों विद्यालयों में सरकारी आदेश को ठेंगा दिखलाकर इस प्रचण्ड गर्मी में भी कक्षा 8वीं तक के बच्चों का पठन पाठन जारी रखा गया है। शुक्रवार की सुबह स्थानीय मिडियाकर्मी ने यूनिफॉर्म और बस्ते के साथ मनसाडीह मुख्य सड़क से गुजर रहे दर्जनों बच्चों को देखा। बच्चों से पूछने पर बताया गया कि वे सभी संत एथोंनी मध्य विद्यालय ( मिशन ) तिलकमारन जा रहें हैं। उनमें से कोई कक्षा 2,3 या कक्षा 5 के छात्र थे। कक्षा 2 की छात्रा संगीता कुमारी ने बताया कि 10 बजे तक विद्यालय में पठन - पाठन का कार्य होता है। वहीं 5वीं कक्षा की छात्रा मैरी हेमब्रम ने बताया कि उनलोगों को छुटी नहीं मिली है,प्रतिदिन 7 से 10 बजे तक विद्यालय चलता है। इस संबंध में जब संत एथोंनी मध्य विद्यालय के प्राचार्य जेम्स से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभिभावकों के दबाव में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मिडियाकर्मियों को संचालित कक्षा का फुटेज लेने से रोक दिया साथ ही कैमरे के सामने खुद भी कुछ बोलने से इंकार कर दिया।

## झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए झामुमो के प्रत्याशी समीर मोहंती ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया है. इसके पूर्व उन्होंने अपने आवास में पूजा-अर्चना की. इसके साथ ही साकची के बोधि मंदिर मैदान में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया था. इसमें मुख्य रुप से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक रामदास सोरेन, संजीव सरदार, झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य समेत भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे.वहीं नामांकन दाखिल करने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है. इंडिया गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव में लड़ने जा रहे हैं. देश में किसी की लहर नहीं चल रही है. वहीं पीएम मोदी के चाईबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है कोई कहीं भी आ जा सकता है. हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है. भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है. इस बार महागठबंधन झारखंड के पूरे 14 सीटों पर कब्जा जमा रही है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल गिरिडीह में सम्मान कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, गिरिडीह में गर्व, उत्सव और उपलब्धि की सुबह देखी गई है क्योंकि इसने अपने इंटर हाउस प्रतियोगिताओं, डीएवी स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता के लिए उत्सुकता से पुरस्कार वितरण समारोह की मेजबानी की। और उत्कृष्टता को स्वीकार किया। छात्रों की असाधारण उपलब्धियाँ. प्रतिष्ठित स्कूल के प्रांगण में आयोजित यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में हमारे छात्रों द्वारा प्रदर्शित समर्पण, प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रमाण था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, बासब चौधरी (महाप्रबंधक सह एलएमसी अध्यक्ष, सीसीएल, गिरिडीह, क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि, विजय मिश्रा (राज्यकर पदाधिकारी झारखण्ड सरकार )एवं विद्यालय के पूर्व छात्र दीपक कुमार पब्लिक रिलेसन डाक विभाग गिरिडीह के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उनकी सौम्य उपस्थिति ने कार्यवाही को सम्मान और महत्व दिया, जो अपने छात्रों की उपलब्धियों को पहचानने और जश्न मनाने के लिए स्कूल के अटूट समर्पण को दशार्ता है। कक्षा बारहवीं 'विज्ञान संकाय' के सुदीप कुमार यादव ने भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित ' झारखण्ड राज्य स्तरीय पत्र- लेखन प्रतियोगिता' में प्रथम स्थान हासिल किया और उन्हें 25000 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक और प्रतिभाशाली, कुमार सौरभ, जो हमारे स्कूल के पूर्व छात्र हैं, भारत सरकार में जीएसटी इंस्पेक्टर बन गए हैं, जो स्कूल के भीतर पनपने वाली प्रतिभा की निरंतरता का प्रतिनिधित्व करते हैं। समारोह में शिक्षाविदों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल सहित विविध प्रकार की श्रेणियां शामिल थीं - प्रत्येक श्रेणी अच्छी तरह से विकसित व्यक्तियों के पोषण में स्कूल के विश्वास के साथ प्रतिध्वनित होती है।

## न्यूज बॉक्स

### पदाधिकारियों ने कहा, युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना रोटरी का उद्देश्य



**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह की ओर से शुक्रवार को शहर के रोटरी आई हॉस्पिटल भवन में संचालित सहेली सेंटर में ग्रामीण क्षेत्र से आई 6 लड़कियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। उक्त लड़कियों का चयन सहेली प्रोजेक्ट के तहत चयन किया गया था। मौके पर रोटरी के पदाधिकारियों ने बताया कि रोटरी गिरिडीह द्वारा संचालित सहेली सिलाई सेंटर में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आस पास के ग्रामीण इलाके से चयनीत 6 लड़कियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया है, ताकि वे घर पर ही सिलाई का काम कर आत्मनिर्भर बन सकें।

### पुलिस-प्रशासन ने शत-प्रतिशत मतदान को लेकर निकाला कैंडल मार्च



**गिरिडीह।** आगामी चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व जागरूकता को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह जुटी हुई है। प्रशासन द्वारा इससे संबंधित कई प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम तिसरी में पुलिस - प्रशासन ने भी प्रखंड मुख्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान वनविभाग,स्वास्थ्य विभाग,पशु विभाग और शिक्षा विभाग के लोगों ने हाथों में कैंडल लिए तिसरी मुख्यालय से तिसरी चौक तक गए। इस दौरान पहले मतदान फिर जलपान,छोड़ो अपने सारे काम-लोकतंत्र का करें सम्मान,शत प्रतिशत करे मतदान सरीखे नारे लगाए गए।सभी ने हाथो में मतदान करने सबंधित बैनर पोस्टर लिए लोगो से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। मौके पर बीडीओ मनीष कुमार,सीओ अखिलेश प्रसाद, थाना प्रभारी संजय नायक,वनपाल अमर विश्वकर्मा,पशु चिकित्सा प्रभारी राम कृष्ण बाउरी, बीईईओ रंजीत चौधरी,शिक्षक कमलेश सिंह,बैकुंठ अग्रवाल,मजहर अंसारी सहित कई महिला - पुरुष कर्मी उपस्थित थे।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय झाटीझरना के शिक्षकों ने गांव का किया भ्रमण



**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड के आतिश सुदूर गांव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय झाटीझरना के शिक्षकों शुक्रवार को गांव का भ्रमण कर आठवीं की परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया. इस संबंध में शिक्षक डॉ कमर अली एवं किशोर कुमार बांद्रा ने बताया कि झांटीझरना पंचायत के गांव का भ्रमण के दौरान भोमरो मध्य विद्यालय और भूरराडीह मध्य विद्यालय गए थे. वहां के 8वीं की परीक्षा देकर रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे छात्रों से मिले और जल्द से जल्द विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया. डॉ अली ने गांव वालों को और छात्रों को समझाया कि रिजल्ट जब आएगा तब आएगा.इस बीच आप लोग विद्यालय आने में देर न करें. बिना एडमिशन के भी स्कूल आएं और क्लास करें समय नष्ट न करें।

### भाजपा को वोट देना मतलब बर्बाद हो जाना : झामुमो



**चाईबासा।** भाजपा को वोट देना, मतलब बर्बाद हो जाना है। भाजपा के मोदी सरकार की सिंहभूम-कोल्हान की खनिज संपदा पर गिद्ध दृष्टि है। इसका उदहारण है छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल। यहां रह रहे आदिवासी मूलवासी को जबरन खदेड़ा जा रहा है। भाजपा सिंहभूम के आदिवासी मूलवासी को बर्बाद कर देगी. लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जरूरी है कि सिंहभूम से भाजपा को उखाड़ फेंका जाए। ये बातें शुक्रवार को नोवामुंडी अंचल के ग्राम तोड़ेतोपा में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए झामुमो के पूर्व जिला प्रवक्ता एवं मानकी मुंडा संघ कोल्हान पोड़ाहाट के पूर्व केंद्रीय प्रवक्ता बुधराम लागुरी ने कही है। लागुरी ने कहा कि इन 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने देश को काफी पीछे धकेल दिया है। देश में गरीबी, मंहगाई, बेरोजगारी चरम पर है और उनके नेता कहता है कि अबकी बार 400 पार।

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,हजारीबाग
(प्रेक्षक कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14–हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निम्नवत् सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके साथ विवरणी अनुसार सम्पर्क पदाधिकारी को संबद्ध किया गया है।

| Sl. | Name of Observer | Name of Constituancy | Name of Room | Name of Lision Officer |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Mr.Chandramauli Shukla (IAS) **General Observer** **Mob. No.-8987796320** | 21-Barhi 22-Barkagaon 23- Ramgarh 24-Mandu 25-Hazaribag. | New Circuit House **(Barakar)** | Sri Sachin Agrawal, Asst. Engneer, Building Division, Hzb. Mob. No.-**9348952485** |
| 02 | Mr. Nelli Kumar Subramanyam (IPS) **Police Observer** **Mob. No.-8987796321** | | New Circuit House (Sewane) | Sri Praveen Ranjan, District Education Officer, Hzb. **Mob. No.-6201918968** |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं सभी राजनैतिक दल संबंधित विधानसभावार प्रतिनियुक्त सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक से अपनी शिकायतों एवं समस्या के निराकरण हेतु मिलकर अथवा उपरोक्त अंकित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है। (सामान्य प्रेक्षक से मिलने का 05:00 PM से 06:00 PM तक, स्थान– पुराने परिसदन)

निदेशानुसार
नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग–सह–नजारत उपसमाहर्ता, हजारीबाग

PR 324342 Election(24-25).D

**मनुष्य के जीवन की सफलता इसी में है कि वह उपकार करने वाले व्यक्ति को कभी न भूले : वेद व्यास**



# तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के अलावा रोजगार बढ़ाना जरुरी

पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का प्रमाण पत्र भारत को 2022 में मिला, जब उसने अर्थव्यवस्था के जीडीपी के आकार में इंग्लैंड को पीछे छोड़ा था। 2014 में भारत दसवें पायदान पर हुआ करता था। उस समय भारत का जीडीपी 18.6 खरब अमेरिकी डॉलर के बराबर था और भारत से आगे तब क्रमशः इटली (21.4 खरब डॉलर), ब्राजील (22.1 खरब डॉलर), इंग्लैंड (27.9 खरब डॉलर), फ्रांस (28.1 खरब डॉलर), जर्मनी (37 खरब डॉलर), जापान (52.1 खरब डॉलर), चीन (95.7 खरब डॉलर) तथा सबसे आगे अमेरिका (175.5 खरब डॉलर) थे। भारत बड़ी तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। पर क्या इस बात के पीछे क्या आर्थिक तथ्य और साक्ष्य हैं? पिछले एक दशक में भारत के जीडीपी में तकरीबन दो गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। यह अपने आप में आश्चर्यजनक है, क्योंकि इस दौरान पूरे विश्व ने कोरोना महामारी के चलते लगभग दो वर्षों तक आर्थिक मंदी के दौर को देखा है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने तो उस दौरान आजादी के बाद पहली दफा लगभग 25 फीसदी की नकारात्मक विकास दर को भी सहन किया था। भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का पहली दफा उल्लेख अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने किया था। उसने भारत की लगातार चल रही छह और सात फीसदी की वार्षिक आर्थिक प्रगति दर को देखते हुए अनुमान लगाया कि वर्ष 2027 तक भारत का जीडीपी 50 खरब अमेरिकी डॉलर के स्तर से ऊपर निकल जाएगा। अभी भारत से आगे चल रहे जर्मनी और जापान तब क्रमश 49.5 खरब डॉलर और 50.8 खरब डॉलर के स्तर पर रहते हुए भारत से पीछे होंगे और तब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। लेकिन इस हकीकत को भी समझना अत्यंत आवश्यक है कि भारत आज भी प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से बहुत पीछे है। अगर इंग्लैंड से ही तुलना की जाए, जिसे पीछे छोड़कर भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है, तो प्रति व्यक्ति आय में आज भी दोनों देशों में 20 गुना का अंतर है। इसके अलावा, पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से वैश्विक रैंकिंग में भारत मात्र छह पायदान ही ऊपर आया है। वर्तमान समय में 189 देशों में से भारत प्रति व्यक्ति आय में 141वें स्थान पर है, जबकि 2013-14 में भारत 147वें स्थान पर था। इससे स्पष्ट है कि पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी लगभग आधी से ही अधिक हुई है, जबकि जीडीपी दोगुना से अधिक बढ़ा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2012 में भारत में तकरीबन एक करोड़ से अधिक लोग बेरोजगार थे, जबकि 2022 में इनकी संख्या 2.29 करोड़ तक जा पहुंची थी, जिसके चलते बेरोजगारी की दर पिछले 10 वर्षों में 2.18 फीसदी से बढ़कर चार फीसदी पर पहुंच गई। भारत का कृषि क्षेत्र बहुत पीछे हो चुका है। जीडीपी में उसके अंशदान को बढ़ाना अब अत्यंत आवश्यक हो गया है, अन्यथा प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी बहुत आसानी से नहीं की जा सकती। 50 फीसदी जनसंख्या का रोजगार के लिए कृषि पर निर्भर रहना ही इसका प्रमुख कारण है। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र, जो रोजगार सृजन का एक बहुत बड़ा क्षेत्र है, को बड़ी तेजी से मुख्यधारा में लाना होगा। पिछले तीन दशकों से भारत की अर्थव्यवस्था के विकास की बागडोर सेवा क्षेत्र के कंधों पर है। उसने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया भी है, लेकिन आज भारत में तेजी से बढ़ती आर्थिक विषमता, जो गरीबी और अमीरी के बीच खाई का प्रतीक है, उसके पीछे भी बहुत हद तक सेवा क्षेत्र है, क्योंकि जीडीपी में सेवा क्षेत्र का अंशदान 50 फीसदी से अधिक है, परंतु रोजगार में इसका अंशदान 30 से 35 फीसदी के बीच में ही है। इसलिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के कद को बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों में तेजी से बढ़ोतरी अगर एक अभियान के रूप में नहीं रहा, तो तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद भी भारत एक गरीब मुल्क के तौर पर ही अपनी पहचान रख पाएगा, जिस कलंक से दूर रहने के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने ही होंगे।

मतदान की तैयारी

# पर्दे के पीछे की विचारधारा, वोट बैंक की राजनीति



किशन भावनानी

*वैश्विक* स्तरपर पूरी दुनियां में भारत जहां एक ओर सबसे बड़ा लोकतंत्र सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश व सबसे पुराना बड़ा आध्यात्मिक मान्यताओं संस्कारों रीति रिवाजो सहित अनेक पौराणिक आधुनिक विशेषताओं वाला देश है, तो वहीं कुछ हद तक सबसे बड़ी संस्थाओं धार्मिक स्थलों संगठनों व विचारधाराओं वाला देश होने की बात भी मीडिया के हर प्लेटफार्म पर कही जाती रही है जिसका कुछ हद तक उपयोग राजनीतिक पार्टियां अपने फायदे के लिए भी यानें वोट बैंक सुनिश्चित करने के लिए भी करती है, जो मैंने अपनी गोंदिया राइस सिटी में पहले चरण 19 अप्रैल 2024 को हुए लोकसभा चुनाव में देखा व कई संगठनो के अंदर यह महसूस भी किया, जिसके आधार पर मैं सटीकता से कर सकता हूं कि यही स्थिति दूसरे चरण में भी हुई होगी और आगे भी बाकी बचे पांच चरणों में पूरे देश में होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। परंतु ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह सब पर्दे के पीछे होताहै। हालांकि हर संगठन, संस्थान, समाज प्रमुख आध्यात्मिक स्थल प्रमुख अपने नियंत्रण व नेतृत्व से उस संगठन का संचालन करते हैं, परंतु उनके पीछे दखलअंदाजी किन्हीं और राजनीतिक पार्टी से संबंधित नेतृत्व की होती है जो मैंने अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गोंदिया भंडारा में देखा कि कुछ पंचायतें संगठनो के मुखिया साहब शैक्षणिक संस्थाओं के कुछ लोग व्यापारिक व्यावसायिक संगठनों से संबंधित कुछ लोग अपने-अपने स्तर पर एक प्रमुख पार्टी का प्रचार कर रहे थे हालांकि मुझे मालूम था यह सभी संगठन संस्थाएं उस पार्टी की विचारधारा से जुड़ी है। यहां एक ऐसी कुछ कदमों की सेवा समिति भी है जो एक पार्टी की विचारधारा से जुड़ी है जहां सिर्फ संस्थापक की चलती है और उसके अनेक सदस्य अन्य संस्थाओं, संगठनों एजुकेशन सोसाइटी क्षेत्रीय पंचायतों में भी मेंबर उनको बनाए रखा है जो उन संस्थाओं के निर्णयोंट में दखलअंदाजी करते हैं जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि आज दिनांक 2 मई 2024 को अमेरिका के 30 से अधिक विश्वविद्यालयों में छात्रों के उग्र आंदोलन की खबरें पूरे दिन मीडिया में छाई रही इसलिए आज मैंने अपने आर्टिकल के लिए यह विषय चुना कि परदे के पीछे विचारधारा आगे बढ़ाकर पैंठ जमाकर जबरदस्त वोट बैंक की राजनीति का प्रचलन बढ़ रहा है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, राजनीतिक पार्टीबाजी जाति समाज से लेकर व्यापार व्यवसाय संगठनों तक व स्कूल कॉलेज से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक पैंठ का प्रचलन बढ़ गया है। साथियों बात अगर हम जाति समाज से लेकर व्यापारिक संगठनों व स्कूल कॉलेजों से लेकर आध्यात्मिक स्थलों तक राजनीतिक पार्टी की पैंठ की करें तो, आज उपरोक्त क्षेत्रों में सुधार लाने की बजाय हर राजनैतिक दल सभी संगठनो संस्थानों में अपनी विचाराधारा आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक दखलंदाजी में लग जाते है, चाहे वह कुलपति व दूसरे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति का मामला हो या शिक्षण सामग्री सामाजिक रीति रिवाज स्थितियों में बदलाव। देश के उज्वल भविष्य की पौध तैयार करने वाले शिक्षण संस्थान आज राजनीतिक प्रोपेगेंडे का अड्डा बनते जा रहे हैं और छात्र इस राजनीति का शिकार हो रहे हैं। हमारे शिक्षण संस्थानों,समाज में कौन से विचारों पर चर्चा होनी चाहिए और किन पर नहीं, यह सवाल आज एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। शिक्षण संस्थानों का राष्ट्र निर्माण में एक अमूल्य योगदान होता है। यहाँ देश के युवा अलग अलग राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर कई नजरिए से सोचना सीखते हैं। ऐसे में अगर हमारी राजनीतिक दलें इन संस्थानों में घुसपैठ कर अपनी, वोटबैंक की राजनीति और संकीर्ण विचारधारा के लिए इन छात्रों का इस्तेमाल करने लगेगें तो इनका सही दिशा में विकास होना असंभव है। शिक्षण संस्थानों का राजनीतिकरण होने लगेगा। छात्र जो शिक्षण संस्थानों में पढने की बजाय अलग अलग राजनीतिक दलों से जुड़कर एक दुसरे के ऊपर अपना अधिकार जमाने के लिए प्रयास करते हैं जिसके फलस्वरूप इन दलों के बीच वर्चस्व की लड़ाई होने लगेगी। इसका लाभ देश के बाहर की विघटनकारी शक्तियां भी उठाने लगेगी। आजकल जिस प्रकार से देश की शिक्षण संस्थाओं संगठनों संस्थाओं का राजनीतिक हित के लिए उपयोग किया जाने लगा है, उससे यही लग रहा है कि छात्रों के दिल और दिमाग में देश के विरोध में भ्रम भरने का कार्य सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है। आज विश्वविद्यालय में छात्रों के कई वर्ग हैं जो केवल अपनी दलगत निष्ठा को साबित करने के लिए राजनेताओं के अनुचित कृत्यों को सही साबित करने लगते हैं और इन घटकों में आपस में हिंसात्मक झड़पें भी होने लगी है। इन शिक्षण संस्थानों की आँगन जंग का मैदान हो गए हैं जहाँ पुलिस ज्यादा नजर आने लगी है। सोशल मीडिया के जरिये खुद को अभिव्यक्त करने वाली यह युवा पीढ़ी शिक्षा और रोजगार जैसे स्थायी मुद्दों को लेकर नहीं, बल्कि देश की नींव को बर्बाद करने वाले मुद्दों को ज्यादा तरजीह देती नजर आ रही है। शायद इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आज देश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में छात्र नेता खुद अराजकता के प्रतीक बन गए हैं। धरना देना, प्रदर्शन करना, नारे बाजी करना ,क्या शिक्षण संस्थान इसके लिए है? साथियों बात अगर हम भारत में छात्र राजनीति की करें तो भारत में छात्र राजनीति विश्वविद्यालयीय शिक्षण व्यवस्था का अहम घटक रही है। चाहे वो जेएनयू हो, डीयू हो, एएमयू हो या फिर लखनऊ, इलाहाबाद या बनारस हिंदू विश्वविद्यालय शिक्षा के इन महत्वपूर्ण केंद्रों में आजादी के बाद से छात्र राजनीति ने न केवल छात्रों की समस्याओं को केंद्र में रखकर अपनी गतिशीलता बनाए रखी है बल्कि छात्र राजनीति से निकले नेताओं ने देश की राजनीति के वृहत्तर फलक पर भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। अभी एनएसयूआई एबीवीपी भी है, इस बीच एक विचार और जोर पकड़ने लगा कि छात्र राजनीति की जरूरत ही क्या है। विश्वविद्यालय तो पढ़ने के लिए होते हैं वहां छात्र राजनीति कर बेवजह अपना वक्त खराब करते हैं। जेएनयू के पूर्व कुलपति बीबी भटटाचार्य कहते हैं कि कैंपस में राजनीति होनी ही नहीं चाहिए। राजनीति और विश्वविद्यालय दुनिया में कहीं एक साथ नहीं चलते, ऑक्सफोर्ड में भी यूनियन नहीं है , डिबेटिंग सोसायटी है केंब्रिज में यूनियन होती ही नहीं है आज शिक्षक की पहचान भी राजनीतिक दलों से होने लगी है। मेरे हिसाब से शिक्षा का भला इसी में है कि कैंपस में राजनीति न हो, छात्र वहां पढ़ने के लिए आते हैं, उन्हें पढ़ाई ही करनी चाहिए। शायद इन्हीं सब वजहों से आज भारत के तमाम विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति का अस्तित्व तो है लेकिन उसमें वैसी धार नजर नहीं आती जैसी पहले देखने को मिलती थी। भारत सरकार के उच्च शिक्षा सचिव इस बारे में कहते हैं, लिंग्दोह कमेटी के सुझावों के दायरे में छात्रसंघ चुनाव एक सही कदम है और इसका समर्थन किया जाना चाहिए, हो सकता है कि किसी-किसी विश्वविद्यालय में छात्र राजनीति की दिशा सकारात्मक न रही हो और वहां के कुलपति ने विश्वविद्यालय के वृहत्तर हित के लिए उसपर रोक लगा दी, लेकिन मेरा मानना है कि यदि सही स्पिरिट में छात्र राजनीति की जा रही है तो ये बहुत अच्छी चीज है बहरहाल, आज भारत के तमाम विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति की वस्तुस्थिति यही है कि उनका अस्तित्व तो है लेकिन उसमें वैसी धार नजर नहीं आती जैसी पहले देखने को मिलती थी। हालांकि बीएचयू के संस्थापक मदन मोहन मालवीय ने छात्र और राजनीति नामक लेख में लिखा था कि जब तक राष्ट्र पर कोई बड़ा संकट न हो तब तक छात्रों को राजनीति से दूरी रखनी चाहिए और अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित करना चाहिए ताकि वो एक बुद्धिजीवी नागरिक बन सकें और देश की उन्नति में ज्यादा बेहतर योगदान दे सकें। साथियों बात अगर हम दिनांक 2 मई 2024 को अमेरिका में कई विश्वविद्यालयों के कैंपस में विशाल विरोध प्रदर्शन की करें तो,अमेरिका के कई यूनिवर्सिटी कैंपस में गाजा के समर्थन में शुरू विरोध-प्रदर्शन बड़ा रूप लेता जा रहा है। फिलिस्तीन में इजरायली हमले के खिलाफ आंदोलन का गढ़ अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी बनी है। यहां एक बार फिर सैकड़ों छात्रों को हिरासत में लिए जाने से कॉलेज कैंपस और उसके बाहर तनाव और बढ़ गया है। न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी और कैलिफोर्निया में झड़पों की घटनाओं के बीच छात्र घुटने टेकने और आंदोलन खत्म करने से इनकार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन के बलप्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के हेलीकॉप्टर कैंपस के ऊपर मंडराते देखे गए फ्लैश-बैंग्स की तेज आवाजें भी सुनी गईं। इसकी मदद से पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास करती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### मतदाताओं की मतदान से दूरी के मायने

*भारत* में इस समय लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है। इसी के तहत लोकसभा में विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों से जनप्रतिनिधियों के भेजने की प्रक्रिया के तहत पहले दो चरण का मतदान हो चुका है तथा पांच चरणों का मतदान होना शेष है। पहले दो चरणों में मतदान तो शांतिपूर्ण ही रहा किन्तु मतदान का प्रतिशत कम रहा। चुनाव आयोग के लिए यह चिंता का विषय बना हुआ है। आयोग मतदान के प्रतिशत की बढ़ोतरी के लिए निरंतर बहुत प्रयास कर रहा है। विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं से मतदान करने के लिए निरंतर अनुरोध कर रहा है। इतना ही नहीं मतदान केंद्र पर मतदाताओं को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा है। फिर भी मतदान का कम होना कई प्रश्नों को जन्म दे रहा है। मसलन मतदाता मतदान करने क्यों नहीं जा रहा? अपने मत का उपयोग करने के लिए उत्साहित क्यों नहीं है? क्या धीमा चुनाव प्रचार इसके लिए जिम्मेदार है? क्या चुनाव के मुद्दे मतदाताओं को अपील नहीं कर रहे? क्या कोई गोपनीय तरीके से मतदाताओं को मतदान न करने के लिए उकसा रहा है? क्या मतदाता बार बार के चुनाव से उकता गया है? क्या मतदाता निर्वाचन में भाग ले रहे प्रत्याशियों से न खुश हैं? क्या मतदाताओं को प्रत्याशियों में कोई स्पार्क नजर नहीं आ रहा? कुछ तो यह भी कहते नजर आ रहे हैं कि जब चुनाव का परिणाम स्पष्ट है तो मतदान करने ना करने से फर्क क्या? मतदान का प्रतिशत कम होने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी जीत के आसार नजर आ रहे हैं। वस्तुतः कौन सा दल, कौन सा गठबंधन जीत का स्वाद चखेगा यह तो मतगणना के परिणाम ही बता सकेगा। किन्तु इसे विडम्बना ही कहा जाएगा कि सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में मतदान का प्रतिशत कम है। सरकार गठन में आम आदमी की भागीदारी उत्साहजनक नहीं है। ऐसी भी उम्मीद की जा रही है कि आगामी पांच चरणों के चुनाव में मतदान का प्रतिशत सुधरेगा और पिछले चुनाव के समकक्ष पहुंच जाएगा। अभी भी समय है जिन लोकसभा क्षेत्रों पर मतदान होना शेष है वहां के मतदाताओं को अपने सभी गिले-शिकवे भुलाकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए योग्य और अपनी पसंद के प्रत्याशी को मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदाताओं को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लोकसभा में अपनी पसंद के व्यक्ति को भेजने का अवसर पांच वर्ष में एक बार ही आता है, उसे मत जाने दें। अतः प्रत्येक मतदाता को जिम्मेदार जागरूक नागरिक बन कर देश में लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए।

**- डॉ.मनमोहन प्रकाश**

चुनावी रणनीति

# अमन की फिजा में कश्मीर घाटी की आवाम भी करेगी मतदान



आर.के. सिन्हा

*श्रीनगर* के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवानों के ही झुंड के झुंड दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चचाएं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था, तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोग वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था। साल 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की घोषणा की थी।

**साल 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की घोषणा की थी। तब से कश्मीरी हिन्दुओं में एक उम्मीद जगी है।**

तब से कश्मीरी हिन्दुओं में एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्यधारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग पहुंचे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

### त्रेता युग में निर्मित विष्णु मंदिर



वायु पुराण में कीकट प्रदेश के नाम से विख्यात था उमगा। वर्णन यह भी है कि भगवान विष्णु के गया में आगमन के उपरांत वैष्णव सभ्यता के अनुसार इस भू-भाग पर कई एक मंदिरों का निर्माण भगवान विश्वकर्मा जी के द्वारा किया गया, उसमें से एक उमगा मंदिर भी शामिल है । यहां आकर आप अद्भुत शांति महसूस कर सकते हैं । हांलाकि, इस स्थान और मंदिर समूहों के इस स्थल का व्यापक प्रचार प्रसार नहीं हो सका है, यहां आकर ऐसा महसूस हुआ।

**(समाप्त)**

## फेसबुक वॉल से

**Nilay Singh**
17 h ·

कुम्हरार #पाटलिपुत्र जहा से पूरे #अखंड #भारत की #राजधानी थी यह #महल जमीन में 26 फीट गहरा था। जितना देश की मूल विरासत जमीन के नीचे है
उतना ही इतिहास #प्राचीन, मूल #संस्कृति से जुड़ा हुआ है।
उत्खनन के चित्र
यह वही स्थल है जहा से #सम्राट #चंद्रगुप्त मौर्य, #सम्राट #बिन्दुसार,सम्राट #अशोक महान की राजधानी और #राजमहल था ।



34 · 3 comments
Like · Comment · Send · Share

**Bharat Bhushan Prasad**
Shandar 👌
Like · Reply

## X - से

**NBT Hindi News** @NavbharatTimes

रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उम्मीदवारी पर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, "राहुल गांधी को अमेठी लड़ना चाहिए था। अमेठी से भागने से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पूरे देश में ये संदेश जाएगा कि जो आदमी रोज पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देता था, रोज अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और देश की जनता से कहता था कि डरो मत, वो खुद डर गया। मुझे लगता है कि ये कांग्रेस का दुर्भाग्य है।"

Translate post




12:24 PM · 03/05/24 From Earth · 11K Views

16 Reposts 2 Quotes 50 Likes 1 Bookmark

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# ग्लोबल वार्मिंग, संभलने की वार्निंग



उमाशंकर पाण्डेय

*मनुष्य* का जल-जंगल-जमीन से रिश्ता आदिकाल से है। बिना इनके जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। आज सबसे बड़ा संकट ग्लोबल वार्मिंग का है। इससे सारी दुनिया चिंतित है। ग्लोबल वार्मिंग ने कई तरह की दुश्वारियां पैदा की हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ने (ग्लोबल वार्मिंग) और उसकी वजह से होने वाला जलवायु परिवर्तन आज प्रकृति की तबाही की सबसे महत्वपूर्ण कारक है। पृथ्वी के औसत तापमान में बढ़ोतरी या ग्लोबल वार्मिंग मुख्यतः कार्बन उत्सर्जन की तेजी से बढ़ती दर और कम होते जंगलों का परिणाम है। उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में इस साल चली भयंकर लू का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग ही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग नहीं रुकी तो शताब्दी के आखिर तक पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 2 डिग्री बढ़ जाएगा और इससे लू की तीव्रता और नियमितता 30 गुना बढ़ जाएगी। दैनिक अनुभव से भी हम यह जानते हैं कि सिर्फ तपती गर्मी या लू से उतनी तकलीफ नहीं होती जितनी तकलीफ गर्मी और उमस के एकसाथ होने से होती है। ग्लोबल वार्मिंग से हवा का तापमान बढ़ता है और गर्म हवा ठंडी हवा के मुकाबले ज्यादा वायुमंडल की नमी वहन करती है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण जहां प्रति वर्ष लू की स्थिति अधिक दिनों तक और ज्यादा तीव्रता के साथ लोगों को अपनी जद में ले रही है। दूसरी ओर हर साल शीत लहर का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। 1980 से 2018 के बीच शीत लहर के कारण हुई मौतें लू से हुई मौतों से ज्यादा थीं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2020 में शीतलहर से 152 लोगों की मौत हुई। जनवरी 2021 में उत्तर भारत के हर राज्य में औसत मासिक अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री कम था। वैज्ञानिकों के अनुसार शीत लहर की बढ़ती अवधि और तीव्रता का मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग और विशेष तौर पर आर्कटिक इलाके का ऊष्मीकरण है। अबतक यह एक स्थापित तथ्य माना जाता था कि आर्कटिक वृत्त पृथ्वी के बाकी हिस्सों के मुकाबले दोगुनी तेजी से गर्म होता है। लेकिन पिछले साल नासा से जुड़े कुछ वैज्ञानिकों के नए शोध के अनुसार आर्कटिक वृत्त असल में दोगुनी नहीं बल्कि चौगुनी तेजी से गर्म हो रहा है। लांसेट स्वास्थ्य जर्नल में 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार भारत में असामान्य तापमान के कारण हर साल सात लाख से अधिक लोगों की मौत होती है। इनमें से 6.5 लाख लोगों की मौत असामान्य ठंडे तापमान और औसतन 80 हजार लोगों की मौत असामान्य गर्म तापमान के कारण होती है। असामान्य तापमान के कारण मरने वाले लोग आमतौर पर समाज के निचले तबके से आते हैं। लू और शीतलहर के अलावा ग्लोबल वार्मिंग के कारण एक और भयानक प्रक्रिया घटित हो रही है। यह प्रक्रिया है हिमनदियों और ध्रुवीय हिमच्छदों (पोलर आइस कैप्स) का तेजी से पिघलना और औसत समुद्र तल (मीन सी लेवल) का लगातार बढ़ना। अगले कुछ दशकों में शंघाई, हॉन्ग कॉन्ग, ओसाका, रिओ, एम्स्टर्डम, अलेक्सान्द्रिया जैसे दुनियाभर के कई तटवर्ती शहरों के बड़े हिस्सों के जलमग्न हो जाने की आशंका है। मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टनम, कोच्चि, तिरुवनन्तपुरम आदि शहरों के कुछ इलाके 2050 तक जलमग्न हो सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

### जी बोर्ड टिप्स और ट्रिक्स जो टाइपिंग को आसान बनाते है

टेक्स्ट टाइप करने के लिए एक हाथ वाले मोड का उपयोग करने से लेकर वास्तविक समय में संदेशों का अनुवाद करने तक, यहां कुछ कम ज्ञात जीबोर्ड युक्तियाँ और तरकीबें दी गई हैं जिन्हें आप अभी आजमा सकते हैं। जीबोर्ड एनड्रोयिड और दोनों पर सबसे लोकप्रिय जीबोर्ड ऐप्स में से एक है।

जीबोर्ड - जिसे गूगल की बोर्ड के नाम से भी जाना जाता है। यह एनड्रोयिड और डर दोनों यूजर्स द्वारा उपयोग किए जाने वाले सबसे लोकप्रिय कीबोर्ड ऐप में से एक है। फीचर-पैक वर्चुअल कीबोर्ड कई कार्यक्षमताएं प्रदान करता है जो टाइप करना और काम करना आसान बनाता है। वन-हैंडेड मोड से लेकर कस्टम इमोजी भेजने तक, मोबाइल और टैबलेट पर आपके टाइपिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए यहां पांच टिप्स दी गई हैं, जो आपके बेहद काम आ सकती है। **एक-हाथ वाले मोड का उपयोग करें** स्मार्टफोन एक ऐसे बिंदु पर आ गए हैं जहां आपको संदेश भेजने के लिए डिवाइस को दोनों हाथों से पकड़ना होगा। कभी-कभी, आप सोच रहे होंगे कि की बोर्ड को छोटा कैसे बनाया जाए ताकि आप डिवाइस को एक हाथ में पकड़कर आसानी से टाइप कर सकें। जीबोर्ड में वन-हैंडेड मोड को सक्षम करने के लिए, आपको बस अल्पविराम बटन को लंबे समय तक दबाना होगा, और दिखाई देने वाले फ़्लोटिंग मेनू से, बाईं ओर स्वाइप करें और वन-हैंडेड मोड विकल्प चुनें। ऐसा करने से कीबोर्ड छोटा हो जाएगा, जिससे एक हाथ से टाइप करना आरामदायक हो जाएगा। यदि आप एक-हाथ वाले मोड का आकार बदलना चाहते हैं और जीबोर्ड को बड़ा या छोटा करना चाहते हैं, तो विस्तार बटन पर टैप करें या तीर बटन को टैप करके इसे स्क्रीन के बाईं या दाईं ओर ले जाएं। सामान्य मोड पर वापस जाने के लिए, चार तीर वाले बटन पर टैप करें और आप जाने के लिए तैयार हैं।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## झेलम एक्सप्रेस में बम की सूचना, एक व्यक्ति हिरासत में

**भोपाल ।** पुणे से जम्मू तवी जाने वाली झेलम एक्सप्रेस में बम की सूचना पर गाड़ी को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर रोक कर सर्चिंग की गई। आरपीएफ ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, झेलम एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली थी।

## रायबरेली से गांधी परिवार के अंतिम बादशाह होंगे राहुल : गिरिराज



**पटना।** राहुल गांधी के अमेठी के बदले रायबरेली से चुनाव लड़ने के फैसले पर गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल रायबरेली से गांधी परिवार के अंतिम बादशाह होंगे। राहुल अमेठी से हार गए तो उन्होंने वो सीट छोड़ दी, इस बार रायबरेली भी हारेंगे तो वो भी छोड़ देंगे। जिस तरह बहादुर शाह जफर मुगल सल्तनत के अंतिम बादशाह थे, गांधी परिवार के लिए रायबरेली से राहुल गांधी अंतिम बादशाह हैं।

## वामपंथियों ने राहुल को बंधक बना लिया : शिवराज



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल को वामपंथियों ने बंधक बना लिया है। उल्टे-सीधे फैसले कर रहे हैं। अब ऐसी कांग्रेस में कौन रहेगा। इंदौर से कांग्रेस के उम्मीदवार ही पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस के अच्छे और विचारवान नेता देश के विकास के लिए भाजपा में आ रहे हैं।

## वायनाड के लोगों को बताना चाहिए था : एनी राजा



**तिरुवनंतपुरम।** राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने के फैसले पर वायनाड में उनकी प्रतिद्वंद्वी माकपा की एनी राजा ने उनकी आलोचना की। उनका कहना है कि राहुल गांधी को अपने फैसले का पहले ही खुलासा करना चाहिए था। एनी राजा ने कहा, उन्हें राजनीतिक नैतिकता दिखानी चाहिए थी। वायनाड के लोगों को रायबरेली के बारे में बताना चाहिए था।

## वोट से पहले ही अमेठी से हार चुकी कांग्रेस : स्मृति



**अमेठी।** भाजपा की अमेठी से उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने कहा है कि अमेठी से गांधी परिवार का न लड़ना, इस बात का संकेत है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में वोट पड़ने से पहले ही अमेठी से अपना हार स्वीकार कर चुकी है।अगर उन्हें लगता कि यहां जीत की कोई भी गुंजाइश हो, तो वे यहां से लड़ते। ज्ञात है कि अमेठी से राहुल गांधी 2019 का चुनाव स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे।

# राहुल पाकिस्तान से चुनाव लड़ेंगे तो जीत जाएंगे : हिमंता

## पाकिस्तान जो चाहेगा, भारत में उसका ठीक उल्टा होगा

**पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने की थी राहुल की तारीफ**



**एजेंसी। दिसपुर**

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा, अगर राहुल गांधी पाकिस्तान में चुनाव लड़ते हैं, तो उन्हें वहां भारी जनसमर्थन मिलेगा। वो वहां जरूर चुनाव जीतेंगे। पाकिस्तान में राहुल गांधी काफी पॉपुलर हैं। अगर पाकिस्तान में चुनाव होते हैं और वह वहां खड़े होते हैं, तो वो भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। इस बात में कोई दो राय नहीं है। उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान में हम राहुल को नहीं हरा सकते हैं। पाकिस्तान में राहुल जरूर चुनाव जीतेंगे। पाकिस्तान जो चाहेगा, भारत में उसका उल्टा होगा। राहुल द्वारा दो संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने पर हिमंता ने कहा कि इनका यहां कुछ नहीं होने वाला है। इंडिया में सिर्फ मोदी की ही बल्ले-बल्ले है।

बीते दिनों पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने राहुल की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि राहुल इज ऑन फायर। उन्होंने राम मंदिर पर राहुल के बयान वाले वीडियो को रिपोस्ट करते हुए ये लिखा था। फवाद चौधरी की इस टिप्पणी को लेकर बीजेपी ने कांग्रेस को जमकर घेरा। अभी भी भाजपा के नेता राहुल गांधी पर इसको लेकर निशाना साध रहे हैं। इसी कड़ी में अब हिमंता बिस्वा शर्मा ने राहुल गांधी पर तंज कसा है। बता दें कि काफी माथापच्ची के बाद कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली सीट से अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने अमेठी में जहां किशोरी लाल शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, रायबरेली में राहुल गांधी पर दांव लगाया है। रायबरेली राहुल गांधी की मां और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी की परंपरागत सीट रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में सोनिया ने यहां से जीत हासिल की थी, लेकिन इस साल वो राज्यसभा में पहुंच गई हैं। राहुल के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर स्मृति ईरानी की भी प्रतिक्रिया सामने आई है, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेठी से गांधी परिवार का ना लड़ना, इस बात का संकेत है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में वोट पड़ने से पहले ही अमेठी से अपना हार स्वीकार कर चुकी है।

## चारधाम यात्रा पर साइबर ठगों की नजर

**एसटीएफ ने बंद कराई 12 फर्जी वेबसाइट, अब तक 76 वेबसाइट ब्लॉक**



**एजेंसी। देहरादून**

चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक करते समय देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी होगी, वरना धोखाधड़ी हो सकती है। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने क्सी गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी। चारधाम से जुड़ी अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक कर यात्रियों को ठगी से बचाया गया है। साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए अपराध के नए-नए तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर संपूर्ण भारत में लाखों रुपये की धोखाधड़ी की जा रही है। गत वर्ष भी कई साइबर ठगी की शिकायतें आई थीं, जिसमें विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ चारधाम यात्रा हेलीकाप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर ठगी की गई थी। इस प्रकार की ठगी का मुख्य कारण यह था कि लोगों को चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुकिंग की आधिकारिक वेबसाइट की जानकारी नहीं थी, जबकि आईआरसीटीसी ने चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए अपनी वेबसाइट अधिकृत किया है। श्रद्धालु इस वेबसाइट www.heliyatra.irctc.co.in के माध्यम से चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुक करा सकते हैं। कोई भी भुगतान करने से पहले संबंधित भुगतान के माध्यम की जांच पड़ताल अवश्य कर लें। वहीं श्रद्धालुओं को साइबर ठगों के चंगुल में फंसने से बचाने के लिए एसटीएफ ने अभियान चलाया है। एसटीएफ से साक्षा करें जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जनता से अपील की है कि यदि कोई भी फर्जी हेली सेवा वेबसाइट, मोबाइल नंबर, लिंक आदि की जानकारी हो तो तुरंत एसटीएफ देहरादून से साझा करें। इसके लिए एसटीएफ ने दो मोबाइल नंबर 9456591505 एवं 9412080875 जारी किए हैं। इस नंबर पर स्क्रीनशॉट के साथ जानकारी साझा कर सकेंगे। वहीं, वित्तीय साइबर अपराध घटित होने पर तुरंत 1930 नंबर पर संपर्क करें।

## गैर कश्मीरी कैब चालक पर आतंकी हमले के मामले में एक ओजीडब्ल्यू गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले महीने दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में एक गैर कश्मीरी कैब चालक पर हुए हमले की जांच के दौरान आतंकियों के एक सहयोगी (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। 9 अप्रैल को दिल्ली निवासी टैक्सी चालक परमजीत सिंह पर शोपियां के पदपावन गांव में आतंकवादियों द्वारा लक्षित हमला किया गया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह हमला हीरपुरा में डेनिश रिसॉर्ट में हुआ था, जो मुगल रोड पर पड़ता है और कश्मीर को जम्मू क्षेत्र के राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ता है। शोपियां पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दानिश रिसॉर्ट्स में पदपावन गांव में हमले के मामले की जांच में एक महत्वपूर्ण डेवलपमेंट के साथ शोपियां पुलिस ने सेना की 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14 बटालियन के साथ मिलकर छोटीपोरा में 06 एके 47 राउंड, 2 सेल फोन की बरामदगी के साथ एक ओजीडब्ल्यू को गिरफ्तार करने में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

## छात्र ने अध्यापिका को मारी गोली , हालत गंभीर

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के कोतवाली शहर थाना क्षेत्र में एक छात्र ने कम्प्यूटर सेंटर में पढ़ा रही अध्यापिका को गोली मार दी। घटना में अध्यापिका गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान बिजनौर शहर के चौधरियान मोहल्ला निवासी कोमल देवल के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 10:35 बजे नूरपुर रोड स्थित आरसीटीआई कम्प्यूटर सेंटर में एक अध्यापिका को सेंटर में ही पढ़ने वाले छात्र ने गोली मार दी। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची और घायल अध्यापिका को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## न्यूज | बॉक्स

### कर्नाटक सेक्स वीडियो मामले में अब एचडी रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर

**मैसूरु।** कर्नाटक सेक्स वीडियो मामले में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे एमएलए एच.डी. रेवन्ना के खिलाफ कर्नाटक पुलिस ने रेप और किडनैपिंग के मामले में एक एफआईआर दर्ज की है। पीड़ितों में से एक के बेटे ने अपनी मां के अपहरण की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद एचडी रेवन्ना के खिलाफ केस दर्ज किया गया। एचडी रेवन्ना के रिश्तेदार सतीश बाबू को एफआईआर में दूसरे आरोपी के रूप में रखा गया है। शिकायत के बाद मैसूर जिले की केआर नगर पुलिस ने एचडी रेवन्ना और सतीश बाबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। बेटे ने आरोप लगाया है कि उसकी मां उस सेक्स वीडियो के सामने आने के बाद गायब हो गई है, जिसमें प्रज्वल रेवन्ना का उसके साथ यौन उत्पीड़न करने का फुटेज है।

### गीता रानी समेत तमाम वरिष्ठ वकीलों ने ज्वाइन किया 'आप', आतिशी ने पार्टी में किया स्वागत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील डॉ. गीता रानी सहित कई अन्य वकील आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हुए हैं। आप नेता आतिशी ने वकीलों को पटका और टोपी पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। डॉ. गीता रानी पानीपत वार्ड 17 से पूर्व पार्षद भी रह चुकी हैं। गीता रानी का कहना है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा दिल्ली के आम लोगों और वकीलों की जिंदगी को बेहतर बनाने का काम किया, उनकी नीतियों से प्रभावित होकर आप में शामिल हुई हैं। उनके साथ सुप्रीम कोर्ट के कई और वकील भी पार्टी में शामिल हुए। गीता रानी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा दिल्ली के आम लोगों और वकीलों की जिंदगी को बेहतर बनाने का काम किया। अब हम आम आदमी के हक की लड़ाई लड़ेंगे। आप नेता आतिशी ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के कामों से प्रभावित होकर सुप्रीम कोर्ट के कई वकील पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

### बिहार में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग और राजनीतिक दलों ने लगाया जोर



**पटना।** बिहार में दो चरणों में नौ लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव के बाद वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग के अलावा राजनीतिक दलों ने जोर लगाया है। आयोग जहां जागरूकता अभियान के अलावा अन्य कई तरह की कवायद कर रहा है, वहीं, राजनीतिक दलों ने भी अब इसको लेकर पहल शुरू कर दी है। प्रदेश निर्वाचन आयोग सभी बूथों पर आवश्यक सुविधा और मतदाताओं को बूथों तक लाने की मुहिम में जुटा हुआ है। पहले और दूसरे चरणों में मतदान को लेकर खास उत्साह नहीं दिख रहा है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू कार्यकताओं से बात की और वोट प्रतिशत बढ़ाने का टास्क दिया है। नीतीश कुमार ने कार्यकताओं से अपील की है कि लोगों को मतदान केंद्र तक ले जाएं। भाजपा ने भी अपने बूथ स्तर के कार्यकताओं और पन्ना प्रमुखों को भी वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर. श्रीनिवास ने राजनीतिक दलों को अपने स्तर से मतदाता पर्ची मतदाताओं को उपलब्ध कराने को कहा है। चुनाव आयोग के निर्देश पर बीएलओ के माध्यम से भी वोटर स्लीप उपलब्ध कराये जा रहे हैं।श्रीनिवास ने कहा कि राजनीतिक दलों की ओर से वोटर स्लीप वितरित नहीं होने की शिकायत की जाती है। इसी के मद्देनजर सीईओ ने सभी हितधारकों से इसमें सहयोग करने की अपील की है। बिहार में प्रथम चरण में 48.23 प्रतिशत तथा दूसरे चरण में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो पिछले लोकसभा चुनाव से कम है।

### गढ़चिरौली जिले में जादू-टोना के शक में दो लोगों को जिंदा जलाने वाले 15 गिरफ्तार

**मुंबई ।** गढ़चिरौली जिले में जादू-टोना के शक में एक महिला समेत दो लोगों को जिंदा जलाने के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस के अनुसार गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली तहसील के बारसेवाड़ा में 1 मई को शाम को करीब छह बजे गांव वालों ने जामनी तेलामी (52), देउ अटालामी (60) को जादू टोना करने के शक में जमकर पीटा। इसके बाद गांव वाले रात करीब 10 बजे मरणासन्न अवस्था में दोनों को घसीटकर गांव के बाहर नाले में ले गए और दोनों को जिंदा जला दिया। अगले दिन देर तक इसके बारे में किसी को पता नहीं चला लेकिन गुरुवार को इसकी भनक एटापल्ली पुलिस को लगी। इसके बाद पुलिस ने मौके से दोनों के अधजले शव बरामद किये। पुलिस ने शुक्रवार सुबह तक इस मामले में15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना की गहन छानबीन जारी है।

### पाकिस्तान में बस पलटकर सिंधु नदी के तट पर गिरी, 20 की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक प्राइवेट यात्री बस सुदूर पहाड़ी इलाके से फिसलकर सिंधु नदी के तट पर गिर गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। यह हादसा गिलगित बाल्टिस्तान के डायमेर जिले में आज सुबह साढ़े पांच हुआ। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने निर्देश दिया है कि घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाए। स्थानीय समाचार पत्र डॉन के अनुसार, यह बस रावलपिंडी से गिलगित जा रही थी। डायमर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर गुनार फार्म के पास चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और बस पलटते हुए सीधे सिंधु नदी के तट पर जा गिरी। हादसे में अन्य 21 यात्री घायल हो गए। इनमें से ज्यादातर की हालत नाजुक है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। एक अधिकारी ने कहा कि घायलों को चिलास अस्पताल भेजा गया । जिओ न्यूज के अनुसार डायमेर के डिप्टी कमिश्नर फैयाज अहमद ने कहा है कि कम से कम पांच घायल यात्रियों की हालत बेहद गंभीर है।

## वन विभाग ने हैदराबाद एयरपोर्ट के पास घूम रहे एक तेंदुए को पकड़ा

**हैदराबाद।** वन अधिकारियों ने पिछले पांच दिनों से हैदराबाद के बाहरी इलाके शमशाबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आरजीआईए) के आसपास घूम रहे एक तेंदुए को शुक्रवार सुबह पकड़ लिया। तेंदुए की मौजूगी से एयरपोर्ट के आसपास के गांवों में दहशत फैल गई थी। वन अधिकारियों के लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ फंस गया है। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। 28 अप्रैल को इलाके में तेंदुआ देखे जाने के बाद लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। वन अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए को शहर के नेहरू जूलॉजिकल पार्क में शिफ्ट कर दिया गया है। जांच और उसकी स्थिति की निगरानी के बाद तेंदुए को अमराबाद टाइगर रिजर्व में छोड़ दिया जाएगा। वन विभाग की टीम पिछले पांच दिनों से इलाके में सक्रिय थी। तेंदुए को पकड़ने के लिए पांच पिंजरे और 20 ट्रैप कैमरे लगाए गए थे। वह भोजन के लालच में एक पिंजरे में फंस गया। रंगारेड्डी जिले के शमशाबाद नगर पालिका के अंतर्गत गोलापल्ली के पास एयरपोर्ट क्षेत्र में तेंदुए को देखा गया था।

## बसपा ने यूपी में उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी की, तीन सीटों पर प्रत्याशी बदल

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने गुरुवार रात उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की।बसपा ने राज्य में तीन और सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, जबकि अन्य तीन सीटों पर उम्मीदवार बदल दिए।पार्टी ने गोंडा से सौरभ कुमार मिश्रा, कैसरगंज से नरेंद्र पांडे और बाराबंकी (सुरक्षित सीट) से शिव कुमार दोहरे को मैदान में उतारा है।जहां गोंडा और कैसरगंज के उम्मीदवार ब्राह्मण हैं, वहीं बाराबंकी का उम्मीदवार अनुसूचित समुदाय से है। जिन तीन सीटों पर पार्टी ने उम्मीदवार बदले हैं उसमें संत कबीर नगर, आजमगढ़ और डुमरियागंज शामिल है।

## 7.59 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा, अब तक 16 गिरफ्तार



**एजेंसी। फरीदाबाद**

नगर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने इनके पास बड़ी संख्या में कई बैंकों की पासबुक व चेक बुक, सैकड़ों सिम कार्ड और 14 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित आसपास के लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और उनसे पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं। ऐसा करने के लिए इन्हें मोटा कमीशन मिलता है। इसके बाद फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठित की। एसआईटी की टीम ने अब तक कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रशान्त कुमार निवासी बैंगलोर कर्नाटक, सईद मो. जिशान गांव कुसुर कलां जिला सन्त कबीर नगर उत्तर प्रदेश, सईद सुहेल गांव नथर जिला सिदार्थ नगर उत्तर प्रदेश, हरि किशन कोटगेट बीकानेर राजस्थान, आकाश निवासी टण्डन रोड आदर्श नगर दिल्ली, रोहित आदर्श नगर दिल्ली, महेन्द्र उर्फ रितेश भोपालगढ़ जोधपुर राजस्थान, दिनेश कुमार सारण नगर बनाड़ जोधपुर, दिपेन्द्र रामपरस्ता ग्रीन सैक्टर 7 वैशाली गाजियाबाद, रिंकू बीकानेर राजस्थान, इंद्रजीत लोधी रोड बीकानेर राजस्थान, राहुल पुगल रोड बीकानेर और आरोपित दिनेश कुमार रानी बाजार बीकानेर शामिल हैं।

## बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का दावा 2025 तक 10 लाख लोगों को देंगे नौकरी

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि 2025 तक राज्य में 10 लाख लोगों को नौकरी देंगे। उन्होंने कहा कि 2025 तक सीएम नीतीश कुमार 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देंगे। जनता से किए गए सभी वादों को पूरा किया जाएगा। हम लालू यादव जैसे नहीं हैं, जो जनता से वादा करें, लेकिन उसे पूरा ना करें। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, जिस अमेठी की सीट पर उनका पूरा खानदान चुनाव लड़ रहा था, वहां से राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भाग खड़ी हुई।

## पाकिस्तान के श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर हुए भाव विह्वल

**एजेंसी। अयोध्या**

पाकिस्तान के सिंध प्रांत के 35 जिलों के 235 हिंदूओं के एक जत्थे ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का दर्शन किये। सभी ने समर्पण भाव से रामलला सरकार को शीश नवाया और आशीर्वाद लिया। ये छत्तीसगढ़ के सदानी दरबार के नेतृत्व में अयोध्या पहुंचे हैं।

आराध्य के प्रति आस्था व विश्वास अटल हो तो सरहद और दूरियां कोई मायने नहीं रखतीं, कुछ ऐसा ही दृश्य आज अयोध्या की सड़कों पर देखने को मिला। सभी ने ढोल और नगाड़े के धुन पर जमकर नृत्य किया और जय श्री राम के नारे लगाए। पाकिस्तान के हैदराबाद से आये श्रद्धालु चंद्र राम ने कहा कि यहां आकर हम सभी को बहुत अच्छा लगा है। रामलला सरकार का दर्शन करने की अभिलाषा पूरी हुई है, जिसका शब्दों में वर्णन करना बहुत कठिन है। वहीं अन्य श्रद्धालुओं का कहना है कि पाकिस्तान में रह रहे सिंधी समाज और हिंदुओं की आस्था अयोध्या को लेकर हमेशा रही है, हम सभी सौभाग्य शाली हैं कि आज हमें प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर आने का सौभाग्य मिला, रामलला का दर्शन कर हृदय भाव विह्वल हो गया है, जिसकी शब्दों में वर्णन करना कठिन है।

## राज्यपाल ने उत्पीड़न की और अधिक आरोपों की आशंका जताई, तृणमूल ने की जांच की मांग



**एजेंसी। कोलकाता**

राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी द्वारा छेड़छाड़ का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें लगता है कि उनके खिलाफ ऐसे और भी आरोप लगेंगे। आरोपों को बेतुका नाटक करार देते हुए बोस ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का जिक्र करते हुए कहा कि कोई भी उन्हें भ्रष्टाचार को उजागर करने और हिंसा पर अंकुश लगाने के उनके दृढ़ प्रयासों से नहीं रोक पाएगा। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी की इसमें कोई भूमिका नहीं है। तृणमूल ने सच्चाई का पता लगाने के लिए आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की।

राजभवन की ओर से जारी रिकॉर्ड किए गए एक बयान में बोस ने कहा कि मैं कुछ राजनीतिक ताकतों द्वारा मुझ पर लगाए गए सभी आरोपों और लगातार आक्षेपों का स्वागत करता हूं। मैं समझता हूं, मेरे दोस्तों, अभी और भी बहुत कुछ होने वाला है। लेकिन एक बात स्पष्ट है, कोई भी बेतुका नाटक मुझे भ्रष्टाचार को उजागर करने और हिंसा पर अंकुश लगाने के मेरे दृढ़ प्रयासों से नहीं रोक पाएगा। बोस ने कहा, राजभवन में एक और भयावह साजिश रची गई है।

उन्होंने आरोपों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि एक दिन उन्हें 1943 में बंगाल के भीषण अकाल तथा 1946 में कलकत्ता में हुई हत्याओं के लिए भी दोषी ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह राज्य में काम कर रही राजनीतिक ताकतों की प्रकृति है। राज्यपाल ने कहा, मैंने कई तूफानों का सामना किया है। मैं, मेरे खिलाफ साजिश रच रहे उस राजनीतिक दल से कहता हूं कि यह कोई तूफान नहीं है। यह केवल तेज हवा की तरह है। अगर तुम्हें एहसास हो कि मैं तूफान हूं तो आश्चर्यचकित मत होना।

## आज का राशिफल

**मेष:** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**वृषभ:** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

**मिथुन:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क:** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**सिंह:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या:** व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

**तुला:** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

**वृश्चिक:** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

**धनु:** स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**मकर:** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा।

**कुम्भ:** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

**मीन:** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

# गाजा पट्टी में एक और बंधक की मौत : इजरायल



**एजेंसी। गाजा/तेल**

इजरायली सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि गाजा पट्टी में एक और बंधक की मौत हो गई है। 7 अक्टूबर को आतंकवादी हमले में हमास ने उनका अपहरण कर लिया था। इजरायल की सरकार ने गुरुवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घोषणा करते हुए बताया कि उनका शव अभी भी गाजा पट्टी में है। मृत्यु का कारण और समय के बारे जानकारी नहीं है।

यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि इजरायल को उसकी मृत्यु के बारे में कैसे पता चला। कथित तौर पर 7 अक्टूबर को नरसंहार के दौरान उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई थी और उनके तीन बच्चों में से दो का गाजा पट्टी में अपहरण कर लिया गया था। उनकी 13 वर्षीय बेटी और 17 वर्षीय बेटे को नवंबर में इजरायली सरकार और हमास के बीच एक समझौते के तहत रिहा कर दिया गया था।

इजरायली मीडिया ने बीरी किबुत्ज का हवाला देते हुए बताया कि 49 वर्षीय व्यक्ति की पहले ही हत्या कर दी गई थी। इजरायल में हमले के दौरान हमास के आतंकवादियों ने 250 से अधिक लोगों का अपहरण कर लिया था। एक समझौते के बाद हमास ने नवंबर के अंत में एक सप्ताह के युद्धविराम के दौरान 105 बंधकों को रिहा कर दिया था। बदले में इजरायल ने अपनी जेलों से 240 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया था।

# वॉर्सेस्टरशायर के स्पिनर जोश बेकर का 20 वर्ष की आयु में निधन



**एजेंसी। लंदन**
वॉर्सेस्टरशायर के स्पिनर जोश बेकर का 20 साल की उम्र में निधन हो गया है, क्लब ने गुरुवार को एक बयान में इस दुखद खबर की पुष्टि की है। हालांकि, मौत का कोई कारण नहीं बताया गया, लेकिन काउंटी के मुख्य कार्यकारी एशले जाइल्स ने कहा कि बेकर के निधन की खबर ने हम सभी को स्तब्ध कर दिया है। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर जाइल्स ने कहा, जोश एक टीम-साथी से कहीं बढ़कर थे; वह हमारे क्रिकेट परिवार का अभिन्न अंग थे। हम सभी को उनकी बहुत याद आएगी। हमारा सारा प्यार और प्रार्थनाएँ जोश के परिवार और दोस्तों के लिए हैं। बेकर, जिन्होंने अंडर-19 स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया था, इस सप्ताह की शुरूआत में ब्रॉम्सग्रोव स्कूल में समरसेट के खिलाफ काउंटी सेकंड इलेवन के मैच में शामिल थे।

## एसएसपी चौरसिया 13वें स्थान के साथ कोरिया में भारतीय गोल्फरों में शीर्ष पर

**सियोल ।** भारतीय गोल्फर एसएसपी चौरसिया शुक्रवार को यहां जीएस कैल्टेक्स मेक्यूंग ओपन के दूसरे चरण में 4 अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। एशियाई टूर पर 2017 के बाद से कोई खिताब नहीं जीतने वाले चौरसिया ने पहले दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में शानदार खेल से वह संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। प्रतियोगिता में 5 भारतीय खिलाड़ियों में चौरसिया के अलावा सिर्फ अजीतेश संधू (71-71) ही कट हासिल करने में सफल रहे। वह संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर है। शिव कपूर (75-69) एक शॉट से कट में जगह बनाने से चूक गए। एस चिक्कारंगप्प (78-79) संयुक्त 104वें जबकि करणदीप कोचर (78-79) का अभियान संयुक्त 129वें पायदान के साथ खत्म हुआ।

## फीडे कैंडिडेट्स के विजेता डी गुकेश ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** अप्रैल में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ कैंडिडेट्स (फीडे) का खिताब जीतने वाले भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने गुरुवार को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान खेल मंत्री ने गुकेश को पारंपरिक हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुकेश और खेल मंत्री दोनों ने खेल और टूनार्मेंट के दौरान के अनुभव के बारे में बात की। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। फीडे कैंडिडेट्स के राउंड 14 में, गुकेश ने काले मोहरों का इस्तेमाल करके प्रतिद्वंद्वी चैंपियनशिप के दावेदार हिकारू नाकामुरा को बराबरी पर रोका और अपनी जीत सुनिश्चित की। 17 वर्षीय गुकेश ने अप्रैल में इतिहास रचते हुए फीडे कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट 2024 जीता और टोरंटो में रोमांचक अंतिम दौर के बाद डिंग लिरेन के विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार बन गए।

## डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल ओलंपिक के एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद का अध्यक्ष चुना गया

**नई दिल्ली।** डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल ओलंपिक के एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
डॉ. मल्लिका नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (शिमला) से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज बनेंगी। डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत क्षेत्र में एसओ भारत के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगी।

**अहम मुकाबला**

# आज टाइटंस VS आरसीबी

## कोहली को रोकना नहीं होगा आसान



**एजेंसी। बेंगलुरु**
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार को अपने घर में आईपीएल के 52वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटी) का सामना करने उतरेगी। प्लेऑफ में पहुंचने के लिहाज से यह मैच दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है। ऐसे में कुछ ऐसे आंकड़ों का रुख करते हैं जो कि इस मैच को प्रभावित कर सकते हैं।

**राशिद के पास है कोहली का तोड़**
अहमदाबाद में हुए पिछले मैच में विराट कोहली ने आरसीबी की जीत की आधारशिला रखी थी। शनिवार को वह चिन्नास्वामी स्टेडियम में बल्लेबाजी करने उतरेंगे जो उनको काफी रास आता है। जीटी के अधिकतर गेंदबाज कोहली के सामने पानी मांगते ही नजर आते हैं लेकिन राशिद खान अगर लय में लौट जाएं तो कोहली के लिए मुश्किल जरूर खड़ी हो सकती है।
राशिद के खिलाफ कोहली का स्ट्राइक रेट 124 का है जबकि आईपीएल में वह दो बार राशिद का शिकार भी बन चुके हैं। साई किशोर के खिलाफ भी कोहली का बल्ला शांत ही रहता है। भले ही किशोर उन्हें एक बार भी अपना शिकार नहीं बना पाए हों लेकिन किशोर के खिलाफ कोहली का स्ट्राइक रेट 112.5 का है। राहुल तेवतिया के खिलाफ भी कोहली 34 गेंदों पर 40 रन ही बना पाए हैं।

**क्या लय में लौटेंगे गिल और मिलर?**
पिछले मैच में शुभमन गिल अपनी एक ठोस शुरूआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए थे। इस सीजन जीटी के शीर्ष क्रम से रन ना निकलने से उनका प्रदर्शन बहुत हद तक प्रभावित हुआ है। हालांकि आरसीबी के खिलाफ गिल और डेविड मिलर का रिकॉर्ड अच्छा है। आरसीबी के खिलाफ गिल के नाम एक शतक है तो वहीं मिलर भी इस प्रतिद्वंद्वी के विरुद्ध एक शतक लगा चुके हैं। हालांकि आरसीबी के सामने अगर जीटी चाहे तो केन विलियमसन को भी मैदान में उतार सकती है क्योंकि आरसीबी के खिलाफ विलियमसन का औसत 50 के भी ऊपर है और उनके खाते में पांच अर्धशतक भी हैं।
यह सीजन मोहम्मद सिराज के लिए संतोषजनक नहीं रहा है। गिल के खिलाफ सिराज के आंकड़े भी संतोषजनक नहीं हैं। सिराज आईपीएल में गिल को एक बार भी अपना शिकार नहीं बना पाए हैं, जबकि गिल ने 150 से ऊपर के स्ट्राइक रेट के साथ उनके खिलाफ 179 रन बनाए हैं। हालांकि गिल का तोड़ अल्जारी जोसेफ के पास मौजूद है। अब तक दोनों का आईपीएल में दो बार आमना सामना हुआ है और दोनों ही बार अल्जारी ने ही गिल को आउट किया है।
गिल के खिलाफ भले ही सिराज का रिकॉर्ड अच्छा नहीं हो लेकिन आरसीबी मिलर के खिलाफ जरूर उनका इस्तेमाल कर सकती है। सिराज ने मिलर को आईपीएल में अब तक कुल 21 गेंदें डाली हैं, जिन पर मिलर 21 रन ही बना पाए हैं और दो बार सिराज का शिकार भी हुए हैं।

## द्वितीय उपविजेता बन कर रांची लौटने पर झारखंड चौकबॉल टीम का भव्य स्वागत



**रांची।** 26 से 28 अप्रैल 2024 तक जालंधर पंजाब के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल पाप कैंपस में आयोजित 13वीं सब जूनियर बालक-बालिका एवं 14वीं जूनियर बालक-बालिका राष्ट्रीय चौकबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें झारखंड के जूनियर वर्ग में बालक-बालिका टीमों ने भाग लिया था, साथ ही पूरे भारत से 20 राज्यों की बालक बालिका की टीमें भी इसमें हिस्सा ले रही थी। जिसमें झारखंड की बालिका टीम ने द्वितीय उपविजेता बनकर राज्य का नाम रौशन किया। द्वितीय उपविजेता बन कर टीम रांची के अपने चौकबॉल कोर्ट जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर कचहरी रोड रांची पहुंची तो सभी खिलाड़ियों एवं पधाधिकारी को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिला कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में पूर्व डीएसपी अरुण कुमार, आशा संस्था के डायरेक्टर अजय जायसवाल, समाज सेवी शशि वर्मा, ओम एक्वा कल्चर के सी. एम.डी. प्रसांत कुमार प्रधान, संघ के दीपक वर्मा एवं अंश वर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## साल के अंत में श्रीलंका और पाकिस्तान की मेजबानी करेगा दक्षिण अफ्रीका

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका 2024-25 की गर्मियों में श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी करेगा जबकि दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम इस दौरान घर पर इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 की इस अवधि के दौरान कुल 17 मैच खेले जाएंगे, जिसमें पांच टेस्ट मैच शामिल होंगे। पुरुषों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। हालांकि इस दौरान जोहानसबर्ग में एक भी मैच नहीं खेला जाएगा। यह लगातार दूसरी बार होगा जब गर्मियों के सीजन में यह मैदान एक भी टेस्ट मैच की मेजबानी नहीं करेगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बीते सीजन खेली गई दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दौरान भी एक भी मैच जोहानसबर्ग में नहीं खेला गया था। अंदरूनी सूत्रों ने ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया कि अधिकारियों को जोहानसबर्ग को मेजबानी ना दिए जाने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

# जून-जुलाई में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगी भारतीय महिला टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**
जून-जुलाई के महीने में भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगी। इस दौरे पर तीन वनडे, तीन टी20 और एक टेस्ट मैच खेला जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि सीमित ओवरों की दोनों श्रृंखला बेंगलुरु में खेली जाएंगी। सबसे पहले 16 जून को वनडे श्रृंखला का आगाज होगा जबकि दौरे का एकमात्र टेस्ट 28 जून को शुरू होगा। टी20 श्रृंखला टेस्ट मैच के बाद खेली जाएगी। सितंबर अक्तूबर में बांग्लादेश में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए टी20 श्रृंखला का कार्यक्रम बाद में निर्धारित किया गया है। 16,19 और 23 जून को वनडे खेले जाएंगे जबकि 5,7 और 9 जुलाई को टी20 खेले जाएंगे। एकमात्र टेस्ट पहले से आईसीसी के फ़्यूचर टूर प्रोग्राम का हिस्सा नहीं था। इसे क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए ) और बीसीसीआई द्वारा महिला टेस्ट को प्रमोट करने के इरादे से प्रस्तावित दौरे में बाद में जोड़ा गया।

## सौरभ यादव ने की शानदार बल्लेबाजी

**लखनऊ।** एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 के लीग मैच में सीएसडी सहारा एकेडमी ने अशरफी क्रिकेट ग्राउंड को 296 रन से मात देकर बढ़त बना ली। इस मैच में सीएसडी सहारा के सौरभ यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाये। सीडीएस सहारा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में छह विकेट गवांकर 421 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज आदित्य कृष्णा 17 रन बनाकर आउट हो गये।

# टी-20 और वनडे में भारत की बादशाहत बरकरार

### टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** पिछले साल ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को हराने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वार्षिक अपडेट के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। अपडेट में 2020-21 सत्र के परिणाम शामिल नहीं किए गए हैं और मई 2021 से पूरी हुई सभी सीरीज को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया अब 124 रेटिंग पॉइंट के साथ तालिका में शीर्ष पर है, दूसरे स्थान पर काबिज भारत (120) ऑस्ट्रेलियाई टीम से केवल 4 अंक पीछे है, जबकि तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका 103 पॉइंट के साथ चौथे स्थान पर है। तीसरे से नौवें स्थान पर रहने वाली टीमों का क्रम वही है। अब केवल नौ टीमें ही रैंक की गई हैं, क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड ने अभी तक पर्याप्त टेस्ट नहीं खेले हैं, जबकि जिम्बाब्वे भी बाहर है, क्योंकि उसने पिछले तीन वर्षों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं। रैंकिंग तालिका में आने के लिए टीमों को तीन साल की अवधि में कम से कम आठ टेस्ट खेलने होंगे।




झारखण्ड सरकार

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

-:अति आवश्यक सूचना:-

पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–521 नि० दिनांक–23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है। पक्षियों में संभवतः बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है।

| पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण | बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय |
|---|---|
| ➤ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना। ➤ कलगी फूल जाना। ➤ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना। ➤ नाक से पानी आना। ➤ पतला दस्त होना। ➤ सांस लेने में तकलीफ होना। ➤ चलने में लड़खड़ाना | ➤ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए। ➤ आस–पास रहने वाले व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें। ➤ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें। ➤ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराऐं नहीं। |

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें।
साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें।

PR No. 324397 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 2024-25


**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# बजाज ऑटो ने 1.85 लाख रुपये में नई पल्सर लॉन्च की




**एजेंसी। नई दिल्ली**
दोपहिया वाहन निमार्ता बजाज ऑटो ने शुक्रवार को देश में 1 लाख 85 हजार रुपये (एक्स-शोरूम) की कीमत पर नई 'पल्सर एनएस400जेड' लॉन्च की।
पल्सर एनएस400जेड चार रंग ग्लॉसी रेसिंग रेड, ब्रुकलिन ब्लैक, पर्ल मेटैलिक व्हाइट और प्यूटर ग्रे में उपलब्ध होगी। बजाज ऑटो के मोटरसाइकिल बिजनेस के प्रेसिडेंट सारंग कनाडे ने कहा, यह अल्टीमेट परफॉर्मेंस मशीन है जो भारत में स्पोर्ट्स मोटरसाइकिलिंग को फिर से परिभाषित करेगी। यह शानदार इंजीनियरिंग, अत्याधुनिक तकनीक और राइडर्स वास्तव में क्या चाहते हैं, इसकी गहरी समझ का परिणाम है। नई पल्सर 373 सीसी लिक्विड-कूल्ड इंजन से संचालित है जिसमें 6-स्पीड गियरबॉक्स हैं जो 40 पीएस पावर, 35 एनएम टॉर्क, राइड-बाय-वायर इलेक्ट्रॉनिक थ्रॉटल और चार राइड मोड प्रदान करता है। बाइक में एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप, चौड़े टायर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ पूरी तरह से डिजिटल रंग एलसीडी स्पीडोमीटर, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, म्यूजिक कंट्रोल, लैप टाइमर और ट्रैक्शन कंट्रोल है। कंपनी ने कहा कि नई पल्सर एनएस400जेड किसी भी राइड के लिए अनुकूल है। नई बाइक में सुरक्षा उद्देश्यों के लिए ब्रेकिंग और कंट्रोल फीचर्स का एक व्यापक सेट है। संयुक्त एबीएस तकनीक के साथ डुअल-चैनल एबीएस असाधारण स्टॉपिंग पावर सुनिश्चित करता है और विभिन्न राइडिंग स्थितियों के तहत व्हील लॉक-अप को रोकता है। स्विचेबल इलेक्ट्रॉनिक ट्रैक्शन कंट्रोल (ईटीसी) स्पोर्ट और ऑफ-रोड मोड में ग्रिप को मजबूत रखता है, जिससे राइडर्स को अधिक कंट्रोल मिलता है।

# अब मिल सकता है रेल का फ्री टिकट



**एजेंसी। नई दिल्ली**
Train Ticket Booking करने के लिए हर कोई IRCTC का इस्तेमाल करता है। लेकिन हम कुछ अन्य ऐप ऑप्शन भी आपको बताने जा रहे हैं। इसकी मदद से आपको कंफर्म ट्रेन टिकट हासिल करनी आसान हो जाती है। खास बात है कि इन्हें यूज करना भी काफी आसान है। एक बार आप फीचर्स सेव कर सकते हैं और इसके बाद आपको कंफर्म ट्रेन टिकट हासिल करनी आसान हो जाती है। तो चलिये आपको भी बताते हैं-

**Paytm-**
पेटीएम का इस्तेमाल आप तो मोबाइल रिचार्ज और पेमेंट ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। लेकिन इसमें कई शानदार फीचर्स भी मिलते हैं। इसका सबसे खास फीचर है- ट्रेन और फ्लाइट टिकट बुकिंग। जी हां, पेटीएम की तरफ से भी ऐसा ही ऑफर दिया जा रहा है। आप इसकी मदद से ट्रेन टिकट बुकिंग कर सकते हैं और वो भी काफी तेजी से। इसके लिए आपको बस IRCTC का लॉगइन करना होगा।

**Phone Pe-**
मदद से भी आप टिकट बुकिंग कर सकते हैं। फोनपे कई लोगों की पहली पसंद है। ऐसे में अगर आप भी इस प्लेटफॉर्म का यूज करते हैं तो टिकट बुकिंग के लिए भी किया जा सकता है।

## एयर इंडिया दिल्ली-ज्यूरिख के लिए 16 जून से शुरू करेगी सीधी उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवा की शुरूआत 16 जून से शुरू करेगी। इसके साथ ही ज्यूरिख भारत से एयर इंडिया की सीधी उड़ान सर्विस वाला सातवां यूरोपीय शहर हो जाएगा। एयर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में बताया दिल्ली से स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख के लिए सीधी उड़ान सेवा 16 जून से शुरू होगी। उड़ानों का संचालन हफ्ते में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को होगा। कंपनी ने कहा कि इस उड़ान के लिए बोइंग 787 विमान का उपयोग किया जाएगा। इसमें इकोनोमी और बिजनेस श्रेणी होंगी।

## 2023-24 में अदाणी ग्रीन का ईबीआईटीडीए 30 प्रतिशत बढ़ा

**अहमदाबाद।** नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शुक्रवार को तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उसने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसका ईबीआईटीडीए 30 प्रतिशत बढ़कर 7,222 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। उसने वर्ष 2030 के लिए स्थापित क्षमता का अपना लक्ष्य 45 गीगावाट से बढ़ाकर 50 गीगावाट कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले साल उसने स्थापित क्षमता में 2.8 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता जोड़ी जो देश में कुल जोड़ी गई नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का 15 प्रतिशत है।

## एक नजर

### बाईक के धक्के से 30 वर्षीय व्यक्ति घायल स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** लेसलीगंज थाना क्षेत्र के दुमी गांव निवासी पंकज पासवान उम्र 30 वर्ष सड़क दुर्घटना में गुरुवार की रात गंभीर रूप से घायल हो हुए। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की पंकज पासवान गुरुवार की रात कुछ सामान खरीदने अपने गांव के पास के दुकान में जा रहे थे। तभी तेज गति से आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमे वह बाइक के धक्के से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### पुलिस लाइन में तैनात 59 वर्षीय हवलदार की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस लाइन में गुरुवार की दोपहर बाथरूम जाने के क्रम में हवलदार श्याम सोरेन उम्र 59 वर्ष बाथरूम में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस लाइन में तैनात जवानों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई।

### लोहे की पाइप लदे ट्रक में दुर्घटना के बाद लगी भीषण आग

**चतरा।** शुक्रवार को चतरा-गया मुख्य पथ पर संघरी घाटी में लोहा पाइप लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रक में भीषण आग लग गई। हालांकि इस दुर्घटना में ट्रक के चालक व उप चालक बाल-बाल बच गए। वहीं ट्रक में उठ रहे आग की लपटों के कारण घंटो चतरा-गया मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस व दमकल वाहन को दिया। हालांकी जबतक दमकल वाहन पहुंची तबतक ट्रक लगभग जल चुका था। वहीं चतरा संसदीय सीट के निर्दलीय प्रत्याशी डॉ.अभिषेक कुमार सिंह हंटरगंज जाने के क्रम में मौके पर रुके और लोगों के सहयोग से सड़क पर बिखरे लोहे के पाइप को किनारे करने में सहयोग किया। श्री सिंह ने जिला प्रशासन से संघरी घाटी के आसपास हमेशा एक दमकल वाहन व स्वास्थ्य टीम रखने की मांग की, ताकि किसी तरह की घटना होने पर तत्काल लोगों को राहत मिल सके।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## समर्थकों ने कहा कि जेल का ताला टूटेगा नागमणी भैय्या छूटेगा

### पत्नी का नामांकन कराने पहुंचे थे






**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा लोकसभा के चुनाव में नामांकन के छठे व अंतिम दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद नागमणी अपनी पत्नी का नामांकन कराने समाहरणालय के पीछे गेट से पहुंचे थे। वहीं नामांकन के उपरांत अपने समर्थकों और पत्नी के साथ बिल्डिंग से नीचे उतरे, तभी पहले से मौजूद सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने 2014 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उलंघन मामले में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान समर्थक और प्रस्तावक पुलिस समझाने का प्रयास किया, पर पुलिस किसी की नहीं सुनी और कानून को अपना काम करने दो की बात कह कर पूर्व केंद्रिय मंत्री को अपनी गाड़ी में बैठा कर ले गई। गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस का कहना है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में उन पर आचार संहिता उलंघन का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। सूत्रों की माने तो पुलिस विगत दो दिनों से पूर्व केंद्रिय मंत्री की तलाश कर रही थी। वहीं गिरफ्तारी के बाद नागमणि ने मीडिया से कहा कि मैं लगातार लोकसभा क्षेत्र में घुम रहा हूं और नगवां स्थित अपने आवास में रह रहा हूं। परंतु आज तक न नोटिस दिया गया और ना ही इश्तेहार चिपकाया गया। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा की मैं अमर शहीद जगदेव प्रसाद का पुत्र हूं।

# लचर बिजली आपूर्ति से परेशान उपभोक्ता पहुंचे बिजली कार्यालय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड में लचर विद्युत आपूर्ति को लेकर विद्युत उपभोक्ता का एक शिष्ट मंडल समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में गुरुवार को छतरपुर विद्युत कार्यालय पहुंचकर विद्युत कनीय अभियंता गुणवंत कुमार से बात कर हरिहरगंज प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र में लचर विद्युत आपूर्ति पर नाराजगी जतायी. जानकारी देते हुए राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि हरिहरगंज नगर पंचायत तथा प्रखंड क्षेत्र में लचर विद्युत आपूर्ति से विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं. विभाग की लापरवाही के कारण 4 से 5 घंटा ही बिजली आपूर्ति की जाती है. बिजली विभाग हरिहरगंज उपभोक्ताओं से सौतेला व्यवहार कर रही है. बगल के प्रखंड तथा क्रेशर प्लांट को 22 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है।

# पीएम के आगमन को लेकर शहर के होटलों की हुई जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर पलामू पुलिस अलर्ट है। मेदिनीनगर शहर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी देवदत्त पोद्दार के निर्देश पर टीओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अपने क्षेत्र के होटल क्राउन प्लाजा,ब्लूबर्ड, चंद्रा की गहनता पूर्वक जांच किया। वही टीओपी वन,टीओपी टू प्रभारी के द्वारा शहर के तमाम होटलों की गहनता पूर्वक जांच की। जांच के क्रम में होटलों में ठहरने वाले लोगों की रजिस्टर में इंट्री देखी गई। उन्हें ठहराने के लिए समुचित प्रक्रिया का पालन किया गया है या नहीं इसकी भी जानकारी ली गई। कमरा बुक कराने के लिए पहचान आईडी ली गई है या नहीं यह भी जांचा किया गया। होटलों में सीसीटीवी की व्यवस्था है या नहीं यह सब देखा गया। रजिस्टर मेंटेन नहीं होने को लेकर कई होटल संचालकों को पुलिस कर्मियों ने सख्त चेतावनी भी दी और कहा कि अगली बार से रजिस्टर मेंटेन नहीं पाया गया तो होटल संचालक के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मोदी के आगमन पर स्वागत को लेकर विचार-विमर्श और रणनीति तय की गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज दिनांक 3/5/2024 को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित ऑटो स्टैंड के प्रांगण में मजदूर,ऑटो चालकों, वरिष्ठ एवं गणमान्य आम जनों के साथ दिनांक 4/5/ 2024 पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मेदिनीनगर चायाकी हवाई अड्डा के प्रांगण में भारत के माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के आगमन पर स्वागत को लेकर आपसी विचार विमर्श एवं रणनीति तय की गई। साथ ही पूरी तैयारी की समीक्षा भी की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि गर्व की बात है की यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी का पलामू की धरती पर आगमन होने जा रहा है जिसे सफल बनाने के लिए हम तमाम मजदूर नौजवान सभी बड़े एवं छोटे वाहनों के चालक भाइयों से अपील है कि पलामू सहित भारत हमारा राष्ट्र विश्व के मानचित्र के पटल पर अग्रणी श्रेणी में सदैव विराजमान रहे इसके लिए मोदी जी के हाथों पूर्ण रूपेण मजबूती प्रदान करना होगा तभी जाकर के हम भारतवासी एवं हमारा राष्ट्र का तिरंगा विश्व के मानचित्र के पटल पर विकास के हर क्षेत्र से अग्रणी श्रेणी में सदैव ऊंचा रहेगा।


# पेयजल संकट गहराया, 1900 चापानल में 125 हैं खराब, ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** मौसम की बेरूखी से धरती व आकाश तपने लगे हैं। ऐसे में लोगों के दिन की चैन व रात की नींद हराम हो गई है। लोगों का जीना मोहाल हो गया है। हुसैनाबाद प्रखंड में कुल 1900 चापनल लगाया गया है। जिसमें विशेष मरम्मती के अभाव में 125 चापनल खराब है। खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को इससे ज्यादा प्रभावित होना पड़ गया है। नदी-नाले सूख चुके हैं। इस कारण जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुआ, तालाब व चापाकल से भी पानी निकालना मुश्किल हो गया है। शहर के गुलबाग के समीप हरही नदी के समीप स्टाटर की चोरी हो जाने से पाइप लाइन से पेयजल आपूर्ति एक साल से बंद हैं। जबकि एक डीप बोर में खुलकर मोटर चले जाने के कारण कई वर्षों से बंद हैं। जिससे चिकटोली मोहल्लों के लोगों को पीने का पानी का घोर संकट उत्पन्न हो गया है।जबकि नदी पर व गुलबाग का जलमिनार कई माह से खराब पड़ा है। यही स्थिति अन्य गावों में देखने को मिल रही है। ज्यादा परेशानी पशु पक्षियों को हो रही है। मवेशियों को पानी के लिए नलों के पास पहुंचते देखा जाने लगा है। जहां- तहा नदी नालों में चुआड़ी खोद कर पानी की व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्र में व्याप्त पानी की समस्या के समाधान के लिए कई बार लिखित तौर पर विभाग को सूचित किया गया है।

# डंडीला गांव में आग लगने से हजारों रुपये का हुआ नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अन्तर्गत डंडिला गांव के बथान के स्थान पर किसान के खलिहान व एक घर में आग लग गयी, जिसमें खलिहान में रखे तीन किसानों के करीब 300 बोझा का पुआल जल गया। वही एक किसान के मिट्टी के कपरैल घर मे रखे गेंहू के भूसा सहित अन्य सामान जल कर खाक हो गया, जिससे 50 हजार रुपए से अधिक की संपति का नुकसान होना बताया गया हैं। बताया जाता है कि दोपहर में ललन बैठा,लक्ष्मण बैठा व लाला बैठा के खलिहान में अचानक आग लग गयी, जिसके बाद ग्रामीणों ने काफी मस्कत कर आग को बुझाया, तब तक सारा सामान जल कर खत्म हो गया था, आग लगने का मुख्य कारण का पता नही चला सका है ।वही जिनका नुकसान हुआ है वह किसान मवेशियों के चारा संकट से परेशान है ।वहीं घर का सामान भी जल गया।

# बंधुआ गांव में लकड़ी से लदी ट्रैक्टर और चार लोगों को किया गया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसाड रेंज के चेतमा के बंधुआ गांव से कल रात लकड़ी से लदी एक ट्रैक्टर और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। बरामद लकड़ी का 23 बोटा मिला है जिसमें से तीन पेड़ तस्करों के द्वारा काटा गया है और तीन पेड़ ऐसे थे जो आंधी तूफान के कारण गिरे हुए थे। उन्हें भी तस्करों ने काट कर बोटा बना दिया । जिन पेड़ों को काटकर बोटा बनाया गया वह हैं बहेरा ,सखुआ , जामुन, इत्यादि की लकड़िया शामिल है ।

तस्करों द्वारा बरामद लड़कियों की बाजारी कीमत 5 लाख रुपए के आसपास है। प्रभारी वनपाल परमजीत तिवारी ने बताया कि एक सप्ताह पहले गुप्त सूत्रों के अनुसार सूचना मिला कि कुछ लोग बारेसाड रेंज के चेतमा के बंधुआ गांव में एक ईट भट्टा बना है और उस ईट भट्ठे में ईट को पकाने के लिए जंगल से लकड़ी लाने वाले हैं।

# बीडीओ ने बीएलओ व प्रवेक्षक के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बीएलओ व प्रवेक्षक के साथ बैठक किया। बैठक में निर्वाचन शाखा द्वारा मतदान केंद्रवार आवंटित मतदाता पर्ची का वितरण बीएलओ के बीच करते हुए बीएलओ को घर-घर जाकर मतदान पर्ची वितरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वितरण रिपोर्ट प्रत्येक दिन निर्वाचन शाखा में करने का निर्देश दिया गया। जबकि मतदान के दिन सभी बीएलओ को मतदान केंद्र पर समय से पहले उपस्थित रहने को कहा गया।

### एसपी ने किया गिद्धौर थाने का औचक निरीक्षण

**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौर थाना का पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए चुनाव संपन्न होने तक क्षेत्र में गश्ती तेज करने के साथ जगह-जगह पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### हरिहरगंज में राजद का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**हरिहरगंज।** मेन रोड़ न्यू बस स्टैंड स्थित राजकुमार गुप्ता के मकान में शुक्रवार को राजद के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव तथा प्रत्यासी ममता भुइयां की उपस्थिति में कार्यालय प्रभारी बुधन सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की पार्टी है। राजद ही क्षेत्र का विकास कर सकती है।

### हुसैनाबाद में नगर पंचायत ने जागरूकता अभियान चलाया, मतदाताओं को किया जागरूक



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय परिसर के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम के आयोजन से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संगठनों की महिलाओं ने भी कई कार्यक्रम का आयोजन कर वोटर जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ-साथ पहले मतदान तब जलपान थीम पर कई पेंटिंग प्रस्तुत किया गया।

### सेवानिवृत्त एसआई को दी गई भावपूर्ण विदाई



**हरिहरगंज।** स्थानीय थाना कार्यालय में सेवानिवृत्त एस?आई लालबहादुर हरिजन को भावपूर्ण विदाई दी गयी. पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने सेवानिवृत्त अधिकारी को बुके, अंगवस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि लाल बहादुर हरिजन का सेवा काल अनुकरणीय है. विदाई समारोह में एसआइ सतीश गुप्ता, विगेश राय, सोनू गुप्ता, राकेश सिंह, धनंजय, अविनाश, नंदलाल साहनी, रंजीत सिंह, सुधांशु शेखर झा, एएसआइ संजय सिंह, मनोज दास, कंप्यूटर ऑपरेटर संजय रजक आदि मौजूद थें.

### पौधरोपण से धरती मां व पिंड पानी से मृतक की आत्मा को मिलेगी शांति : कौशल



**छतरपुर(पलामू)।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के हेसला गांव निवासी स्व जगदीश पासवान के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उनकी आत्मा के शांति के लिए उनके परिजनों के साथ जायफल का पौधा लगाकर कार्यक्रम को न सिर्फ यादगार बनाया बल्कि श्रद्धांजलि भी अर्पित की। कार्यक्रम में शामिल परिजनों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्र की शपथ भी दिलाई। वहीं पर्यावरणविद व जिला पार्षद अमित ने छतरपुर के ही मनहु गांव में जाकर नरेश रजक के साथ दुख दर्द बांटते हुए उन्हें ढाढस बंधाया। उनके पुत्र निशांत कुमार रजक की मौत 26 अप्रैल को कुंआ में गिरने से हो गयी थी।

### हजरत मकसुम सैयद लतीफ शाहदाता रहमतुल्लाह के मजार पर 15 वां उर्स आयोजित

**मेदिनीनगर।** पलामू रामगढ़ थाना क्षेत्र के बेड़मा बभंडी ग्राम में दो दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया। हजरत मकसुम सैयद लतीफ शाहदाता रहमतुल्लाह के मजार पर 15 वां उर्स के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौड़िया रामनवमी पूजा समिति के जेनरल अध्यक्ष टाईगर कुमार चंद्रवंशी ने फीता काटकर कव्वाली का उदघाटन किया। इसके पूर्व टाईगर कुमार ने मजार शरीफ पर चादर चादरपोशी किया।

## पेज एक के शेष

### पीएम का मेगा रोड शो से नई...

नारे के बीच अबकी बार चार सौ पार का नारा गूंज उठता। यह मोदी का जादू ही था कि सड़क किनारे लगाये गए बैरिकेडिंग के अंदर भी लोग नई राजनीतिक ऊर्जा से लबरेज दिख रहे थे। यह दृश्य हिनू चौक से लेकर रातू रोड न्यू मार्केट चौराहे तक हर जगह दिखा। पीएम मोदी खुली जीप पर सवार थे, उनके साथ रांची के भाजपा सांसद एवं प्रत्याशी संजय सेठ और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कभी हाथ हिलाकर तो कभी दोनों हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते। रास्ते में कई जगहों पर लोगों ने उन पर फूल बरसाए। इनमें महिलाओं की भी बड़ी तादाद थी। पीएम मोदी के हाथ में भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल का छोटा कटआउट था, जिसे दिखाकर उन्होंने पार्टी के पक्ष में मतदान की मौन अपील की। रोड शो में लोग लगातार मोदी-मोदी के नारे लगाते रहे। पीएम मोदी को देखने के लिए छतों, पेड़, होटल, जहां जिसे जगह मिली, वहीं जमा रहे। कई लोगों ने हाथों में पीएम मोदी की तस्वीरें और कटआउट ले रखी थी।

### तुष्टीकरण के कारण झारखंड का

जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। संथाल में घुसपैठ के कारण आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है। यही खेल बंगाल में खेला गया था। आदिवासी इलाके में लोग घुसपैठियों से जूझ रहे हैं। ये वोट बैंक के लिए घुसपैठियों की संख्या बढ़ाकर आदिवासियों की हक भी उन्हें देने को तैयार हैं। अपनी बात को पुख्ता करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव कर ओबीसी, आदिवासी और पिछड़े का हक छीन लेगी और मुसलमानों को दे देगी। कांग्रेस ने कर्नाटक में रातों-रात एक फतवा निकाल कहा कि जितने भी मुसलमान हैं वह सब ओबीसी हैं। इसके बाद उन्हें ओबीसी आरक्षण दे दिया गया और पूरा देश देखता रह गया। झामुमो ने भी वोट बैंक के लिए इसका विरोध नहीं किया। उन्हें भी जब मौका लगेगा वो भी ऐसा करने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता यह लिखकर दें कि वो एसटी-एससी, ओबीसी का आरक्षण काटकर धर्म के आधार पर मुस्लिमों को नहीं देंगे। कांग्रेस का कोई नेता यह बात लिखकर देने को तैयार नहीं है क्योंकि उनके मन में मुस्लिम आरक्षण बसा है। उन्होंने कहा कि लेकिन ये मेरी गारंटी है कि उनके रहते कोई भी संविधान को हाथ भी नहीं लगा सकता। हम बाबा साहेब द्वारा मिले अधिकार को छीनने देंगे। मोदी आपके लिए लड़ने और मरने को भी तैयार है।

**झारखंड क्रांतिकारियों की धरती, कांग्रेस आदिवासी विरोधी :** मोदी ने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की धरती है। कांग्रेस ने झारखंड का कभी सम्मान नहीं किया है। कांग्रेस को आदिवासी विरोधी करार देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का विरोध किया था। कहा, भाजपा और झारखंड का रिश्ता दिल का है। झारखंड के लोगों की भावनाओं को यदि कोई समझता और सुलझाता है तो वो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है। उन्होंने कहा कि झारखंड को अटल ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आएं।

**झारखंड की धरती से लांच की कई प्रमुख योजनाएं :** प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने बाबा साहब की जयंती के दिन आयुष्मान भारत योजना झारखंड की धरती से लांच की। दुमका की धरती से मुद्रा योजना की शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि आज गरीबों को पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मुद्रा योजना की शुरूआत हमने झारखंड के दुमका से की। इसी तरह मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हमने झारखंड के खूंटी से शुरू की। इसलिए तो मैं कहता हूं, झारखंड और भाजपा का दिल का नाता है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सिंहभूम प्रत्याशी गीता कोड़ा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ...

नेता भी वहां मौजूद थे। कार्यालय के बाहर सपा और कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। उत्साह में कार्यकर्ता राहुल गांधी जिंदाबाद और कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाते रहे।

### कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में ...

प्राप्त करने के लिए झारखंड के जिन नेत्र चिकित्सकों ने मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, नेत्रदान एवं डायबिटिक रेटिनोपैथी के क्षेत्र में जन-जागरूकता अभियान चलाया और जिन्होंने पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के प्रशिक्षण के लिए कार्य किया उन्हें डॉ. समर बसाक ने झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। अवार्ड से सम्मानित होने वाले संस्थान व डॉक्टरों में रियो रिम्स रांची, कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची, सीसीएल रांची, बोकारो जनरल हॉस्पिटल, जमशेदपुर तथा धनबाद नेत्र सोसाइटी, डॉ. पिंकी पाल, डॉ. प्रीतिश प्रोणोय, डॉ. राशि श्याम शामिल हैं। झारखंड नेत्र सोसाइटी की चेयरपर्सन साईंटीफिक कमेटी डॉ भारती कश्यप ने बताया, नेत्र सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस के डेफर्ड लाइव सर्जरी सत्र में माइनस पॉवर कम करने के ऑपरेशन से लेकर पलक, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद, रेटिना की 11 तरह की नयी-नयी सर्जिकल तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। डॉ. समर बसाक ने कहा कि यह सभी लोगों को पता है कि नेत्रदान से बड़ा और कोई दान नहीं है। बावजूद इसके नेत्रदान की जितनी आवश्यकता है वह पूरी नहीं हो पाती है। इसकी वजह लोगों में जागरूकता की कमी है। लेकिन झारखंड में नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक कराने में कश्यप मेमोरियल आई बैंक और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब ने जितना प्रयास किया है, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये, वह कम ही होगी। लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल रन फॉर विजन का आयोजन और उसमें बड़ी-बड़ी हस्तियों का शिरकत करना, इस प्रयास को चार चांद लगाता है। उन्होंने नेत्रदान पर जोर देते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में भी कश्यप मेमोरियल आई बैंक और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब के संयुक्त प्रयास से अंधे लोगों की आंखों में रोशनी लाने में काफी हद तक सफल होंगे।

डेफर्ड लाइव सर्जरी पहले कैटरेक्ट सत्र में डॉ. बी पी कश्यप, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. अरविन्द मौर्या एवं डॉ. पार्थो बिस्वास ने कड़े हो चुके एवं पके हुए सफेद मोतियाबिंद में अलग-अलग नवीन सुरक्षित तकनीकों का प्रदर्शन किया जिसे झारखंड के नेत्र चिकित्सकों एवं सभी शिक्षण संस्थाओं के नेत्र विभाग के छात्रों ने देखा और सिखा।

**दूसरे सत्र में मिनीमली इनवेसिव ग्लूकोमा सर्जरी तकनीक का प्रदर्शन :** डेफर्ड लाइव सर्जरी के दूसरे ग्लूकोमा सत्र में डॉ. साहेबान सेठी ने ग्लूकोमा सर्जरी की मिनीमली इनवेसिव ग्लूकोमा सर्जरी (एमआईजीएस) नई तकनीक को प्रदर्शित किया। यह नई तकनीक भारत में ग्लूकोमा रोगियों के लिए एक क्रांतिकारी आशा की किरण के रूप में उभरी है। यह मौजूदा पारंपरिक ग्लूकोमा सर्जरी की तुलना में अत्यधिक सुरक्षित है, इसमें आंख कम चोटिल होता है जिससे रिकवरी जल्दी होता है। इस सर्जरी को हम ग्लूकोमा के प्रारम्भिक अवस्था में ही कर सकते है ताकि हम आंख की रौशनी जाने से बचा सकें, जबकि अब तक की पारंपरिक सर्जरी में प्रारम्भिक अवस्था में हम सर्जरी नहीं करते। झारखंड के सैकड़ो नेत्र विशेषज्ञों के साथ इस नई तकनीक, एमआईजीएस को करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण सुझाव और तकनीक साझा की गयी।

डेफर्ड लाइव सर्जरी के तीसरे रेटिना सत्र में आखों के पर्दे के बीच के भाग मैक्यूला में हुए छेद की जटिल सर्जरी का प्रदर्शन किया गया। डेफर्ड लाइव सर्जरी के चौथे सत्र में झारखंड के प्रख्यात नेत्र सर्जन डॉ. बी पी कश्यप के द्वारा आईपीसीएल के प्रत्यारोपण के तकनीक से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव साझा किया गया। हाई माइनस पावर या पतले कॉर्निया या सूखी आंखों के ऐसे मरीजों में आईपीसीएल प्रत्यारोपण लाभप्रद होता है जिनका लासिक लेसर के द्वारा माइनस पॉवर कम नहीं किया जा सकता है। डेफर्ड लाइव सर्जरी के पांचवें लीड सर्जरी सत्र में डॉ. अक्षय नायर के द्वारा झुकी हुई पलक की आधुनिक एमएमसीआर सर्जरी का प्रदर्शन किया गया।

### ईडी की कार्रवाई के ...

यह जमीन हेमंत सोरेन की है और इसी पर विश्वास करते हुए ईडी जांच कर रही है। इस केस में सोरेन के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है। दूसरी तरफ ईडी की ओर से पक्ष रखते हुए असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा था कि हेमंत सोरेन की इस याचिका को खारिज किया जाना चाहिए, क्योंकि उनके खिलाफ एजेंसी के पास पर्याप्त सबूत हैं। उन्होंने रांची के बड़गाईं अंचल में साढ़े आठ एकड़ जमीन पर राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के सहयोग से कब्जा कर रखा था। इसपर बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी थी, जिसका नक्शा उनके करीबी विनोद सिंह ने हेमंत सोरेन को व्हाट्सएप पर शेयर भी किया था। ईडी की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि कार्रवाई शुरू होने के बाद हेमंत सोरेन ने अपने पावर का इस्तेमाल कर जमीन कब्जे से संबंधित साक्ष्य भी नष्ट करने की कोशिश की। उन्हें ईडी ने 10 बार समन किया, लेकिन वे केवल दो बार उपस्थित हुए। कुल मिलाकर, हेमंत सोरेन के खिलाफ शेड्यूल ऑफेंस का मामला बनता है। गौरतलब है कि सोरेन को विगत 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। सोरेन ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी एसएलपी दायर की है, जिस पर 29 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होनी है।

### हाईकोर्ट ने हेमंत को छह ...

अदालत ने चाचा के अंतिम संस्कार एवं क्रिया कर्म में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन की 13 दिनों की मांगी गई प्रोविजनल बेल को नामंजूर कर दिया था।

### बढ़ती आबादी से...

और खराब हो जाती हैं औद्योगिक शोषण जैसे जीवाश्म ईंधन निष्कर्षण, कृषि, खनन, कटाई, चराई, फैक्ट्री फार्म और फार्मास्यूटिकल्स पानी की गुणवत्ता को बर्बाद कर देते हैं।इन खतरों का सामना करते हुए, और इस तथ्य से कि हमारे ग्रह का केवल 2.5 प्रतिशत पानी ताजा है (और उसमें से अधिकांश ग्लेशियरों में बंद है), इस जीवन देने वाले संसाधन की सुरक्षा अधिक जरूरी नहीं हो सकती है। जैयरे और कनाडा के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा पानी भारत में है। अभी भी समय है कि हम चेतें और अपने पानी के स्रोतों को अक्षय ही बनाए रखें। एक सदी पहले हम देशी तरीके से पानी का ज्यादा बेहतर संरक्षण करते थे। लेकिन नई जीवनशैली के नाम पर हम उन सब बातों को भूल गये। हम भूल गये कि कुछ ही दशक पहले तक हमारी नदियों में कल-कल करके शुद्ध जल बहता था। अब ऐसा नहीं रहा। तथाकथित विकास की दौड़ में शुद्ध पानी और इसके स्रोत प्रदूषित होते चले गये। अनियंत्रित और नासमझी से भरे विकास ने नदियों को प्रदूषित और विषाक्त कर दिया।






# कांग्रेस नेताओं में शर्म और गरिमा होती तो ऐसी बात न करते : जोशी

**एजेंसी। हुबली**

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सांसद प्रज्वल रेवन्ना मामले में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया वही कर रहे हैं जो वह करना चाहते हैं। देर से एफआईआर दर्ज होने को लेकर प्रल्हाद जोशी ने कहा कि कर्नाटक सरकार इतने दिनों तक आराम से सो रही थी और अब भाजपा पर सवाल उठा रही है। अगर उनमें शर्म और गरिमा बची होती तो वे इस तरह की बातें नहीं करते। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि क्या सीएम और डिप्टी सीएम को नहीं पता कि सांसदों को डिप्लोमैटिक वीजा और पासपोर्ट मिलते हैं? एक ही व्यक्ति पर बहुत



सारे आरोप लगते हैं, पत्र लिखने की बात इतनी स्पष्ट नहीं है, इस बात का सबूत होना चाहिए था। जेडीएस और बीजेपी गठबंधन में है। हम जेडीएस को नहीं चला रहे। उन्होंने आगे कहा कि क्या कांग्रेस नेता दिनेश गुंडुराव ने सपना देखा था कि जोशी को सब कुछ पता है? उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि वह राहुल गांधी की तरह बात कर रहे हैं। बता दें कि प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है।

### मतदान के दिन मुंबई मेट्रो ने यात्रियों के लिए रखा खास ऑफर

**मुंबई।** मुंबई में लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के दिन 20 मई को मुंबई उपनगरों में मेट्रो लाइन 2ए और 7 के यात्रियों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। मुंबई 1 कार्ड, पेपर क्यूआर और पेपर टिकटों का उपयोग करने वाले मुंबई मेट्रो के यात्रियों को बेस किराए पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट के साथ मतदान केंद्रों तक यात्रा करने और मतदान के बाद घर लौटने का विशेषाधिकार प्राप्त होगा।

# चौथे चरण में 96 सीटों के लिए 1717 उम्मीदवार मैदान में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए मतदान होगा, जिसके लिए कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग के अनुसार चौथे चरण के मतदान के लिए कुल 4,264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनकी जांच-पड़ताल के बाद 1970 नामांकन वैध पाए गए। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी। 253 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

इस चरण में तेलंगाना में 17 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 1,488 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद 25




संसदीय क्षेत्रों से 1,103 नामांकन के साथ आंध्र प्रदेश का स्थान था। तेलंगाना में 7-मलकजगिरी संसदीय क्षेत्र में अधिकतम 177 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। इसके बाद उसी राज्य में 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में प्रत्येक में 114 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। चौथे चरण के लिए एक लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

### इस चरण में इन सीटों पर होगा मतदान

**आंध्र प्रदेशः** दक्षिणी राज्य की सभी 25 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इनमें अमलापुरम, अनाकापल्ले, अनंतपुर, अराकू, बापटला, चित्तूर, एलुरु, गुंटूर, हिंदूपुर, कडपा, काकीनाडा, कुरनूल, मछलीपट्टनम, नंदयाल, नरसरावपेट, नरसापुरम, राजमपेट, श्रीकाकुलम, तिरुपति, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और विजयनगरम शामिल हैं।

**बिहारः** राज्य की पांच सीटों जिनमें बेगूसराय, दरभंगा, मुंगेर, समस्तीपुर और उजियारपुर शामिल हैं। इन पर 13 मई को मतदान होगा।

**जम्मू-कश्मीरः** श्रीनगर के लोग 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**मध्य प्रदेशः** यहां 29 में से आठ सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें देवास, धार, इंदौर, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, रतलाम और उज्जैन शामिल हैं।

**झारखंडः** खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में सोमवार (13 मई) को मतदान होगा।

**महाराष्ट्रः** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 48 लोकसभा सीटों में से 11 पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अहमदनगर, औरंगाबाद, बीड, जलगांव, मावल, नंदुरबार, पुणे, रावेर, शिरडी और शिरूर शामिल हैं।

**ओडिशाः** बरहामपुर, कालाहांडी, कोरापुट और नबरंगपुर चार सीटों पर इस चरण में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

**तेलंगानाः** चौथे चरण में सभी 17 सीटों (आदिलाबाद, भोंगिर, चेवेल्ला, हैदराबाद, करीमनगर, खम्मम, महबूबाबाद, महबूबनगर, मल्काजगिरी, मेडक, नागरकुर्नूल, नलगोंडा, निजामाबाद, पेद्दापल्ले, सिकंदराबाद, वारंगल और जहीराबाद) पर मतदान होगा।

**उत्तर प्रदेशः** उप्र में 13 मई को 13 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अकबरपुर, बराइच, धौरहरा, इटावा, फरुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, सीतापुर, शाहजहांपुर और उन्नाव शामिल हैं।

**पश्चिम बंगालः** पश्चिम बंगाल की आठ सीटों पर मतदान होगा। इनमें आसनसोल, बहरामपुर, बर्धमान, दुगार्पुर, पुरबा, बीरभूम, बोलपुर, कृष्णानगर और राणाघाट शामिल हैं।

### शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लेने आया हेलीकाप्टर क्रैश



**मुंबई।** रायगढ़ जिले के महाड में शुक्रवार को सुबह शिवसेना (यूबीटी) की नेता सुषमा अंधारे को सभा में ले जाने आया हेलीकॉप्टर अचानक क्रैश हो गया। हादसे के वक्त सुषमा अंधारे हेलीकॉप्टर में नहीं थीं, इसलिए वे बाल-बाल बच गईं। साथ ही हेलीकाफ्टर का पायलट और उनके सहायक भी सुरक्षित हैं। हेलीकाफ्टर क्रैश होने की छानबीन की जा रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुषमा अंधारे और उनके भाई विशाल गुप्ते बारामती में आयोजित सभा में शामिल होने वाली थीं। इसके लिए उन्हें लेने के लिए हेलीकाफ्टर सुबह नौ बजे महाड आया था।

# कांग्रेस को 50 से भी कम व तृणमूल को 15 सीटें भी नहीं मिलेंगी : मोदी

**एजेंसी। कोलकाता**

नदिया जिले के कृष्णानगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेता नरेन्द्र मोदी ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल को 15 सीटें भी नहीं मिलेंगी। कांग्रेस को इसबार 50 से कम सीटें मिलेंगी। ऐसी स्थिति में वे सरकार कैसे बनाएंगे? भाजपा ही सरकार बना सकती है।

नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल पर हमले तेज करते हुए कहा कि उसने गरीबों का राशन भी नहीं छोड़ा। हर जगह भ्रष्टाचार है। तृणमूल और इंडी गठबंधन से लोगों का भरोसा उठ गया है। हमारी सरकार मतुआ लोगों को न्याय देने के लिए सीएए



लाने की बात कर रही है। सभी को लगा कि तृणमूल सीएए का समर्थन करेगी लेकिन वे वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं। सीएए का विरोध कर रहे हैं। तृणमूल को पता होना चाहिए, वे सीएए को नहीं रोक पाएंगे। मतुआ को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसे कोई नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि एक समय पूरा बंगाल इंडस्ट्री के मामले में कितना आगे था लेकिन कांग्रेस, लेफ्ट और फिर तृणमूल ने सारे उद्योगों को बर्बाद कर दिया। जहां तोलाबाजी हो, दंगे हों, वहां निवेश करने कौन आएगा? आप जानते हैं कि कांग्रेस ने देश का विभाजन धर्म के आधार पर किया। इसमें हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई साथियों का क्या दोष था, जो बॉर्डर के उस पार रह गए। ऐसे हर व्यक्ति की पीड़ा दूर करने के लिए ही हमारी सरकार ने सीएए लाने का साहस किया लेकिन तृणमूल इसका सबसे ज्यादा विरोध कर रही है। बंगाल में तोलाबाजी (रंगदारी वसूली) और दंगे की संस्कृति है। यहां कौन निवेश करना चाहेगा।

मोदी को ज्यादा एमपी इसलिए चाहिए ताकि वो हर संसदीय क्षेत्र को आगे बढ़ा सके। आज देश में कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, गांव, गरीब, किसान और महिलाओं से जुड़े कितने काम हो रहे हैं। अगर आपके यहां भाजपा-एनडीए के सांसद होंगे तो और तेजी से विकास होगा।

# अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं : प्रियंका गांधी

**एजेंसी। अमेठी**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को अमेठी के कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के बारे में कहा कि किशोरी लाल जी अमेठी के गांव-गांव को जानते हैं। सभी को पहचानते हैं और लंबे समय से यहां का कामकाज देख रहे हैं। पूरा विश्वास है कि आप सभी उन्हें जीत दिलाएंगे। हम अमेठी में सच्चाई की राजनीति के लिए आए हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का हालचाल पूछा और उनसे जीत के लिए काम करने की अपील भी की। प्रियंका ने



कहा कि भाजपा के लोग धनबल से चुनाव लड़ते हैं, हम जनता के बल पर जीत हासिल करेंगे।

इस दौरान प्रियंका ने कहा कि हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। अब मौका आ गया है कि हम सब इस पूरे देश में एक संदेश दें कि हम सेवा की राजनीति वापस चाहते हैं। ये आपका चुनाव है, आप लड़ेंगे, आप जिताएंगे।

प्रियंका ने कहा कि मुझे रायबरेली में भैया (राहुल) के नामांकन में शामिल होना है, इसलिए मैं थोड़ी जल्दी में हूं। किशोरी लाल अमेठी से चुनाव लड़ रहे हैं। आप इन्हें पिछले 40 साल से जानते हैं। वह अमेठी के मुद्दों से अच्छी तरह से जानते हैं। किशोरी लाल शर्मा को आप जीत दिलाएंगे।

इससे पहले प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि किशोरी लाल शर्मा से हमारे परिवार का वर्षों का नाता है। अमेठी, रायबरेली के लोगों की सेवा में वे हमेशा मन-प्राण से लगे रहे। उनका जनसेवा का जज्बा अपने आप में एक मिसाल है। आज खुशी की बात है कि किशोरी लाल को कांग्रेस पार्टी ने अमेठी से उम्मीदवार बनाया है। किशोरी लाल की निष्ठा और कर्तव्य के प्रति उनका समर्पण अवश्य ही उन्हें इस चुनाव में सफलता दिलाएगा।

# लालू ने 'शब्दों' के जरिए पीएम पर कसा तंज

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनके कथित पसंदीदा शब्दों को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि वे नौकरी-रोजगार, गरीबी-किसानी जैसे शब्द भूल गए हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सोशल साइट एक्स पर देशवासियों को संबोधित करते हुए लिखा कि हिंदी भाषा में आज लगभग 1.5 लाख शब्द बताये जाते हैं तथा अध्ययन की सभी शाखाओं में तकनीकी शब्दों को मिलाकर लगभग 6.5 लाख शब्द हैं। उन्होंने आगे लिखा, लेकिन, देश के प्रधानमंत्री के सबसे पसंदीदा शब्द हैं: पाकिस्तान, श्मशान, कब्रिस्तान, हिन्दू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद, मछली-मुगल, मंगलसूत्र, गाय-भैंस।

### पीएम के दरभंगा दौरे पर तेजस्वी का तंज

**दरभंगा।** राजद नेता तेजस्वी ने पीएम के दरभंगा दौरे को लेकर तंज कसा है। उन्होंने दरभंगा में अब तक एम्स नहीं बनाए जाने को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि लगता है मोदी एम्स का निरीक्षण करने आ रहे हैं। दरभंगा में शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब हमारी 17 महीने बिहार में सरकार थी, तब हम लोगों ने दरभंगा एम्स निर्माण के लिए जमीन भी उपलब्ध करा दी थी। जिससे दरभंगा शहर का विकास भी होता। दरभंगा में भी वे कब्रिस्तान-श्मशान, हिंदू-मुसलमान की ही बात करेंगे। उन्होंने दरभंगा हवाई अड्डे की चर्चा करते हुए कहा कि हवाई अड्डा का टर्मिनल अभी तक ढंग से बनकर तैयार नहीं हुआ है। हवाई जहाज आ रही है, लेकिन दरभंगा में देश का सबसे महंगा टिकट मिलता है।

# भारत के चुनाव में हस्तक्षेप न करे पाक : मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

**एजेंसी। बरेली**

भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी की ओर से की गई टिप्पणी पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात का बयान सामने आया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि भारत में लोकसभा चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत हो रहे हैं।



इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया एक स्वतंत्र संस्था है, जो निष्पक्ष चुनाव करा रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पाकिस्तान के पूर्व मंत्री के जरिए भारत में हो रहे चुनाव को प्रभावित करना चाहती है, लेकिन भारत का मुसलमान और यहां की आम जनता पाकिस्तानी हुकूमत की इस साजिश को नाकाम कर देगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी हुकूमत भारत के चुनाव में हस्तक्षेप न करे। यह हमारा अंदरुनी मामला है।

## जंगे मैदान

### रामवीर सिंह विधूड़ी ने दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से किया नामांकन

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर उनके साथ



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा और कई अन्य नेता मौजूद रहे। इससे पहले लाडो सराय से साकेत तक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समर्थक ढोल ताशे के साथ पहुंचे। इस सीट से रामवीर सिंह विधूड़ी का मुकाबला आम आदमी पार्टी के सही राम पहलवान से है। नामांकन के बाद रामवीर सिंह विधूड़ी ने दावा किया कि उनकी जीत के साथ भाजपा इस बार दिल्ली की सभी सीटें जीतेगी।

### कांग्रेस के अमेठी से केएल शर्मा ने किया नामांकन



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा ने शुक्रवार को अपना नामांकन कर दिया। नामांकन से पहले कांग्रेस कार्यालय से रोड शो निकालते हुए वह कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। केएल शर्मा को गांधी परिवार करीबी माना जाता है। वह मूल रूप से पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आए थे। तब से वह यहीं के होकर रह गए।

### गोपालगंज में गधे पर सवार होकर नामांकन भरने पहुंचा निर्दलीय प्रत्याशी

**गोपालगंज।** बिहार में लोकसभा चुनाव के बीच गोपालगंज से अजीबो-गरीब तस्वीर सामने आई है। जहां एक निर्दलीय प्रत्याशी सत्येंद्र बैठा गधा पर सवार होकर



जिलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में नामांकन करने पहुंचे। बैठा ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद नेता अगले पांच सालों तक जनता को मूर्ख और बेवकूफ बनाते रहते हैं। गोपालगंज के किसी नेता ने 30-40 सालों में किसी तरह का विकास नहीं किया है, बल्कि अपने घरों का ही विकास किया है।

## ईसीआई ने जारी किया राज्यों और यूटी को निर्देश

# 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' दें वरना होगी कार्रवाई

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव लड़ने वालों को कई राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों में कई कारणों से नोड्यूज सर्टिफिकेट मिलने में देरी हो रही है। इसके पीछे कुछ जगह ब्यूरोक्रेसी की अड़ंगेबाजी व कुछ जगह पुष्पा पत्रम् मामले की चर्चा है। शिकायत मिलने पर भारत के चुनाव आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को निर्देश जारी किया है कि सभी राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को समय से 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' जारी करें। इस बारे में सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में ईसीआई ने




लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 33 अ के अनुसार आवश्यक फॉर्म 26 में एक शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के महत्व पर जोर दिया। आयोग ने कहा कि कोई भी कॉलम न छूटे और फॉर्म पूरा हो।चुनाव आयोग ने पिछले 10 वर्षों में सरकारी आवास में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए किराया, बिजली बिल, पानी बिल और टेलीफोन बिल सहित सरकारी बकाया की भी जानकारी देने को कहा है। वहीं 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' पर चुनाव अधिसूचित होने वाले महीने से तीसरे महीने की आखिरी तारीख या उसके बाद की कोई तारीख नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने बताया कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन करने की अंतिम तिथि पर दोपहर 3 बजे तक शपथ पत्र के साथ 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' जमा किया जाना चाहिए। सभी बकाया चुकाने के बाद भी 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' हासिल न करने पर जांच के दौरान उम्मीदवार की उम्मीदवारी अस्वीकार कर दी जा सकती है। चुनाव आयोग का निर्देश 2024 के मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान हुए कुछ घटनाक्रम के बाद आया है, जहां उम्मीदवारों को सभी बकाया चुकाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों से 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। चुनाव आयोग ने चुनावी लोकतंत्र के सिद्धांतों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया में व्यवधानों से बचने के लिए इन प्रमाणपत्रों को समय पर जारी करने के महत्व पर जोर दिया। वहीं जिन उम्मीदवारों की शिकायत इस संबंध में आ रही है, ऐसे में उनसे निपटने के लिए एक व्यवस्था बनाई जाएगी, जिससे समय पर उम्मीदवारों को 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' मिले। ईसीआई ने सुचारू चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित विभागों, अधिकारियों और एजेंसियों से इन निर्देशों का तत्काल पालन करने को कहा।

### चुनाव प्रचार खर्च में विसंगति पाये जाने पर सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार को नोटिस

**मुंबई।** पुणे जिले में बारामती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी कविता द्विवेदी ने दो उम्मीदवारों, सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार को चुनाव खर्च में विसंगति पाये जाने पर नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में दोनों उम्मीदवारों को दो दिन तक खुलासा करने का आदेश दिया है। यदि दो दिन के भीतर इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो इस विसंगति को स्वीकार्य मानकर यह व्यय उनके खाते में दर्शा दिया जाएगा। बारामती निर्वाचन क्षेत्र में वरिष्ठ नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की उम्मीदवार हैं। सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की पत्नी हैं। दोनों बारामती संसदीय क्षेत्र में आमने-सामने चुनाव लड़ रही हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com